www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 2 जून , 2024

वर्ष – 17 | अंक –57 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य
अब्बा पृष्ठ 06

लोकसभा चुनाव में कई नए चेहरों को मिली राजनीतिक पहचान पृष्ठ 10

योजना सेना में भर्ती होने के इच्छुक देशभक्त युवकों ... पृष्ठ 02

■ चार गिरफ्तार, 4 लाख, 9 मोबाइल, डेबिट कार्ड, चेक...
■ ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कर श्रीलंका से लौटे ... 03

■ भारत के साथ रक्षा संबंध बेहद मजबूत : अमेरिका
■ ईरान ने की नए यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों की निंदा 07


## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी ने 45 घंटे की ध्यान साधना



**कन्याकुमारी।** प्रधानमंत्री मोदी ने कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की ध्यान साधना की। वे 30 मई की शाम कन्याकुमारी पहुंचे थे। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के सामने ध्यान लगाया। उन्होंने विवेकानंद शिला के पास स्थित तमिल कवि तिरुवल्लुवर की 133 फीट ऊंची प्रतिमा के दर्शन किए। उन्हें नमन किया। इसके बाद वे दोपहर तीन बजे विवेकानंद रॉक मेमोरियल से बाहर निकले।

### कटरा में तंबाकू की बिक्री व सेवन पर रोक




**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के पवित्र कटरा शहर के उप-मंडल में प्रशासन ने सभी तरह के तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने, रखने और सेवन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रियासी के उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए शनिवार को इस संबंध में एक आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, कटरा शहर श्री माता वैष्णो देवी का आधार शिविर है और हर साल एक करोड़ से अधिक लोग यहां आते हैं। कटरा शहर की धार्मिक पवित्रता को देखते हुए कटरा शहर के आठ किलोमीटर के दायरे में शराब और मांस की बिक्री करने, रखने और सेवन पर पहले से ही प्रतिबंध है और अब तंबाकू पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

### यौन शोषण के आरोप में सीआरपीएफ के डीआईजी बर्खास्त



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के एक डीआईजी को कुछ महिला कर्मियों द्वारा लगाए गए यौन दुराचार के आरोपों के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय से 30 मई को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और पूर्व खेल अधिकारी खजान सिंह के खिलाफ सेवा से बर्खास्तगी का आदेश जारी किया गया। आदेश में कहा गया है कि सेवा से बर्खास्तगी 31 मई से प्रभावी है।

### कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 72 रुपए सस्ता



**नई दिल्ली।** शनिवार को देश की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों को एक बार फिर घटाया है। दिल्ली में 19 किलो का कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 69.50 रुपए तक कम हो जाएगा, कोलकाता की बात करें तो यहां सिलेंडर के दाम 72 रुपए कम हो जाएंगे, मुंबई में 69.50 रुपए और चेन्नई में 70.50 रुपए दाम सस्ते हो जाएंगे। यह लगातार तीसरा महीना है जब कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का रेट घटाया गया है, लेकिन कंपनियों ने 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर की कीमतों में अभी कोई बदलाव नहीं किया है।

# चुनावी चक्रव्यूह की अंतिम लड़ाई में 59 फीसदी से अधिक मतदान

## पश्चिम बंगाल फिर रहा मतदान में सबसे आगे, बिहार में सबसे कम वोट पड़े

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान संपन्न हो गया। इसी के साथ आम चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई। शनिवार को 7 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग हुई। देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59.45 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। निर्वाचन आयोग द्वारा रात 8.45 बजे बजे उपलब्ध कराई सूचना के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान की गति के मामले में आगे रहा और वहां सर्वाधिक 69.89 प्रतिशत वोट डाले गए। बिहार में मत प्रतिशत 50.79 रहा। उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर 55.60 फीसदी वोट डाले गए। वहीं ओडिशा की 6 लोकसभा सीटों पर 63.57 फीसदी और हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा सीटों पर 67.53 फीसदी वोट डाले गए। झारखंड की तीन सीटों पर 69.59 फीसदी मतदान हुआ। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में एक सीट पर 62.80 फीसदी वोट डाले गए। लोकसभा की 543 सीटों पर सात चरणों में हुए मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो गई। मतगणना चार जून को होगी। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के परिणाम आज आएंगे। दोनों राज्यों में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के साथ 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। अरुणाचल प्रदेश में 50 सीटों के लिए हुए मतदान में 133 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य में 83 प्रतिशत मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग ने अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद को संपन्न कराने के लिए मतदान मशीनरी और इसमें शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



- आठ राज्यों की 57 सीटों पर हुआ मतदान
- चार राज्यों की नौ विस सीटों पर भी उपचुनाव के लिए हुई वोटिंग
- सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के नतीजे आज

### छह चरणों के आंकड़े

| | |
|---|---|
| फेस-1 | 66.14 फीसदी |
| फेस-2 | 66.71 फीसदी |
| फेस-3 | 65.68 फीसदी |
| फेस-4 | 69.16 फीसदी |
| फेस-5 | 62.20 फीसदी |
| फेस-6 | 63.37 फीसदी |

### वोटिंग खत्म होने पर चुनाव आयोग ने जताया आभार



सातवें फेज की वोटिंग खत्म होने के बाद चुनाव आयोग ने कहा कि अलग-अलग चुनौतियों के बाद भी मतदान करने पहुंचे मतदाताओं के प्रति मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू सहित पूरा चुनाव आयोग परिवार कृतज्ञ है। आयोग ने बताया कि वे सभी मतदाताओं को धन्यवाद और प्रशंसा देना चाहते हैं। मतदाताओं ने वोटिंग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदाता इस बार भी संविधान संस्थापकों के सपने पर खरे उतरे। चुनाव आयोग ने सभी स्टेकहोल्डर्स-वोटर्स, पोलिंग अधिकारियों, सुरक्षाबलों, मीडिया और पॉलिटिकल पार्टियों को धन्यवाद दिया।

चुनाव नतीजों को लेकर खड़गे का दावा

# इंडिया को मिल रहीं 295 से अधिक सीटें

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस ने इंडिया को कम से कम 295 सीटें मिलने का दावा किया। यह ऐलान गठबंधन की बैठक के बाद किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बैठक ढाई घंटे से ज्यादा चली। हमने चुनाव पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमने चुनाव के दौरान हुई कमजोरियों और ताकत पर चर्चा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि इंडिया गठबंधन की 295 और उससे ज्यादा सीटें आएंगी। इससे कम तो नहीं आएंगी, यह हमने आकलन किया है। उन्होंने कह कि हमारे सभी नेताओं से पूछने के बाद यह आंकड़ा मिला है और इस आंकड़े में कोई बदलाव नहीं है।



चुनाव के दौरान कमजोरियों व ताकत पर हुई चर्चा : खड़गे

बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में सबसे ज्यादा विचार इसी मुद्दे पर हुआ है कि मतगणना के दिन कैसी रणनीति रखनी है। इसको लेकर सभी दलों की नेताओं ने अपने विचार रखे। खड़गे ने कहा कि बैठक में यह भी तय हुआ है कि चुनाव के दिन किस तरह की सतर्कता बरतनी है और अपनी बात को रखना है। उनका कहना था कि इंडिया समूह के सभी दल अपने कार्यकर्ताओं को इसके लिए तैयार कर रहे हैं। बैठक के दौरान एक बड़ा फैसला लिया गया है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बताया कि टीवी चैनलों पर होने वाली एग्जिट पोल की बहसों में अब कांग्रेस भी हिस्सा लेगा। कांग्रेस भी खुलकर अपना पक्ष रखेगा। बता दें, कांग्रेस ने एक दिन पहले ही टीवी चैनलों पर शनिवार को होने वाली एग्जिट पोल की बहसों में शामिल होने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि टीआरपी के खेल में हमें शामिल नहीं होना है। इसके अलावा, बैठक के बाद खड़गे ने मीडिया कों संबोधित किया। बैठक में कांग्रेस से मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी आदि मौजूद रहे।

फिर बढ़ सकती हैं राहुल की मुश्किलें

# मानहानि केस में सात जून को अदालत में पेशी का फरमान

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर मुश्किलों में फंस सकते हैं। सात जून को उन्हें मानहानि मामले में बंगलूरू की अदालत में पेश होने के लिए कहा गया है। भाजपा नेता ने राहुल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 22 अप्रैल को अपना आधिकारिक बंगला खाली कर दिया। कहा कि यह सच बोलने के लिए चुकाई गई कीमत है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन तक 10 जनपथ पर अपनी मां के आवास पर रहेंगे। इससे पहले, 27 मार्च को लोकसभा सचिवालय ने पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी को 22 अप्रैल तक अपना आधिकारिक आवास खाली करने को कहा था। गौरतलब है कि 2019 में मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में 23 मार्च को सूरत की सीजेएम कोर्ट ने धारा 504 के तहत राहुल को दो साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, कोर्ट ने फैसले पर अमल के लिए 30 दिन की मोहलत दे दी। इसके साथ ही उन्हें तुरंत जमानत भी दे दी थी। दरअसल, 2019 लोस चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार की एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है।



### अग्निपथ योजना को लेकर राष्ट्रपति को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना को लेकर नाराजगी जताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। इस पत्र में राहुल गांधी ने लिखा कि अग्निपथ योजना में एक बड़ी कमी है और वो यह है कि इस योजना में सैनिकों का एक 'निम्न' कैडर बनाया जा रहा है, जिसे सामान्य सैनिकों की तरह ही काम करने की उम्मीद की जाती है, लेकिन उसे सैलरी और अन्य सुविधाएं कम मिल रही हैं।

# केजरीवाल को जाना होगा जेल

**नई दिल्ली,** 1 जून (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 2 जून को जेल जाना ही होगा। राऊज एवेन्यु कोर्ट ने 1 जून को मेडिकल ग्राउंड पर जमानत याचिका पर सुनवाई की। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने फैसला 5 जून तक के लिए सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल ने 7 दिन की जमानत मांगी थी, ताकि वे अपने मेडिकल टेस्ट करवा सकें। लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट में उनकी अपील का विरोध किया। केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी, जो 1 जून को खत्म हो रही है। 2 जून को उन्हें सरेंडर करना होगा।

**ईडी ने अंतरिम जमानत पर जताई आपत्ति**

ईडी ने शनिवार को उनकी अंतरिम जमानत पर विरोध जताते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट केजरीवाल की याचिका पर विचार नहीं कर सकता, क्योंकि ट्रायल कोर्ट अंतरिम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश में संशोधन नहीं कर सकता। ईडी की और से पेश सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कहा केजरीवाल ने घोषणा की थी कि वह आत्मसमर्पण करने जा रहे हैं। क्या वह जोखिम उठाकर आत्मसमर्पण कर रहे हैं मैं पूछना चाहता हूं कि क्या उनका बयान वास्तविक था हमें प्रारंभिक आपत्तियां हैं। उनके स्वास्थ्य के बारे में गलत बयान दिए गए हैं, उन्हें दबाया गया है हमें अंतरिम जमानत दाखिल करने पर भी आपत्ति है। यह अदालत सुप्रीम कोर्ट के आदेश में संशोधन नहीं कर सकती। हालांकि कोर्ट में केजरीवाल के वकील ने कहा कि वे बीमार हैं और उन्हें इलाज की जरूरत है। हालांकि कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसला 5 जून तक सुरक्षित रख लिया है। अरविंद केजरीवाल के वकील एन हरिहरन ने कोर्ट में कहा कि अंतरिम जमानत पार्टी के लिए प्रचार करने के मकसद से दी गई थी, क्योंकि आम आदमी पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी है। केजरीवाल 20 दिनों के लिए बाहर हैं और अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया होता, तो आप कहता कहते कि देखिए उन्होंने प्रचार नहीं किया और बीमार हो गए।



- कोर्ट से नहीं मिली राहत, अंतरिम जमानत पर फैसला पांच जून को
- ईडी ने कहा, केजरीवाल ने सेहत को लेकर झूठा दावा किया

### जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई कल

*सुप्रीम कोर्ट दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में हालिया जल संकट को लेकर हरियाणा को अतिरिक्त पानी छोड़ने के निर्देश देने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत की सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति पी.के.मिश्रा और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की अवकाश पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है। दिल्ली सरकार की याचिका में हरियाणा को दिल्ली को दिए जाने वाले अतिरिक्त पानी को जारी करने की मांग की है ताकि राजधानी दिल्ली में चल रहे जल संकट से निपटा जा सके।*

# नोटिस के बावजूद घर पर नहीं मिलीं भवानी रेवन्ना

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार जेडीएस सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना की मुश्किलें भी बढ़ने वाली हैं। प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा महिला का अपहरण और यौन उत्पीड़न करने के मामले में एसआईटी शनिवार को प्रज्ज्वल की मां भवानी रेवन्ना से पूछताछ के लिए होलेनरसिपुर स्थित उनके आवास पर पहुंची। हालांकि भवानी एसआईटी टीम को घर पर नहीं मिली। इसके बाद एसआईटी टीम ने इंतजार करने का फैसला किया, लेकिन शाम तक भी जब भवानी रेवन्ना घर नहीं पहुंची तो एसआईटी की टीम लौट आई। सूत्रों के मुताबिक अब भवानी रेवन्ना के पूछताछ के लिए नहीं मिलने पर एसआईटी उनकी तलाश के लिए टीमों का गठन करने पर विचार कर रही है। कर्नाटक यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार प्रज्ज्वल रेवन्ना पर एक महिला को अगवा करने और कथित तौर पर उसका यौन शोषण करने का आरोप है। इसी मामले में भवानी भी आरोपी हैं।



- एसआईटी करेगी तलाश के लिए टीमें गठित
- कर्नाटक यौन उत्पीड़न मामला


### कोर्ट ने खारिज कर दी थी अग्रिम जमानत याचिका

दरअसल यौन उत्पीड़न मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने भवानी रेवन्ना को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था। नोटिस के तहत 1 जून को भवानी से पूछताछ की बात कही गई थी। इस नोटिस के खिलाफ भवानी ने अदालत का रुख किया था, लेकिन वहां से उन्हें निराशा हाथ लगी। एसआईटी के नोटिस के खिलाफ भवानी रेवन्ना की याचिका को कोर्ट ने याचिका खारिज कर दिया था। प्रज्ज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो के मामले में उसके पिता एचडी रेवन्ना भी गिरफ्तार हो चुके हैं और फिलहाल जमानत पर हैं।

पुणे पोर्श मामले में आया नया मोड़

# नाबालिग आरोपी की मां गिरफ्तार

**पुणे,** 1 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में पुणे पोर्श मामले ने एक नया मोड़ ले लिया है। नाबालिग आरोपी के पिता और दादा के बाद अब उसकी मां को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने इसकी जानकारी दी। दरअसल, इस मामले में नाबालिग के खून के नमूने को उसकी मां के खून के नमूने से बदल दिया गया था। जांच के लिए बेटे की जगह अपना ब्लड सैंपल देने के आरोप में मां को गिरफ्तार किया गया है। खून के नमूने बदलने के आरोप में दो डॉक्टरों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है।



- बेटे से ब्लड सैंपल बदलने का आरोप
- पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की

### पोर्श कार की टक्कर से दो की हुई थी मौत

पुणे शहर में 18-19 मई की दरम्यानी रात को पोर्श कार से 17 साल के लड़के ने बाइक को टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अपना संतुलन खोकर काफी दूर तक सड़क पर घिसटते चली गई, जिससे उस पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# बिश्नोई गिरोह के चार सदस्य दबोचे

**मुंबई,** 1जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को लगातार खतरा बना हुआ है। उन पर एक बार फिर से हमला करने की साजिश रची जा रही थी। हालांकि, मुंबई पुलिस ने इस कोशिश को नाकाम कर दिया। नवी मुंबई पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चारों आरोपी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य हैं। नवी मुंबई पुलिस ने बताया कि आरोपी पनवेल में सलमान खान की कार पर हमला करने की साजिश रच रहे थे। कार को छलनी करने के लिए पाक से सप्लायर के जरिए हथियार मंगवाने की भी साजिश रची जा रही थी।



- सलमान पर हमला करने की थी साजिश
- पाकिस्तान से मंगवा रहे थे हथियार

**मौसम** *दिल्ली समेत 14 राज्यों में लू का अलर्ट*

# चार दिन में सात राज्यों में 320 से अधिक की गई जान

**नई दिल्ली, 1जून (एजेंसियां)। देश में गर्मी और हीटस्ट्रोक से पिछले चार दिन में 320 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। पिछले तीन दिनों में उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा करीब 100 लोगों की जान गई है। बिहार में पिछले 3 दिनों में हीटवेव से 69 लोगों की मौत हुई। यूपी-बिहार में शुक्रवार को करीब 40 लोगों की मौत की खबर है। इनमें 25 लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारी और अधिकारी हैं।**

पिछले 4 दिन में राजस्थान में गर्मी के चलते 60, झारखंड में 37, ओडिशा में 18, मध्य प्रदेश में 2 और दिल्ली में एक व्यक्ति की मौत हुई। झारखंड के अस्पतालों में 1,326 लोग भर्ती हैं। कई स्थानों पर हीटस्ट्रोक से जुड़े वार्ड में जगह नहीं बची है। गत शुक्रवार को यूपी के मिर्जापुर में एक जून को मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा था। इस दौरान दोपहर में अचानक होमगार्ड, सिपाही, पीएसी के जवान और पैरामिलिट्री के जवान बेहोश होने लगे। कुछ पोलिंग पार्टी के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचकर बेहोश हो गए। आईएमडी के मुताबिक कानपुर में देश का सबसे ज्यादा तापमान 48.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, हरियाणा का सिरसा दूसरे नंबर पर रहा, यहां पारा 47.8 डिग्री रहा। आईएमडी ने शनिवार को कहा कि दिल्ली समेत पश्चिमोत्तर इलाकों चल रही लू की स्थिति अगले दो दिनों में धीरे-धीरे कम होने की संभावना है।



- मरने वालों में 25 चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी व अधिकारी

दिल्ली के कुछ इलाकों में हालांकि अगले दो दिनों तक लू की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार इस क्षेत्र में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आने के आसार है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश हो सकती है। दिल्ली में शनिवार को बादल छाए रहे। यहां पर अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। ओडिशा सरकार ने लोगों से कहा है कि सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक घर में ही रहें। यहां 13 जगहों पर पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। अगले तीन दिन तक ऐसे ही हालत रहने का अनुमान है।

# देश

उवाच "जेडी-एस सांसद और कथित सेक्स वीडियो कांड का मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना माफी के लायक नहीं हैं। अधिकारियों को सख्त जांच सुनिश्चित करनी चाहिए और प्रज्वल रेवन्ना को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। प्रज्वल रेवन्ना ने राज्य के लोगों से माफी क्यों मांगी है: **प्रल्हाद जोशी, नेता भाजपा**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 44.2 | 30.2 |
| मुंबई | 35.5 | 29.4 |
| कोलकाता | 35.4 | 27.2 |
| चेन्नई | 40.2 | 29.6 |

## रेमल चक्रवात से प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है राष्ट्र : मुर्मू

**राष्ट्र इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। मैं बचाव और राहत प्रयासों की सफलता के लिए प्रार्थना करती हूं और आशा करती हूं कि स्थिति जल्द से जल्द सामान्य हो जाएगी: द्रौपदी मुर्मू**



**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रेमल चक्रवात के कारण पश्चिम बंगाल, असम और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में हुई तबाही पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि आपदा की इस घड़ी में राष्ट्र प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। श्रीमती मुर्मु ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'चक्रवात रेमल ने पश्चिम बंगाल, असम, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों और तेलंगाना में भी भारी तबाही मचाई है। जान-माल के नुकसान के साथ-साथ बड़े पैमाने पर विस्थापन की खबरें परेशान करने वाली हैं। राष्ट्र इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। मैं बचाव और राहत प्रयासों की सफलता के लिए प्रार्थना करती हूं और आशा करती हूं कि स्थिति जल्द से जल्द सामान्य हो जाएगी।' उल्लेखनीय है कि रेमल चक्रवात से इन राज्यों में भारी तबाही हुई है और स्थिति सामान्य बनाने के लिए लगातार राहत और बचाव अभियान चलाए जा रहे हैं।

### धनखड़ ने चक्रवाती तूफान रेमल से जान माल की हानि पर दुख जताया

धनखड़ ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चक्रवर्ती तूफान 'रेमल' से जान माल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री धनखड़ ने शनिवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल, असम, उत्तर पूर्वी तेलंगाना में चक्रवर्ती तूफान रेमल से जान माल की हानि से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा, 'इस आपदा के बीच मैं पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं? और प्रभावित क्षेत्रों में हालात सामान्य होने की कामना करता हूं।'

राहुल की पत्र लिखकर मुर्मू से अग्निवीर योजना में हस्तक्षेप करने की मांग, कहा

## योजना सेना में भर्ती होने के इच्छुक देशभक्त युवकों के साथ अन्याय

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर अग्निवीर योजना को भेदभावपूर्ण तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए कहा है कि यह योजना सेना में भर्ती होने के इच्छुक देशभक्त युवकों के साथ अन्याय है, इसलिए उन्हें इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। श्री गांधी ने 31 मई को राष्ट्रपति को लिखा यह पत्र शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि श्रीमती मुर्मू चुनी हुई सरकार के नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती, लेकिन वह देश की तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर हैं। यह योजना अत्यंत गंभीर है इसलिए इस मुद्दे पर वह राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने का आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आपसे अपील करता हूं कि आप अपने प्रतिष्ठित कार्यालय का उपयोग अग्निवीर सैनिकों के साथ न्याय करने के लिए करें। आप सुनिश्चित करें कि अग्निवीर सैनिकों को हमारी मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले किसी भी सैनिक के समान लाभ मिले।' श्री गांधी ने कहा, 'माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी, अग्निपथ योजना में मूलभूत दोष – सैनिकों के एक 'कम' कैडर का निर्माण है जिसमें कम वेतन, कम लाभ हैं इसलिए समान कार्यों के लिए समान वेतन पर काम करने की उम्मीद की जाती है।' उन्होंने अपने पत्र में पंजाब के रामगढ़ सरदारन गांव के 23 साल के शहीद अग्निवीर अजय कुमार का जिक्र किया और कहा कि वह उनके गांव गए थे। यह बहादुर सैनिक नियंत्रण रेखा पर शहीद हुआ था और उनके परिवार के लोगों को उनकी शहादत पर गर्व है।



**श्रीमती मुर्मू चुनी हुई सरकार के नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती, लेकिन वह देश की तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर हैं। यह योजना अत्यंत गंभीर है इसलिए इस मुद्दे पर वह राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने का आग्रह कर रहे हैं: राहुल गांधी**

कांग्रेस नेता ने लिखा कि वह शहीद अजय कुमार की छह बहनों से भी मिले, लेकिन उन्हें यह सुनकर गहरा आघात पहुंचा कि शहीद अग्निवीर को शहादत पर वह सम्मान नहीं मिल रहा है जो अन्य सैनिकों को मिलता है। शहीद के परिजनों को सामाजिक सुरक्षा नहीं दी जा रही है, जो दुखद है इसलिए अग्निवीरों के लिए भी वही योजना लागू होनी चाहिए जो स्थाई सैनिकों के लिए है।

### 4 जून को होगा एक नया सवेरा : राहुल गांधी

देश में 57 लोकसभा सीटों के लिए शनिवार को मतदान सम्पन्न हुआ है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर 'इंडिया' ब्लॉक की सरकार बनने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि 4 जून को 'एक नया सवेरा' होने वाला है। आज लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का अंतिम दौर था। गौरतलब है कि शनिवार को मतदान समाप्त होने के उपरांत वोटिंग प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती होगी। राहुल गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अब तक के रुझानों से स्पष्ट है कि देश में 'इंडिया' की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से कहा, 'मुझे गर्व है कि झुलसा देने वाली गर्मी में भी आप सभी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए वोट देने निकले। आज भी बड़ी संख्या में बाहर निकल कर अहंकार और अत्याचार का प्रतीक बन चुकी इस सरकार पर अपने वोट से अंतिम प्रहार ज़रूर कीजिए। 4 जून का सूरज देश में एक नया सवेरा लाने जा रहा है।'

## प्रज्वल रेवन्ना को समर्थन न दे मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 1 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कर्नाटक की हासन सीट से जनता दल (सेक्युलर) सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मामले में चुप्पी तोड़ने तथा यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि वह गिरफ्तार सांसद को अब किसी भी तरह का समर्थन ना दें ताकि बेटियों को न्याय मिल सके। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में शनिवार को कहा कि कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले में मिली शिकायतों के बाद सांसद को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस गिरफ्तारी से सैकड़ो पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा, 'कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को कर्नाटक सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी)ने गिरफ्तार कर लिया है। यह काम एसआईटी द्वारा गठित महिला पुलिस टीम ने किया है।



**कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले में मिली शिकायतों के बाद सांसद को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस गिरफ्तारी से सैकड़ों पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलेगा: अलका लांबा**

### जांच में सहयोग नहीं कर रहे प्रज्वल रेवन्ना, 'लापता' फोन की तलाश में जुटी एसआईटी

बेंगलुरु। यौन शोषण और सेक्स स्कैंडल में गिरफ्तार मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना जांच में अधिकारियों के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। विशेष जांच दल (एसआईटी) अब उस 'लापता' मोबाइल फोन की तलाश कर रही है जिसका इस्तेमाल आरोपी ने कथित तौर पर पीड़ितों के साथ यौन कृत्यों और मारपीट को रिकॉर्ड करने के लिए किया था। सूत्रों ने बताया कि मोबाइल फोन की बरामदगी अधिकारियों के लिए जांच का केंद्र बन गई है क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना अधिकारियों के सवालों के जवाब देने में बच रहे हैं।

### सार संक्षेप

#### दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**बारां।** राजस्थान में बारां की न्यायाधीश सोनिया बेनीवाल जिला न्यायाधीश संवर्ग की अदालत की विशिष्ट न्यायालय पोक्सो (क्रम-दो) ने किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को शनिवार को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने मुकेश (33) को किशोरी से दुष्कर्म करने का दोषी मानते हुये उस पर एक लाख 30 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। मामले के अनुसार मुकेश पांच फरवरी 2021 को अपनी पत्नी की अल्पवयस्क छोटी बहन को बहला फुसला कर शादी के उद्देश्य से ले गया। इस पर किशोरी के पिता ने अपने दामाद के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया। मुकेश गिरफ्तारी के समय से ही न्यायिक अभिरक्षा में था।

#### सुप्रिया सुले राकांपा-शप की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**पुणे।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा-शरद पवार) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को अपने राष्ट्रीय पार्टी संगठन में कुछ नई नियुक्तियां कीं और अपनी पुत्री सुप्रिया सुले को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, श्री पवार ने सुश्री सुले के साथ पूर्व सांसद पी सी चाको को भी पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने कई अन्य नेताओं को भीमहत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपीं। इन दोनों के अलावा, राजीव झा को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है।

#### अखिलेश यादव कन्नौज भी हार रहे, अफजाल अंसारी का परिवार भी साफ हो जाएगा : निरहुआ

आजमगढ़। आजमगढ़ लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद और भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ ने लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोट डालने के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वोट की ही ताकत है कि मैं संसद पहुंचा हूं। इस दौरान वह अखिलेश यादव पर हमलावर नजर आए। निरहुआ ने कहा कि वोट की ही ताकत है कि इसी गांव में गाय चराने वाला लड़का आज भारत की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचा है। मैं सभी लोगों से अपील करूंगा कि आप भी अपने बूथ पर जाइए और अपने मत का प्रयोग कीजिए, क्योंकि यह आपका सबसे बड़ा अधिकार भी है और आपका सबसे बड़ा दायित्व भी। निरहुआ के बड़े भाई विजय लाल यादव की ओर से सपा के पक्ष में वोट करने की अपील पर उन्होंने कहा कि वो मेरे बड़े भाई और गुरु हैं। हम दोनों भाई में अंतर सिर्फ इतना है कि वो राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं और मैं नरेंद्र मोदी को।

## नरेंद्र मोदी 'प्रधानमंत्री' कम और 'प्रचारमंत्री' ज्यादा हैं : मीसा भारती

**पटना,** 1 जून (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के अंतर्गत 57 सीटों पर मतदान हो रहा है। इसमें वाराणसी सीट भी शामिल है जहां से प्रधानमंत्री चुनाव लड़ रहे हैं। सातवें चरण के चुनाव के बीच लालू यादव की बेटी मीसा भारती भी वोट देने पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान जहां लोगों से घरों से निकलकर वोट करने की अपील की, वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'यह देश का चुनाव है। जनता अपने मुद्दों को सामने रखकर मतदान करने के लिए घरों से बाहर निकल रही है। वहीं हम भी अपने क्षेत्र में हैं। मैं अपने क्षेत्र में गई और मुझे लोगों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही हैं। इंडिया गठबंधन को लेकर भी लोग अच्छा फीडबैक दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन बेकार के मुद्दों पर नहीं, बल्कि जनता के मुद्दों को लेकर इस चुनाव में उतरी है। हम जनता के हितों की बात कर रहे हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री क्या और किन मुद्दों पर बात कर रहे हैं, ये तो पूरा देश जानता है।' वहीं, मीसा ने शाम को होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक पर कहा कि इस बैठक का महत्व काफी बढ़ जाता है, क्योंकि अंतिम चरण के मतदान के बीच यह बैठक बुलाई गई है। बहुत मुमकिन है कि इसमें आगामी रणनीतियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाए। हालांकि, मुझे बैठक के अंदर के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं है, लेकिन जहां तक मुझे पता है कि इन्हीं सब मुद्दों पर चर्चा होने जा रही है।'



**इंडिया गठबंधन को लेकर भी लोग अच्छा फीडबैक दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन बेकार के मुद्दों पर नहीं, बल्कि जनता के मुद्दों को लेकर इस चुनाव में उतरी है: मीसा भारती**

इसके अलावा मीसा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान को लेकर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आखिर इतने कैमरों के बीच कोई ध्यान करता है क्या? ऐसा करके वो प्रचार कर रहे हैं। अब अगर हम सुबह उठकर भगवान की पूजा अर्चना करते हैं, तो कैमरों के सामने थोड़े ही करते हैं।

## पुणे कार दुर्घटना में अजित पवार ने अपने विधायक का किया बचाव, बोले-'वो गलत नहीं'

**पुणे,** 1 जून (एजेंसियां)। पुणे कार दुर्घटना पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गृह मंत्री और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सुनिश्चित किया है कि इस घटना की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने इस मामले के संबंध में पुणे सीपी को कोई कॉल नहीं किया। हमारे विधायक सुनीत टिंगरे ने इस संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्हें शुगर की समस्या है और वे अभी अस्वस्थ हैं। यही कारण है कि वे लोगों के सामने नहीं आ रहे हैं। अजित पवार ने बताया है कि उन्होंने विधायक से संपर्क किया और विधायक ने उन्हें बताया कि वे किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार हैं और वे गलत नहीं हैं। पुणे सड़क हादसे में अब तक 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अजित पवार की पार्टी के विधायक सुनील टिंगरे पर नाबालिग आरोपी का बचाव करने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले में यह बात भी सामने आई है कि उन्होंने नाबालिग को बचाने के लिए पुलिस से संपर्क किया था। इस घटना को लेकर सियासत भी तेज हो चली है। विधायक सुनील टिंगरे के बचाव में खुद उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सफाई दी है।



## पीएम मोदी के ध्यान पर शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, यह मेडिटेशन नहीं मीडिया अटेंशन है

**पटना,** 1 जून (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आज 8 राज्यों की 57 सीटों पर मतदान हो रहा है। बॉलीवुड स्टार और टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने पटना में कदमकुआं की बूथ संख्या 380 पर अपना वोट डाला। सांसद ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योग साधना पर सवाल उठाया। मीडिया से बात करते हुए टीएमसी सांसद ने पीएम की योग साधना पर कहा, 'यह आखिरी चरण के लिए चुनाव प्रचार करने का एक तरीका है। लोग कह रहे हैं कि वह मेडिटेशन कर रहे हैं, मगर यह सब वह मीडिया अटेंशन पाने के लिए कर रहे हैं। यह चुनाव प्रचार का एक हिस्सा है।' ' मोदी सरकार के 400 के पार वाले नारे पर शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, ' '400 के पार नारे में कोई दम नहीं है। इसमें कोई भी सच्चाई नहीं है। सच्चाई यह कि चाहे एससी, एसटी का परिवार हो, किसान हो, महिलाएं हों, महंगाई की मार हों, आसमान छूती डॉलर की कीमत हो, गिरता रुपया हो क्यों न हो, कुल मिलाकर बात यह है कि इस बार यह चुनाव मुद्दा बनाम मोदी है।' उन्होंने कहा कि इस बार देश में मुद्दे बहुत हावी हैं। सारे मुद्दे इस बार विपक्ष और रूलिंग पार्टी के पास हैं। उन्होंने कहा कि देश का युवा इस बार विपक्ष के मुद्दों के साथ है। बेरोजगारी और महंगाई की मार को लेकर आज जनता विपक्ष का समर्थन कर रही है। पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि पीएम मोदी को मुद्दों से भटकाने की कला आती है। शत्रुघ्न सिन्हा ने पीएम मोदी की साधना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह उनके प्रचार का आखिरी हथकंडा है, जिसका भाजपा इस्तेमाल कर रही है।



**'यह आखिरी चरण के लिए चुनाव प्रचार करने का एक तरीका है। लोग कह रहे हैं कि वह मेडिटेशन कर रहे हैं, मगर यह सब वह मीडिया अटेंशन पाने के लिए कर रहे हैं : शत्रुघ्न सिन्हा**

## झारखंड की सत्ता के गलियारे में 4 जून के बाद मचेगी हलचल, बदल सकते हैं कई 'चेहरे'

**रांची,** 1 जून (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद झारखंड की सियासत में हलचल मचेगी। जेएमएम-कांग्रेस-राजद के गठबंधन वाली सरकार में कई स्तरों पर बदलाव के आसार हैं। लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर कल्पना सोरेन सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरी हैं। बड़ा सवाल यह है कि अगर कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज कर विधानसभा पहुंचती हैं तो क्या वह सरकार के मौजूदा मुखिया चंपई सोरेन की जगह लेंगी? यह सवाल कल्पना सोरेन से कई इंटरव्यू में पूछा गया तो उनका डिप्लोमैटिक जवाब था, 'यह मेरा लुकआउट नहीं है। कोई भी निर्णय पार्टी और संगठन की ओर से लिया जाएगा। पार्टी नेतृत्व ही तय करता है कि किसकी भूमिका क्या होगी।' सियासत के जानकारों का कहना है कि विधानसभा चुनाव नवंबर-दिसंबर में होने हैं और मौजूदा सरकार के कार्यकाल के महज पांच-छह महीने बचे हैं।



**सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर कल्पना सोरेन सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरी**

ऐसे में झामुमो का नेतृत्व कल्पना सोरेन के लिए चंपई सोरेन को सीएम की कुर्सी से हटाने की जोखिम नहीं लेगा। ऐसा करने से पार्टी में आंतरिक कलह गहरा सकता है और टूट की भी स्थिति पैदा हो सकती है। ऐसे में संभव है कि कल्पना सोरेन को अगले कुछ महीनों के लिए राज्य सरकार के मंत्रिमंडल में जगह दी जाए। मंत्रिमंडल में वह स्वाभाविक तौर पर हेमंत सोरेन का ही 'प्रतिनिधित्व' करेंगी और सरकार पर प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर उनका काफी हद तक नियंत्रण होगा। इस मसले पर भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी कहते हैं, 'हेमंत सोरेन जेल में हैं, चंपई सोरेन सीएम हैं और कल्पना सोरेन सीएम बनने के रास्ते में हैं। ऐसे में 4 जून को चुनावी नतीजे सामने आने के बाद इंडी गठबंधन के भीतर सत्ता के लिए झगड़ा बढ़ना तय है।' चुनाव के लिए जब प्रचार अभियान जोरों पर था, उसी दौरान झारखंड सरकार में नंबर दो की हैसियत वाले कांग्रेसी मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार कर लिया। उनके जेल गए पंद्रह दिन गुजर गए हैं, लेकिन उन्होंने अब तक मंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। माना जा रहा है कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद पार्टी और सरकार उन्हें इस्तीफा देने को कहेगी, क्योंकि उनके जेल में होने की वजह से ग्रामीण विकास विभाग की कई योजनाओं पर विराम लग गया है। विभाग में पेंडिंग फाइलों की संख्या बढ़ रही है।

## कर्नाटक के सीएम, डिप्टी सीएम को मानहानि मामले में मिली जमानत

**बेंगलुरु,** 1 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को मानहानि मामले में स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट ने शनिवार को जमानत दे दी। भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने इनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर कराया था। केशव प्रसाद ने याचिका में आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने तत्कालीन भाजपा सरकार पर 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए पूरे पेज का विज्ञापन प्रकाशित कर प्रचार किया और इसे '40 प्रतिशत सरकार' करार दिया था। कांग्रेस ने विभिन्न पदों के लिए कथित रूप से निर्धारित रेट कार्ड को प्रदर्शित करते हुए पोस्टर और विज्ञापन भी बनाए थे। सीएम सिद्दारमैया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वह एक निजी शिकायत के सिलसिले में कोर्ट में पेश हुए हैं। यह मामला सिविल प्रकृति का है। मैंने कानून के रक्षक और कानून का पालन करने वाले नागरिक के रूप में खुद को जज के सामने पेश कर जमानत हासिल की।'केपीसीसी अध्यक्ष शिवकुमार और राहुल गांधी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। राहुल गांधी भी अदालत में पेश होंगे' उन्होंने कहा कि हमने मामले के संबंध में आगे की पेशी के खिलाफ स्थायी आदेश की भी मांग की है।



**याचिका में आरोप था कि कांग्रेस ने तत्कालीन भाजपा सरकार पर 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए पूरे पेज का विज्ञापन प्रकाशित कर प्रचार किया और इसे '40 प्रतिशत सरकार' करार दिया था**

वहीं कोर्ट परिसर में पत्रकारों से बातचीत में डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस ने भाजपा नेताओं के बयानों के आधार पर विज्ञापन दिए था। इसे कोर्ट में चुनौती दी जा रही है। भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि सीएम पद के लिए 2 हजार 500 करोड़ रुपये दिए गए। अन्य महत्वपूर्ण पदों के लिए भी भुगतान की जाने वाली रकम का उल्लेख किया गया था।

तैयारी | *निर्वाचन अधिकारी-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मतगणना स्थल का किया मुआयना*

## मतदान के बाद मतगणना की उलटी गिनती शुरू, तैयारियां पूरी

**रूद्रपुर,** 1 जून (एजेंसियां)। मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के साथ ही जिला निर्वाचन आयोग मतगणना की अंतिम तैयारियों में जुट गया है। मतगणना सीसीटीवी और वीडियोग्राफी की निगरानी में संपन्न होगी।

ऊधम सिंह नगर के जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी आज अधिकारियों के साथ, बगवाड़ा मंडी पहुंचे तथा मतगणना स्थल का मुआयना किया। इसके उपरांत उन्होंने नोडल अधिकारियों को बैरिकेडिंग, टैन्ट, पेयजल, खानपान, विद्युत, इंटरनेट, पार्किंग एवं सफाई समेत सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्ष में मोबाइल पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। इसलिए मतगणना एजेन्ट व कार्मिक अपना मोबाइल घर पर ही रखकर आयें या प्रवेश करने से पहले जमा कराना होगा। उन्होंने कहा कि मतगणना केन्द्र में केवल तैनात किये गये एजेन्ट व कार्मिक ही प्रवेश करेंगे, दोनों की एंट्री अलग-अलग मार्ग से कराने हेतु बैरिकेडिंग बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना सीसीटीवी व वीडियोग्राफी की निगरानी में होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मतगणना स्थल बगवाडा मंडी में मतगणना संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होने कहा कि मतगणना स्थल में पार्किंग, पेयजल व्यवस्था व चिकित्सा स्टॉल की व्यवस्था के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी चार जून को प्रातः 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ होगी। प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबलों पर मतगणना की जाएगी तथा 40 टेबल में ईटीपीबीएस की स्केनिंग होगी तथा 34 टेबल में पोस्टल बैलेट की मतगणना की जाएगी। इसलिए सभी विधानसभावार मतगणना स्थलों की सभी व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाएं।

**■ मतगणना स्थल में पार्किंग, पेयजल व्यवस्था व चिकित्सा स्टॉल की होगी व्यवस्था**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रातः 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारम्भ होंगी तथा उसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीन की मतगणना प्रारंभ होगी, इसलिए सभी प्रत्याशी एजेन्ट प्रातः 6:00 बजे अनिवार्य रूप से मतगणना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। दूसरी ओर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मतगणना स्थल में थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था की गयी है।

## मध्य प्रदेश में मतगणना की तैयारियां पूरी

**भोपाल,** 1 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतगणना की तैयारी पूरी हो गई है। इसी बीच मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी स्ट्रांग रूम पूरी तरह सुरक्षित हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि चार जून को प्रदेश के सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना के लिए तैयारियां पूरी हैं। विधानसभावार नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में सुबह 8 बजे से पूरी पारदर्शिता के साथ मतगणना आरंभ होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आगे कहा कि निर्वाचन आयोग के अधिकारियों और मैंने स्वयं कई स्ट्रांग रूम का जायजा लिया है।

उल्टा पुल्टा

बब्लू- बेकार ही लोग कहते हैं कि पत्नियां अपनी गलती नहीं मानती है...
डब्लू- अच्छा... तुम्हारी पत्नी क्या कहती है?
बब्लू- कहती है गलती हो गई तुमसे शादी करके...

# कैपिटल ज़ोन

## मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

### तीन चरणों में बांटी गई सुरक्षा व्यवस्था

**नई दिल्ली,** 1 जून (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला दिल्ली के लोग 25 मई को कर चुके हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। साउथ दिल्ली के सिरी फोर्ट रोड पर स्थित जीजाबाई कॉलेज में भी स्ट्रांग रूम बनाया गया है। काउंटिंग वाले दिन 4 जून को चुनाव आयोग की ओर से तैनात पर्यवेक्षकों की अगुवाई में स्ट्रांग रूम पर लगी सील खोली जाएगी। काउंटिंग सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था 3 चरणों में बांटी गई है।




जीजाबाई कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिसके तहत काउंटिंग सेंटर से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्टेट पुलिस तैनात किया गया है : एस के जैन, ज्वाइंट सीपी

ज्वाइंट सीपी दक्षिणी रेंज एस के जैन ने बताया कि जीजाबाई कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिसके तहत काउंटिंग सेंटर से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्टेट पुलिस तैनात किया गया है। करीब 50 मीटर की दूरी पर आर्म्ड फोर्स तैनात की गई है। इसके साथ ही काउंटिंग सेंटर के बाहर सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स तैनाती की गई है। काउंटिंग के दिन जिनके पास ऑथराइज्ड पास होगा उसको ही अंदर आने की अनुमति होगी। 4 जून को मतगणना के दिन स्ट्रॉन्ग रूम से ईवीएम निकाला जाएगा। साथ ही मतों की गणना शुरू हो जाएगी। जिसकी तैयारियों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय जुट गया है। 4 जून को इलेक्शन कमीशन द्वारा जिनको पास निर्धारित किए गए हैं उन्हें ही अंदर आने की अनुमती होगी। मीडिया कर्मियों के लिए अलग से जगह सुनिश्चित की गई है। जहां वह काउंटिंग की डिटेल देख सकेंगे। अलग-अलग पार्टियों समर्थकों भी निर्धारित जगह के अंदर खड़े हो सकते हैं।

### कजाकिस्तान से चल रहे गोरखधंधे का खुलासा

## चार गिरफ्तार, 4 लाख, 9 मोबाइल, डेबिट कार्ड, चेक बुक बरामद

**नई दिल्ली,** 1 जून (देशबन्धु)। दिल्ली के साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाना की पुलिस टीम ने लाखों की चीटिंग के बड़े मामले का खुलासा किया है। जिसमें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से एमबीए और डिप्लोमा डिग्री धारी भी शामिल हैं।

गैंग का मास्टरमाइंड कजाकिस्तान में बैठकर इसको ऑपरेट करता था और चीटिंग के अमाउंट को क्रिप्टो करंसी में कन्वर्ट करता था। लगभग साढ़े 29 लाख की चीटिंग की शिकायत पर साइबर थाना की टीम टेक्निकल सर्विलांस की मदद से छानबीन कर रही थी। फिर पूरे मामले का पुलिस ने खुलासा किया। ये गैंग एक एप के नाम और पार्ट टाइम जॉब में अच्छा रिटर्न का लालच देकर लोगों को निशाना बनाते थे और उनकी मेहनत की कमाई को डकार जाते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान



रोहित चिकारा, वरुण, मनीष मान और उदय मित्तल के रूप में हुई है।

आपको बता दें कि रोहित एमबीए और मास कम्युनिकेशन में ग्रेजुएशन कर चुका है। वरुण रशियन लैंग्वेज में डिप्लोमा डिग्री धारी है। जबकि मनीष बीएससी और एमबीए दोनों पूरा कर चुका है। चौथा आरोपी उदय मित्तल केवल 12वीं पास है। इनके पास से एडिशनल डीसीपी मयंक बंसल की देखरेख में एसीपी देवेंद्र कुमार सिंह, एसएचओ विकास बुलडक और सब इंस्पेक्टर अमित मलिक की टीम ने लगभग चार लाख रुपए, नौ मोबाइल, दो चेक बुक और नौ एटीएम कार्ड बरामद किया है। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि चीटिंग की शिकायत पुलिस को 27 अप्रैल को मिली थी। जिसमें सफदरजंग अस्पताल कार्यरत सीनियर डॉक्टर आशीष ने पुलिस को बताया था की 29 लाख से ज्यादा का अमाउंट उनसे चीट कर लिया गया है। उन्हें पार्ट टाइम जॉब का लालच दिया गया। उन्होंने अपना और अपने रिटायर्ड पिता का पैसा भी डूबा दिया। इस मामले में छानबीन करती हुई पुलिस टीम इन आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हो गई। जिन बैंक अकाउंट को पुलिस टीम ने खंगाला।

### डबल मर्डर में फरार चल रहा वांटेड पकड़ाया

**3 साल से दिल्ली पुलिस को थी तलाश**

**नई दिल्ली।** डबल मर्डर के मामले में फरार चल रहे वांटेड को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान दिलशाद के रूप में हुई है। यह जनता कॉलोनी दिल्ली का रहने वाला है। इसे 18 साल पुराने मामले में आजीवन कारावास की सजा कोर्ट के द्वारा मिल चुकी थी। उसके बाद यह पैरोल पर निकला और उसके बाद से फरार हो गया। लगभग 3 साल से यह अपना ठिकाना बदलकर छुप रहा था। लेकिन क्राइम ब्रांच के इंटर स्टेट सेल की टीम ने इसे धर दबोचा। डीसीपी ने बताया कि दिल्ली के वेलकम थाना डबल मर्डर की यह वारदात 2006 में हुई थी। जिसमें पीड़ित इमरान ने पुलिस को जानकारी दी थी कि उसके भाई और मां की हत्या कर दी गई है। जबकि आरोपी ने अपनी बहन को घायल कर दिया गया है। उस मामले में दिलशाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और उसे कोर्ट ने बाद में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। दिलशाद की बहन ने लव मैरिज किया था जिससे गुस्से में आकर उसने इस तरह की वारदात को अंजाम दिया था।

### डॉक्टर का भेष बना करता था ठगी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** डॉक्टर का भेष बना मोबाइल दुकानदारों से महंगे मोबाइल खरीदने के बहाने ठगी करने वाले एक ठग को महरौली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से ठगी का एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। वही गिरफ्तार ठग की पहचान पर्यावरण कॉम्प्लेक्स निवासी मिर्जा सिराज अली बेग के तौर पर हुई है।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि सतबरी गांव में रहने वाले एक शख्स ने महरौली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका वाई प्वाइंट छतरपुर में मोबाइल की शॉप है। उनके पास एक शख्स डॉक्टर के वेश भूषा में आया था। उसने एक लाख 35 हजार का मोबाइल खरीदा। जिसका भुगतान उसने एनईएफटी से किया था। फिर स्क्रीन शॉट दिखा चला गया। बाद में पीड़ित को पता चला कि उसके खाते में पैसा ही नहीं आया है। तब मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। जांच के दौरान पता चला कि इसी तरह की घटना छतरपुर स्थित एक और मोबाइल के शॉप में हुआ है। जिसमें जालसाज ने एक लाख 20 हजार का मोबाइल खरीदा था और चेक के जरिए भुगतान किया था।

## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी 'भारत रक्षक' की उपाधि से सम्मानित



**नई दिल्ली।** नामधारी सिखों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'भारत रक्षक' की उपाधि से सम्मानित किया है। नामधारी संगत के सचिव नवतेज सिंह ने बताया कि नामधारी मुखी ठाकुर दलीप सिंह के आदेश अनुसार हम नामधारी सिख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत रक्षक की उपाधि से सम्मानित करते हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली भाजपा सरकार के शासन काल में भारतीय संस्कृति की वास्तव में रक्षा हुई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से शिक्षित हो कर तथा कई वर्ष तक संघ के कार्यकर्ता बन कर मोदी ने भारतीय संस्कृति की रक्षा करने और उसे प्रफुल्लित करने के गुण धारण किए हैं। सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति का जो ह्रास हो रहा था, मोदी की अगुवाई में भाजपा सरकार बनने पर, वह रुक गया है और भारतीय संस्कृति पफुल्लित होनी आरंभ हो गई है। अपनी बात जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि सतगुरू राम सिंह की कृपा द्वारा हम नामधारी सिख, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत रक्षक की उपाधि से सम्मानित करने में गर्व महसूस करते हैं। जिस प्रकार नरेंद्र मोदी जी और भाजपा सरकार भारतीय संस्कृति की रक्षा कर रहे हैं, वैसी रक्षा स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहले कभी भी नहीं हुई है।

### महिला शराब तस्कर गिरफ्तार, दो हजार क्वार्टर बरामद

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला के एंटी नारकोटिक सेल और डाबड़ी थाना की पुलिस टीम ने अवैध शराब के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। जो रघुनगर डाबड़ी की रहने वाली है। इसके पास से पुलिस टीम ने 2000 क्वार्टर शराब का बरामद किया। जो सिर्फ हरियाणा में ही बिकने के लिए मान्य थी। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर सुभाष चंद की देखरेख में पुलिस टीम द्वारका सेक्टर 23 पावर हाउस के पास पेट्रोलिंग कर रही थी। उसी दौरान शराब तस्करी के बारे में जानकारी मिली। उसी समय डाबड़ी पुलिस को भी इंफॉर्मेशन मिली, जिसके आधार पर रघु नगर में छापा मारकर महिला को पकड़ा गया। वहां से 40 पेटियां बरामद की गई। जिसमें 2000 क्वार्टर शराब के रखे हुए थे।

### धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रही महिला को पकड़ा

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला के जेल बेल सेल की पुलिस टीम ने धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। जिसे साकेत कोर्ट ने भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के अनुसार गिरफ्तार महिला किरण गहलोत पर 2022 में मामला दर्ज हुआ था कालकाजी थाना में। बाद में कोर्ट ने इसे भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। इंस्पेक्टर मनजीत की देखरेख में पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसके बारे में पता लगाया और फिर इस आरोपी महिला को राजनगर पालम कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रही थी।

### स्नैचिंग करने वाले बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में नाबालिग साथी के साथ मिलकर स्नैचिंग करने वाले बदमाश को उसके साथी के साथ महरौली पुलिस ने पकड़ा है। उनके पास से दो मोबाइल और स्नैचिंग में इस्तेमाल स्कूटी बरामद हुआ है। बालिग बदमाश की पहचान संगम विहार निवासी राहुल कुमार के तौर पर हुई, जबकि दूसरा नाबालिग है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि 30 मई को धौला पीर बस स्टैंड एमबी रोड इंडियन पार्क में एक मोबाइल छीनने की पीसीआर कॉल मिली थी। वहीं गश्त पर मौजूद पुलिस वाले एक महिला को मदद के लिए शोर मचाते हुए देखा।

## सार्वजनिक भूमि पर पूजा स्थल बनाने की अनुमति के होंगे विनाशकारी परिणाम : उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने चेताया है कि यदि हर साधु, गुरु और अन्य धार्मिक हस्तियों को सार्वजनिक जमीन पर पूजा स्थल बनाने की अनुमति दी गई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे और व्यापक जनहित खतरे में पड़ जाएगा। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, हमारे देश में विभिन्न जगहों पर हजारों साधु, बाबा, फकीर, गुरु हैं और यदि सभी को सार्वजनिक जमीन पर एक पूजा स्थल या समाधि बनाने तथा निहित स्वार्थ वाले समूहों को निजी लाभ के लिए उसका इस्तेमाल जारी रखने की अनुमति दी जाए तो इसके विनाशकारी परिणाम होंगे तथा व्यापक जनहित खतरे में पड़ जाएगा।




याचिका महंत नागा बाबा भोला गिरि द्वारा उनके उत्तराधिकारी के माध्यम से की गई थी दायर

याचिका महंत नागा बाबा भोला गिरि द्वारा उनके उत्तराधिकारी के माध्यम से दायर की गई थी। इसमें अदालत से जिला मजिस्ट्रेट को निगम बोध घाट पर जमीन उपलब्ध कराने का आदेश देने का आग्रह किया गया था। याचिकाकर्ता ने दिल्ली विशेष कानून अधिनियम द्वारा तय की गई वर्ष 2006 की समय सीमा से पहले भूमि पर स्वामित्व होने का दावा किया था।

अदालत ने पाया कि याचिका में तथ्य नहीं है और जिला मजिस्ट्रेट पहले ही अनुरोध खारिज कर चुके हैं। उन्होंने भूमि के शहरीकरण और संबंधित राजस्व रिकॉर्ड की अनुपलब्धता का हवाला देते हुए अनुरोध अस्वीकार किया था।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि याचिकाकर्ता का जमीन पर कब्जा निस्संदेह अवैध था क्योंकि इस तथ्य से कि 30 साल या उससे ज्यादा समय तक किसी जमीन पर उन्होंने खेती की थी, उन्हें उस जमीन पर कानूनी अधिकार, स्वामित्व या उस पर कब्जा जारी रखने का कारण नहीं मिल जाता। अदालत ने इस बात को भी रेखांकित किया कि वहां लोगों की श्रद्धा होने या पूजा-प्रार्थना करने का कोई इतिहास नहीं है। अदालत ने उस स्थल पर ढांचा गिराने की धार्मिक मामलों की समिति की लंबित जांच के तर्क को भी खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि वह एक निजी स्थल था और वहां आम लोगों की श्रद्धा जैसी बात नहीं थी।



नई दिल्ली में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए बहते पानी में स्नान करते लोग।
फोटो : इम्तियाज खान

## स्नेचिंग के कई मामलों में शामिल बदमाश को दबोचा

**नई दिल्ली,** 1 जून (देशबन्धु)। स्पेशल स्टाफ ने स्नेचिंग के कई मामलों में शामिल बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रोहन उर्फ गोलू के रूप में हुई है। यह सागरपुर का रहने वाला है और पहले से 23 मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से मायापुरी, राजौरी गार्डन, ख्याला, तिलक नगर, हरी नगर और जनकपुरी थाना के आधा दर्जन मामलों का खुलासा किया गया है। इसके पास से पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चोरी की मोटरसाइकिल इत्यादि भी बरामद किया है। एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अजमेर सिंह की टीम ने मायापुरी से गिरफ्तार किया है। जब पुलिस टीम को इसके बारे में सूचना मिली थी। क्योंकि पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज की मदद से इस शातिर बदमाश के बारे में पता लग रही थी। इसे शिवाजी कॉलेज रेड लाइट के पास ट्रैप करके पकड़ा गया। इसके पास से चार मोबाइल भी बरामद किया गया है।

## बिजली कटौती का असर पड़ना शुरू हो गया : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** 1 जून (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि पिछले कुछ हफ्तों से पानी की कमी का सामना कर रहे दिल्लीवासियों को अब बिजली कटौती की एक नई समस्या का सामना करना पड़ रहा है जो कल से बढ़ गई है।

सचदेवा ने कहा है कि बिजली मंत्री आतिशी द्वारा प्रतिदिन 8300 मेगावाट की उच्च मांग को पूरा करने के दावों के बीच, आरडब्ल्यूए और प्रमुख नागरिकों का सोशल मीडिया पर बिजली कटौती की रिपोर्ट लिखना चौंकाने वाला है।



पानी की कमी का सामना कर रहे दिल्लीवासियों को अब बिजली कटौती की भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है : वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि कल से पॉश कॉलोनियों से लेकर जे.जे. कॉलोनी, पुरानी दिल्ली के बाजारों से लेकर नई दिल्ली के मॉल तक, हर जगह लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। पॉश कॉलोनियों में लोगों को दिन में दो से तीन बार 15 से 20 मिनट की बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जबकि मध्यम वर्ग की कॉलोनियों में एक बार में 45 मिनट से एक घंटे की बिजली कटौती हो रही है, जबकि अनधिकृत कॉलोनियों और दूर-दराज के इलाकों में लंबी कटौती का सामना करना पड़ रहा है। चावड़ी बाजार, चांदनी चौक से लेकर सदर बाजार, ईदगाह तक पुरानी दिल्ली के व्यापारियों को दिन में 2 घंटे तक की बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जबकि जी.के., साउथ एक्सटेंशन और साकेत या वसंत विहार मॉल जैसे पॉश बाजारों को भी बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। छतरपुर से नजफगढ़ तक, नरेला से नांगलोई तक, विकासपुरी से मोहन गार्डन तक और घोंडा बाब्बरपुर से मयूर विहार तक पूरे पूर्वी दिल्ली के दूर-दराज के इलाकों में पिछले कई दिनों से दैनिक आधार पर बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

## ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कर श्रीलंका से लौटे भारतीय दल

**नई दिल्ली,** 1 जून (देशबन्धु)। श्रीलंका स्थित रामायण कालीन ऐतिहासिक स्थानों के दर्शन कर भारतीय दल शनिवार को अपने देश वापस लौट आया है।

गत 26 मई को श्रीलंका गया था जिसका कोलंबो में भव्य स्वागत किया गया था। दल की सफल यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष व यात्रा संयोजक डॉ. वेद टंडन ने बताया कि विगत 2008 से निरंतर श्रीलंका स्थित रामायण कालीन ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, संवर्धन के लिए कार्य कर रहे अजय भाई के सानिध्य में प्रतिवर्ष रामायण यात्रा जाती है, जिसमें श्रीलंका टूरिज्म का विशेष सहयोग रहता है। डॉ. वेद टंडन ने बताया कि इस बार रामायण दर्शन यात्रा 2024 का विशेष आयोजन किया गया, जिसमे देश विदेश से आए यात्रियों ने भाग लिया और विभिन्न रामायण कालीन ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन किए। इस यात्रा में प्रमुख दर्शनीय स्थान थे सीता माता द्वारा स्थापित विश्व का एकमात्र शिवलिंग, मुनेश्वर देवस्थान, विभीषण मंदिर, केलानिया, हनुमान मंदिर, रामबोड़ा, लंकाधीश्वर शिव मन्दिर, श्रीलंका का प्रमुख हिंदू



अशोक वाटिका में हुआ सुन्दर काण्ड का भव्य आयोजन : डॉ. वेद टंडन

तीर्थ अशोक वाटिका अष्ट सिद्धि के दाता अस पर दिन जानकी माता यात्रा में अशोक वाटिका दर्शन के साथ भव्य सुंदरकांड पाठ सहित प्रथम बार इंदु द्वारा कल्की सहस्त्रनाम यज्ञ का भी आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान अजय भाई के सानिध्य में श्रीलंका स्थित अशोक वाटिका में हुआ भव्य सुन्दर काण्ड पाठ व कल्की नाम सहस्त्र यज्ञ व रामलीला आयोजन हुआ।

इस यात्रा आयोजन में राधा-कृष्ण, सांसद पूर्व मंत्री श्रीलंका सरकार टूरिज्म बोर्ड के चेयरमैन भारत तथा श्रीलंका के स्थानीय लोगों सहित अनेक गणमान्य व्यक्तिव राधा मोहन अग्रवाल, नीरज रायजादा, नरेश एरन, मुकेश गर्ग, ऑस्ट्रेलिया से मधु मुंजाल व साथी, रामायण रिसर्चर अशोक केंथ सहित बड़ी संख्या जनसमूह उपस्थित रहा।


### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नम्बर-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क 4, ग्रेटर नौएडा सिटी
जनपद-गौतमबुद्ध नगर (उ0 प्र0)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मूलचन्द ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण औद्योगिक विकास प्राधिकरण में वाहन चालक के पद पर कार्यरत थे। श्री मूलचन्द निवासी-एच92, सैक्टर गामा-2, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० की दिनांक 04.11.2022 को मृत्यु होने जाने के उपरान्त इनके वारिसान श्रीमती कौशल्या देवी पत्नी स्वर्गीय श्री मूलचन्द, मनीष पाल पुत्र स्वर्गीय श्री मूलचन्द, मनीषा पाल पुत्री स्वर्गीय श्री मूलचन्द एवं श्री अंकित पाल पुत्र स्वर्गीय श्री मूलचन्द निवासी-एच92, सैक्टर गामा-2, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री अंकित पाल पुत्र स्वर्गीय श्री मूलचन्द निवासी-एच92, सैक्टर गामा-2, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को मृतक आश्रित (अनुकम्पा) के आधार पर पत्रवाहक के पद पर नियुक्त करने हेतु प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नियुक्ति के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में श्री अंकित पाल पुत्र स्वर्गीय श्री मूलचन्द निवासी-एच92, सैक्टर गामा-2, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को मृतक आश्रित (अनुकम्पा) के आधार पर पत्रवाहक के पद पर नियुक्त कर दिया जायेगा।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम भाईपुर ब्रहमनान में उप जिलाधिकारी जेवर गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 298/एस0टी0/एस0डी0एम0/2018 दिनांक 08.08.2018 मृतक श्री किशन पुत्र लोहरे नि0 ग्राम भाईपुर ब्रहमनान परगना-जेवर तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 14.04.2018 व परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या-455/एस0टी0/एस0डी0एम0/2021 दिनांक 01.10.2021 मृतक श्री बल्लू पुत्र किशन नि0 ग्राम भाईपुर ब्रहमनान परगना-जेवर तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 29.05.2021 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| महेन्दीपुर बांगर | 966, 974, 975, 976, 1157, 1159, 1160, 1158, 1182, 1184 | स्व0 श्री बल्लू पुत्र किशन नि0 ग्राम भाईपुर ब्रहमनान परगना जेवर तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती ममता देवी | पत्नि | 36 वर्ष | विधवा |
| | | | देव शर्मा | पुत्र | 08 वर्ष | अविवाहित |
| | | | कु0 वैशाली | पुत्री | 04 वर्ष | अविवाहित |
| | | | कु0 प्रीती | पुत्री | 01 वर्ष | अविवाहित |
| भाईपुर ब्रहमनान | 611 | | वन्शी | पुत्री | 01 माह | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पारसौल में उप जिलाधिकारी, तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर के पत्रांक-464/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 18.05.2023 के अनुसार मृतक स्व0 श्री हुक्मपाल सिंह पुत्र हेतुराम व स्व0 श्रीमती विद्यावती पत्नी स्व0 हुक्मपाल सिंह निवासी ग्राम पारसौल परगना दनकौर तहसील जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना पस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 57<br>71 | स्व0 श्री हुक्मपाल सिंह पुत्र हेतराम व स्व0 श्रीमती विद्यावती पत्नी स्व0 हुक्मपाल सिंह निवासी ग्राम पारसौल परगना दनकौर तहसील जिला गौतमबुद्धनगर | श्री इन्द्रपाल सिंह | पुत्र | 57 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री ओमपाल सिंह | पुत्र | 53 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती ओमवती | पुत्री | 56 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नम्बर-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क 4, ग्रेटर नौएडा सिटी
जनपद-गौतमबुद्ध नगर (उ0 प्र0)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चन्द्रपाल सिंह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण औद्योगिक विकास प्राधिकरण में वाहन चालक के पद पर कार्यरत थे। श्री चन्द्रपाल सिंह निवासी जे-140 सैक्टर बीटा-2, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० की दिनांक 18.11.2023 को मृत्यु होने जाने के उपरान्त इनके वारिसान श्रीमती रामवीरी पाल पत्नी स्वर्गीय श्री चन्द्रपाल सिंह, श्री जितेन्द्र पाल पुत्र स्वर्गीय श्री चन्द्रपाल सिंह, ज्योति पाल पुत्री स्वर्गीय श्री चन्द्रपाल सिंह एवं श्री जोगेन्द्र पाल पुत्र स्वर्गीय श्री चन्द्रपाल सिंह निवासी जे-140 सैक्टर बीटा-2, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री जोगेन्द्र पाल पुत्र स्वर्गीय श्री चन्द्रपाल सिंह निवासी जे-140 सैक्टर बीटा-2, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को मृतक आश्रित (अनुकम्पा) के आधार पर पत्रवाहक के पद पर नियुक्त करने हेतु प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नियुक्ति के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में श्री जोगेन्द्र पाल पुत्र स्वर्गीय श्री चन्द्रपाल सिंह निवासी जे-140 सैक्टर बीटा-2, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को मृतक आश्रित (अनुकम्पा) के आधार पर पत्रवाहक के पद पर नियुक्त कर दिया जायेगा।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त होनी चाहिए। उन्होंने बताया बाकी कि पशु पक्षियों तथा निराश्रित जंतुओं के लिए भी सार्वजनिक स्थलों पर नाद बनवाकर पानी की व्यवस्था कराई गई है, सर्वजन से भी नगर आयुक्त ने निराश्रित जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था की अपील की है।

**विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त, गाजियाबाद**

## जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने की संपत्ति व प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा

**गाजियाबाद,** 1 जून (देशबन्धु)। जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने शनिवार की सम्पत्ति व प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अवैध निर्माण के खिलाफ प्रभावी ढंग से अभियान चलाने तथा सम्पत्तियों का डेटा प्राधिकरण में संचालित प्रॉपर्टी मैनेजमेन्ट सिस्टम पर अद्यतन करने के निर्देश दिए।

जीडीए सभागार में अतुल वत्स ने सम्पत्ति अनुभाग एवं प्रवर्तन कार्यों से सम्बन्धित मुख्य बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने वादग्रस्त सम्पत्तियों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किए जाने, सम्पत्तियों को पोर्टल पर अद्यतन किए जाने, जोनवार अवैध निर्माणों को सूचीबद्ध किये जाने, आगामी माह जून-2024 में ध्वस्तीकरण के लिए चिन्हित किये गए निर्माणों तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने पहले प्राधिकरण के सम्पत्ति अनुभाग की समीक्षा की। बैठक में वरिष्ठ प्रभारी सम्पत्ति ने अवगत कराया कि प्राधिकरण में संचालित प्रॉपर्टी मैनेजमेन्ट सिस्टम पर 10 योजनाओं का डेटा वैलिडेशन का कार्य पूर्ण कर



■ अवैध निर्माण के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाने व संपत्ति डेटा पूरी तरह दुरुस्त करने के निर्देश

लिया गया है। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि एक माह के अन्दर प्राधिकरण की समस्त सम्पत्तियों का डेटा प्राधिकरण में संचालित प्रॉपर्टी मैनेजमेन्ट सिस्टम पर अद्यतन कर लिया जाए। सहायक प्रभारी सम्पत्तियों को निर्देशित किया गया कि उनके द्वारा देखी जा रही योजनाओं का पोर्टल पर परीक्षण करते हुए योजना के तलपट मानचित्र पर सम्पत्ति से सम्बन्धित विवरण जैसे-वादग्रस्त, रिक्त, अवैध कब्जा आदि को चिन्हित कर लिया जाए। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण की सम्पत्तियों की देयता के सम्बन्ध में संचालित पोर्टल को अपग्रेड करते हुए अन्य प्राधिकरणों की भाँति सम्पत्ति की देयता की जानकारी ससमय प्राप्त होती रहे।

जीडीए उपाध्यक्ष ने अवैध निर्माण/अवैध रूप से विकसित कॉलोनियों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाए जाने के निर्देश दिए। प्रवर्तन अनुभाग में तैनात प्रभारी प्रवर्तन को निर्देशित किया कि क्षेत्र में चल रहे निर्माणों पर प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र की एक प्रति रक्षित की जाए तथा अवैध निर्माणों पर विशेष अभियान चलाकर सीलिंग की कार्रवाई की जाए, जिससे प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण पर अंकुश लगाया जा सकें। समीक्षा बैठक में जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक एके बाजपेई, अपर सचिव सीपी त्रिपाठी, विशेष कार्याधिकारी गुंजा सिंह, कनिका कौशिक, प्रभारी मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र सिंह, अधिशाषी अभियन्ता आलोक रंजन, सहायक अभियंता अजित सिंह, रुद्रेश शुक्ला समेत अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में सार्वजनिक स्थलों पर बेजुबान पशु व पक्षियों के लिए नगर निगम ने बनाए नाद

■ पशु पक्षियों व निराश्रित जंतुओं के लिए सर्वजन करें पेयजल में सहयोग : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 1 जून (देशबन्धु)। भीषण गर्मी व बढ़ते तापमान से न केवल इंसान बल्कि बेजुबान पशु व पक्षियों का भी हाल बेहद बुरा है। ऐसे में गाजियाबाद नगर निगम ने सार्वजनिक स्थानों पर नाद बनाई हैं, ताकि बेजुबान पशु व पक्षी भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा सकें। साथ ही गौशाला में पंखों तथा कूलर की व्यवस्था की गई है। गोवंशों को गर्मी से राहत देने के लिए दिन में दो बार उनको स्नान भी कराया जा रहा है।

इसको लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने निर्देश दिए हैं कि व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त होनी चाहिए। उन्होंने बताया बाकी कि पशु पक्षियों तथा निराश्रित जंतुओं के लिए भी सार्वजनिक स्थलों पर नाद बनवाकर पानी की व्यवस्था कराई गई है, सर्वजन से भी नगर आयुक्त ने निराश्रित



जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था की अपील की है।

उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में सार्वजनिक स्थलों पर नाद बना कर पेयजल जीव जंतुओं के लिए रखा गया है, सभी जोन के अंतर्गत ये कार्य कराया गया है, जिससे पशु पक्षियों तथा निराश्रित जंतुओं को पानी की प्राप्ति हो सके, गाजियाबाद नगर निगम



जलकल विभाग द्वारा राहगिरियों के लिए भी वाटर एटीएम तथा पियाऊ के माध्यम से पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है।

पेड़ पौधों में भी नियमित सिंचाई का कार्य कराया जा रहा है, कई सामाजिक संस्थाएं भी गर्मी के दौरान पियाऊ लगाकर सहयोग कर रही हैं। नगर आयुक्त ने महाप्रबंधक जल, प्रभारी उद्यान को मुख्य रूप से पेयजल की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## सार संक्षेप

### पंजाब की बुजुर्ग महिला ने 13वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम की पार्श्वनाथ मैजेस्टिक सोसाइटी में शनिवार को एक बुजुर्ग महिला ने 13वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। अनीता अग्रवाल 67वर्षीय यह महिला पंजाब से अपनी बेटी के पास आई थी। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र देव ने बताया कि आज सुबह अनिता अग्रवाल ने 13 मंजिल के टावर की छत से कूद कर अपनी अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उसकी बेटी निधि ने बताया कि वह रीढ़ की हड्डी में दर्द की वजह से तनाव में थीं। पुलिस ने उनके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भीषण गर्मी से परेशान खोड़ावासी, बिजली कटौती जारी

**खोड़ा।** एक तरफ सूर्य देव की त्योरियां चढ़ने से लोगो को भीषण लू और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। वही दूसरी तरफ सप्लाई फेल हो जाने अथवा लोकल फाल्ट की वजह से लोगो को प्रचंड गर्मी के समय बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ रही है। दिन हो या रात्रि लोगों को चिंता बनी रहती है कि अचानक कब बिजली गुल हो जाय। दीपक विहार निवासी सुभम दूबे ने बताया कि निकाय क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि दस के बाद अचानक बिजली कट गई। रात्रि बारह बजे तक आने जाने का सिलसिला जारी रहा। रात्रि बारह बजे के बाद बिजली सुचारू होने के बाद लोगो ने राहत की सांस ली। यही स्थिति इंदिरापुरम वैशाली वसुंधरा में भी रही। उपखंड अधिकारी प्रथम पी के सिंह ने बताया कि सेक्टर-62 स्थित में सप्लाई फेल होने की वजह से बिजली कटी थी।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो युवक घायल

**नोएडा।** एडवंट के सामने तेज रफ्तार कार की टक्कर से पैदल जा रहे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। एक घायल युवक के पिता ने एक्सप्रेसवे थाने में अज्ञात कार चालक के संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया है। शिकायत में दादरी निवासी करतार सिंह ने बताया कि उनका पुत्र लवीश अपने साथी सचिन के साथ गुरुवार को परी चौक से बस द्वारा एडवंट चौराहे पर आया था। शाम छह बजे के करीब बस से उतरकर जब दोनों पैदल चल रहे थे तभी परी चौक की तरफ से तेज रफ्तार से आई कार ने दोनों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बजाय आरोपी कार चालक वाहन समेत फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया और हादसे की जानकारी पुलिस और परिजनों को दी। कार और आरोपी चालक की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।


**Name Change**

I, Arvind Veer Gupta s/o Shri Harish Chandra Gupta r/o 211, Cariappa Marg, Sainik Farms, New Delhi -110062 have changed the name of my minor son, Shaurya Veer aged about 14 years and he shall hereafter be known as Shaurya Veer Gupta.


## रामलीला मैदान को किया गया साफ

■ 2000 किलो कचरे को भेजा एमआरएफ सेंटर ■ अधिकारी, संस्था ने मिलकर चलाया अभियान

**नोएडा,** 1 जून (देशबन्धु)। स्वच्छ नोएडा, स्वस्थ्य नोएडा को चरितार्थ करते हुए नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को सेक्टर-62 स्थित रामलीला मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत लगभग 500 सहभागियों जिसमें एनईए, फोनरवा और डीडीआरडब्लूए की टीम ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सभी ने मिलकर 250 से 300 बोरियां करीब 2000 किलो के आसपास कचरे को उठाया। इस कचरे को एमआरएफ सेंटर भेज दिया गया है। यहां वैज्ञानिक रूप से इस कचरे का निपटारा कर दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, महाप्रबंधक (जल) आरपी सिंह, उपमहाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य), एसपी सिंह, उपमहाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल एवं प्राधिकरण के समस्त वरिष्ठ प्रबंधक, उप निदेशक,



गाईडेड फॉर्च्यून समिति की समस्त टीम, आईएलआरटी की टीम से सभी सदस्य एवं 50 सफाई मित्र एवं अन्य नागरिकों ने मिलकर भूखंड की सफाई की। इसके बाद स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

सीईओ लोकेश एम ने संबोधित हुए सभी निवासियों से अपील की गई कि अपना कूड़ा स्वयं सेग्रीगेट करें एवं कूड़े का सेग्रीगेशन 5 श्रेणियों क्रमशः सूखा कूड़ा, गीला कूड़ा, सेनेट्री कूड़ा, घरेलू खतरनाक कूड़ा और ई-वेस्ट में करें। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि नोएडा के लगभग 21 सेक्टरों में 5 श्रेणी सेग्रीगेशन का पूर्णतः अनुसरण किया जा रहा है और प्रत्येक घर से सेग्रीगेशन किया जा रहा है।उसके बाद डीडीआरडब्ल्यूए अध्यक्ष एनपी सिंह द्वारा नोएडा प्राधिकरण की स्वच्छता के प्रति इस पहल की सराहना की ओर साथ ही यह आश्वासन दिया कि सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को नोएडा के अन्य स्थानों पर भी प्लॉगिंग अभियान चलाया जाएगा, जिससे नोएडा शहर को ओर भी स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

## 100 मोबाइल फोन व 35 लैपटॉप चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ पीजी में रात 2 से सुबह 6 बजे तक करते थे चोरी
■ 90 सीसीटीवी फुटेज के बाद हुई पहचान

**नोएडा,** 1 जून (देशबन्धु)। 100 से अधिक मोबाइल और 35 लैपटॉप चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को नोएडा की थाना सेक्टर-126 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मोहम्मद इमरान और सुशील कुमार हुई है। ये लोग गर्मी के दिनों में पीजी और हॉस्टल में स्टूडेंट्स के कमरे से मोबाइल और लैपटॉप चोरी करते थे। जिनको दिल्ली या अन्य स्थानों पर बेच देते थे।

डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि रायपुर स्थित पीजी के पीड़ित स्टूडेंट्स ने थाना सेक्टर-126 पुलिस को शिकायत दी थी कि 24 मई की सुबह उनके पीजी स्थित रूम से लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए है। इसके अलावा उनके



पड़ोस में रहने वाली उनकी महिला साथियों के भी लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने टीम बनाई। पीजी के अलावा अन्य स्थानों पर लगे 90 सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। जिससे चोरों की पहचान हो सकी। इसके बाद पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मुखबिर के जरिए थाना क्षेत्र के पुश्ता रोड रायपुर गांव के सामने से दो लोगों को गिरफ्तार किया। ये लोग स्पलेंडर बाइक से चोरी का मॉल ठिकाने लगाने जा रहे थे। मोटरसाइकिल भी चोरी की थी जिस पर नंबर प्लेट नहीं था। इनकी पहचान मोहम्मद इमरान और सुशील कुमार हुई। इनके पास से संबंधित थाना क्षेत्र से चोरी किए गए 2 लैपटॉप व 03 मोबाइल फोन इसके अलावा अन्य थाना क्षेत्रों से चोरी किए गए 05 लैपटॉप, 16 विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद किए गए।

डीसीपी ने बताया कि दोनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी है। दोनों अधिकांश गर्मियों के दिनों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि ये रात के समय कुछ लोग गर्मी के कारण अपने पीजी व अन्य किराये के कमरों को खोलकर सोते है। दोनों बदमाश रात में 02 से सुबह 06 बजे के बीच अधिकांश घटनाएं करते है। दोनों ऐसे कमरों को घूम-घूमकर देखकर दबे पांव लैपटॉप, मोबाइल फोन व अन्य कीमती सामान को चोरी कर ले जाते है।

## सर्विस रोड तक बढ़ गई दुकान, अंजान बना हुआ नगरपालिका

**खोड़ा,** 1 जून (देशबन्धु)। सर्विस रोड पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण की वजह से लोगो को परेशानी हो रही। दुकानदारों ने सर्विस रोड पर ही मोटर गैराज ई रिक्शा इन्वर्टर बैटरी हार्डवेयर परचून आदि दुकानें सजा ली है। रही सही कसर को बिल्डर ने रोड पर ईंट सजाकर पूरी कर ली है। सर्विस रोड से पैदल राहगीरों और दुपहिया चारपहिया वाहनों को दाएं बाएं होकर निकलना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं की जाती। दीपक विहार और राजीव विहार के सामने मुख्य मार्ग के साथ सर्विस रोड बना हुआ है। सर्विस रोड का निर्माण कई वर्ष पहले नोएडा प्राधिकरण द्वारा कराया गया था। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों द्वारा इसे खोड़ा नपा में शामिल करने की मांग की गई। लेकिन नोएडा प्राधिकरण द्वारा सहमति नहीं दी गई। नोएडा प्राधिकरण देखरेख भी नहीं करता। इसके साफ सफाई का कार्य नपा द्वारा कराया जाता है। स्थानीय निवासी संजय मिश्रा ने बताया कि दुकानदारों द्वारा सर्विस रोड पर पूरी तरह से अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे लोगो को आवागमन में परेशानी हो रही है। नगर पालिका परिषद के प्रभारी अधिशासी अधिकारी के के मिश्र का कहना है कि सर्विस रोड पर अतिक्रमण की लगातार शिकायते मिल रही है। जल्द ही अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

## फर्जी कर्ज दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 9 गिरफ्तार

**नोएडा,** 1 जून (देशबन्धु)। लोगों को फर्जी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपए ठगी करने वाले 9 लोगों को थाना सेक्टर-63 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 2 लैपटॉप, 16 स्मार्ट फोन, 8 कीपैड फोन, 16 कापियां और 5 लाख 26 हजार रुपए नगद बरामद किए गए।

ये लोग मुद्रा फाईनेंस कंपनी के नाम पर लोन दिलाने और फाइल चार्ज एवं लोन के अन्य खर्चो के नाम पर धोखाधड़ी करते थे। एडीसीपी ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि 30 मई 2024 को सेक्टर-68 निवासी की ओर से नोएडा के थाना सेक्टर-63 की साइबर हेल्प डेस्क पर सूचना दी गई कि 5 मई 2024 को एक व्यक्ति ने उनके पास आया और बताया कि उसकी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। उसने अपने मित्र से पैसे मंगाये हैं। लेकिन उसका बैंक खाता न होने के कारण वो उसे रुपये नहीं भेज पा रहा है। जिस पर आवेदिका द्वारा उपरोक्त व्यक्ति के कहने पर पैसा अपने खाते में मंगवा लिया। और मनी ट्रांसफर की दुकान में जाकर उपरोक्त व्यक्ति के खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया।

कुछ समय बाद आवेदिका का खाता फ्रीज हो गया जिसकी जानकारी के लिए जब आवेदिका अपने बैंक की शाखा में गयी तो



■ लोगों को जाल में फंसाकर प्रोसेसिंग फीस व अन्य खर्चे के नाम पर वसूलते थे मोटी रकम

बैंक वालों ने बताया कि 5 मई 2024 को आवेदिका के खाते में फ्रॉड का पैसा आया था। जिसके कारण साइबर क्राइम पुलिस और बिहार द्वारा आवेदिका का खाता फ्रीज करवा दिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू की तो फर्जी वाड़े के तार जुड़ते चले गए। इसके बाद नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान शिवकुमार वर्मा, रवि सागर, कुरूमुर्ति, प्रकाश कुमार, शेखर यादव, श्रीकांत, राजशेखर, वेंकटेश और साई कुमार हुई है।

**फेसबुक से जरुरतमंद लोगों की आईडी लेकर 40 रुपए प्रति आईडी अपने साथियों को देता था**

पकड़े गए सभी लोग मुद्रा फाईनेंस कंपनी के नाम पर जरूरतमंद लोगों को फोन करके फर्जी लोन दिलाने के नाम पर फाइल चार्ज एवं लोन के अन्य खर्चों के नाम पर खातों में पैसे ट्रांसफर कराते थे। पूछताछ में शेखर ने बताया कि वह फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया वेबसाइट से जरूरतमन्द लोगों का डाटा निकालकर उसे अपने साथियों व लोन के नाम पर आनलाइन ठगी करने वाले अन्य लोगों को 40 रुपए प्रति आईडी के हिसाब से बेच देता था। फ्रॉड का पैसा निकलवाने के लिए एकाउंट और सिम कार्ड भी पैसा लेकर उपलब्ध कराता था।

**इसके बाद अन्य साथी उस आईडी पर करते थे फोन**

दिए गए डाटा से लोन के जरूरतमंद लोगों को कॉल करके फाइल चार्ज व लोन के अन्य चार्ज के बहाने पैसा ऑनलाइन ट्रासफर करवा लेते थे। फ्रॉड के पैसों का 12 प्रतिशत खाताधारक को, 40 प्रतिशत कॉल करने वाले को और बाकी का 48 प्रतिशत पैसा शेखर यादव व मुख्य बदमाश शिवकुमार के पास रह जाता था। इनके कब्जे से जो पैसे बरामद हुए हैं वह आनलाईन ठगी के हैं।

## नोएडा में कार से स्टंट का वीडियो वायरल

■ कार की खिड़की पर पैर रखकर कर रहा स्टंट
■ ट्रैफिक पुलिस ने काटा 38 हजार का चालान

**नोएडा,** 1 जून (देशबन्धु)। नोएडा में रियल बनाने का खुमार युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। फेमस होने के लिए नौजवान तरह-तरह की वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करते दिखाई देते हैं। कार से स्टंट करने का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक कार की खिड़की पर खड़े होकर स्टंटबाजी करते हुए नजर आ रहा है, हालांकि पुलिस ने इसका 38 हजार का चालान भी काटा हैं। सोशल मीडिया पर 16 सेकंड का ये वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में यूजर्स ने नोएडा ट्रैफिक पुलिस से कड़ी कार्रवाई की अपील भी की है। पुलिस ने सोशल मीडिया के इस वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार नंबर के आधार पर 38 हजार का चालान किया। पुलिस ने कहना है कार चालक की तलाश की जा रही है। कार भी सीज की जाएगी। बता दे नोएडा में अक्सर कार से इस तरह के स्टंट करते लोग दिख जाएंगे। जिनका चालान नोएडा ट्रैफिक पुलिस की ओर से किया जा रहा है। डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने लोगों से अपील की है कि वे इस तरह का स्टंट न करे। ऐसा करने से आप अपनी और दूसरों की जान भी जोखिम में डाल रहे है।

## यशोदा अस्पताल के चिकित्सकों ने रिवर्स टोटल शोल्डर आर्थोप्लास्टी में हासिल की सफलता

**गाजियाबाद,** 1 जून (देशबन्धु)। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशाम्बी के ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. अखिल कुलश्रेष्ठ ने रिवर्स टोटल शोल्डर आर्थोप्लास्टी सफलतापूर्वक की। यह जटिल प्रक्रिया पूरे गाजियाबाद क्षेत्र में की गई पहली कुछ सर्जरी में से एक है, जो अस्पताल की अत्याधुनिक चिकित्सा देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

शनिवार को एक प्रेसवार्ता में डॉ. कुलश्रेष्ठ ने बताया कि एक मरीज दिसम्बर 2023 में एक अस्पताल में प्रोक्सिमल ह्यूमरस फेक्चर के लिए असफल उपचार करवाया था। अप्रैल 2024 में लगातार दर्द और सीमित कंधे की गतिशीलता के साथ यशोदा



**रिवर्स टोटल शोल्डर आर्थोप्लास्टी एक अत्यंत असामान्य और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण सर्जरी : डॉ. कुलश्रेष्ठ**

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल आया। डॉ. अखिल और उनकी टीम की विशेषज्ञ देखरेख में रिवर्स टोटल शोल्डर आर्थोप्लास्टी करने का निर्णय लिया गया। रिवर्स टोटल शोल्डर आर्थोप्लास्टी एक अत्यंत असामान्य और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण सर्जरी है। इस प्रक्रिया में. ह्यूमरस के ऊपरी सिरे में एक कप के आकार का कृत्रिम अंग और संबंधित स्कैपुला में एक गेंद के आकार का कृत्रिम अंग डाला जाता है।

डॉ. अखिल कुलश्रेष्ठ, डॉ. सुनील शर्मा (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट), वरिष्ठ ओटी तकनीशियन रतन और पूरी ओटी टीम की मदद से सर्जरी को अत्यधिक सटीकता के साथ पूरा किया। सफल ऑपरेशन के परिणामस्वरूप, मरीज अगले ही दिन दर्द-मुक्त हो गया।

निरंतर फिजियोथेरेपी के साथ, मरीज की कंधे की गतिशीलता दिन-प्रतिदिन बेहतर होती जा रही है। जिससे उसकी जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। डॉ. अखिल कुलश्रेष्ठ ने कहा कि रिवर्स टाटल शोल्डर आर्थोप्लास्टी एक असामान्य प्रक्रिया है। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन, डॉ. पीएन अरोड़ा ने कहा कि यह सफल सर्जरी हमारे अस्पताल की उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाओं को अपनाने और उत्कृष्ट रोगी देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## प्रथम यूपी स्टेट चार दिवसीय जूनियर मेजर बैडमिन्टन टूर्नामेंट 4 से

**गाजियाबाद,** 1 जून (देशबन्धु)। प्रथम यूपी स्टेट चार दिवसीय जूनियर मेजर बैडमिन्टन टूर्नामेन्ट 4 जून से 7 जून, 2024 तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता गाजियाबाद बैडमिन्टन एसोसिएशन के तत्वाधान में महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगी। इस प्रतियोगिता में ईस्ट-जोन चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने वाली उप्र की टीम का चयन किया जाएगा।

इस टूर्नामेन्ट में उप्र के विभिन्न जनपदों से लगभग 250 बालक व बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। गाजियाबाद के 55 बालक तथा 26 बालिका खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेन्ट में भाग लेने हेतु अपनी एन्ट्री लखनऊ भेजी है।

प्रतियोगिता की प्राइज मनी एक लाख रूपए है।

प्रतियोगिता के आयोजक ललित जायसवाल व नरेंद्र शर्मा ने एक प्रेस




वार्ता में बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल होंगे तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. पीएन अरोड़ा होंगे। समारोह की अध्यक्षता गाजियाबाद बैडमिन्टन एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित जायसवाल करेंगे। नाक-आउट आधार पर आयोजित इस टूर्नामेन्ट को उप्र बैडमिन्टन एसोसिएशन की तकनीकी समिति संचालित करेगी।

उवाच

चार धाम यात्रा के लिए जिन यात्रियों ने पंजीकरण प्रतिक्रिया पूरी नहीं की है। ऐसे श्रद्धालुओं चार धाम की यात्रा पर ना जाएं। क्योंकि बिना पंजीकरण वाले यात्री निर्धारित चेक पॉइंट्स पर रोक दिए जाएंगे और उसके आगे नहीं जा सकेंगे। साथ ही जिलाधिकारी ने टूर ऑपरेटर तथा ट्रैवल एजेंटों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि उनके ग्राहकों द्वारा यात्रा प्रारंभ करने से पहले आवश्यक पंजीकरण करा लिया गया है।
**मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**



# जिम्स में उप्र के पहले सार्वजनिक अस्पताल में इंक्यूबेशन सेंटर लॉन्च

- **जिम्स में चिकित्सा के क्षेत्र में 15 स्टार्टअप वर्तमान में कर रहा है काम**
- **मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी जिम्स के इन्यूबेशन सेन्टर को कर रहा है सहयोग**





**ग्रेटर नोएडा,** 1 जून (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा नवाचार में क्रांति लाने के लिए तैयार एक अभूतपूर्व कदम में राजकीय आयुर्वेदिक संस्थान ने पहले सार्वजनिक अस्पताल-आधारित इन्क्यूबेशन सेंटर के उद्घाटन किया। सेंटर फॉर मेडिकल इनोवेशन-जिम्स का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. अतुल गोयल, महानिदेशक, चिकित्सा सेवाएं, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार और बीआईआरएसी में इनक्यूबेशन के प्रमुख डॉ. छाया चौहान के साथ किया। इस अवसर पर आईआईटी जैसे प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। डीजीएचएस ने बीमारियों के होने से पहले ही रोकने के लिए प्राथमिक रोकथाम की आवश्यकता पर जोर दिया, उन्होंने सभी स्टार्ट अप संस्थापकों के साथ बातचीत की और उन्हें निदान और उपचार के बजाय निवारक बीमारियों पर काम करने की सलाह दी।

उन्होंने जीआईएमएस में एनसीडीसी के सहयोग से पैरामेडिकल छात्रों के लिए एनसीडी क्लिनिक और प्रशिक्षण शुरू करने की भी सलाह दी। इस अवसर पर जिम्स के निदेशक डॉ. ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक उल्लेखनीय यात्रा शुरू की है। डॉ. गुप्ता की अटूट प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता ने जीआईएमएस को प्रगति और समावेशिता के लोकाचार को मूर्त रूप देते हुए चिकित्सा उन्नति में सबसे आगे बढ़ाया है।

जिम्स इनक्यूबेशन के प्रमुख डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक के साथ नैदानिक विशेषज्ञता के तालमेल से 30 से अधिक स्टार्टअप पहले से ही इनक्यूबेट किए जाने के साथ, जिम्स चिकित्सा उपकरणों, सॉफ्टवेयर समाधान और बीमारी की रोकथाम पहलों में फैले एक विविध पोर्टफोलियो का दावा करता है।

उत्तर प्रदेश में दो स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी बायोडिजाइन सेंटरों में से एक के रूप में, जीआईएमएस उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में उभरा है। इसके अलावा, जीआईएमएस-संबद्ध स्टार्टअप ने ग्लोबल बायो इंडिया और शार्क टैंक सत्र जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में प्रतिनिधित्व के साथ अंतरराष्ट्रीय मान्यता हासिल की है। जिम्स का इनक्यूबेशन सेंटर सिर्फ कार्यक्षेत्र से कहीं अधिक प्रदान करता है। इस अवसर पर वन हेल्थ एनसीडीसी की संयुक्त निदेशक डॉ. सिमी तिवारी, डॉ. मनीषा आचार्य, डॉ. निखिल अग्रवाल, सीईओ-एसआईआईसी आईआईटी कानपुर, डॉ. सत्वशील पोवार निदेशक और आईआईटी मंडी कैटलिस्ट के संकाय प्रमुख, डॉ. मनीषा आचार्य, निदेशक श्रॉफ, डॉ. आभा ऋषि, बिमटेक, डॉ. अर्चना कुमारी, सलाहकार एनओटीपी आदि मौजूद रहे।

## चार धाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जून (देशबन्धु)। उत्तराखंड सरकार द्वारा चार धाम यात्रा 2024 के तीर्थ यात्रियों के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की है। उत्तर प्रदेश के चार धाम यात्रा पर जाने वाले सभी इच्छुक श्रद्धालुजन पंजीकरण कराने के बाद ही वहां जाएं। बगैर पंजीकरण यात्रा के लिए जाने पर तीर्थ यात्रियों को असुविधा हो सकती है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि ने बताया कि चार धाम की यात्रा पर जाने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण हेतु उत्तराखंड शासन द्वारा URLhttps://registrationandtourist-care.uk.gov.in/signin अथवा मोबाइल Tourist Care Uttrakhand पर जाकर अपना पंजीकरण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हर हर श्रद्धालु/तीर्थयात्री/पर्यटक जो चार धाम (गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ एवं केदारनाथ) की यात्रा करना चाहता है, वह यूआरएल अथवा ऐप पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि चार धाम यात्रा के लिए जिन यात्रियों ने पंजीकरण प्रतिक्रिया पूरी नहीं की है। ऐसे श्रद्धालुओं चार धाम की यात्रा पर ना जाएं। क्योंकि बिना पंजीकरण वाले यात्री निर्धारित चेक पॉइंट्स पर रोक दिए जाएंगे और उसके आगे नहीं जा सकेंगे। साथ ही जिलाधिकारी ने टूर ऑपरेटर तथा ट्रैवल एजेंटों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि उनके ग्राहकों द्वारा यात्रा प्रारंभ करने से पहले आवश्यक पंजीकरण करा लिया गया है।

## मतगणना के दिन मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन पूरी तरह रहेगा बंद

**ग्रेटर नोएडा।** लोकसभा चुनाव के बाद 4 जून को मतगणना किया जाएगा, इस दौरान पूरे प्रदेश में मादक पदार्थों की बिक्री पूरी तरह से बंद रहेगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत आगामी 4 जून को फूल मंडी फेस-2 नोएडा में होने वाली मतगणना के परिप्रेक्ष्य में जिले के समस्त देसी शराब, विदेशी, मदिरा, बियर, मॉडल शॉप्स एवं भांग की फुटकर बिक्री की दुकानें तथा मदिरा के थोक अनुज्ञापनों, सैन्य कैंटीनें, होटल, बार, रेस्टोरेंट्स, क्लब तथा अन्य संस्थानों के आबकारी अनुज्ञापनों से समस्त मादक पदार्थों की बिक्री एवं परिवहन पूर्णतया बंद रहेगा। इस अवधि में बंदी के फलस्वरुप अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का कोई प्रतिफल आदि देय नहीं होगा। इस आदेशों का जिले में कड़ाई से पालन किया जाएगा।

## आरडब्लूए सेक्टर-37 के अध्यक्ष बने राजेश चौधरी, एक मत से दर्ज की जीत

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जून (देशबन्धु)। आरडब्ल्यूए सेक्टर-37 का चुनाव जिला समाज कल्याण अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुआ। कुल दो पदों पर चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद पर राजेश



चौधरी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी महेंद्र सिंह को 1 वोट से पराजित किया। राजेश चौधरी को 100 मत मिले तथा महेंद्र सिंह को 99 मत मिले और धनराज नागर को 97 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर विवेक राजपूत ने मोनू को 106 मतों से पराजित किया। बाकी सदस्य निर्विरोध घोषित हुए, जिसमें महासचिव पर अजब सिंह सोलंकी, उपाध्यक्ष पद पर मुकेश, संदीप, विशाल, विधि सलाहकार पर पवन कुमारी, वित्तीय सलाहकार राम प्रसाद शर्मा, सहसचिव रोबिन भाटी, सांस्कृतिक सचिव नितिन नागर, सदस्य अजय कुमार रस्तोगी आदि निर्वाचित हुए। इस मौके पर फेडरेशन ऑफआरडब्ल्यूऐज ग्रेटर नोएडा के उपाध्यक्ष आलोक नागर, सुनील प्रधान, जय सिंह भाटी, रवि भाटी, अरविंद मलिक, वीरेंद्र डेढ़ा, दिलावर डेढ़ा,आनंद डेढ़ा, आदेश डेढ़ा, राजूभाटी, विनोद भाटी, बृजेश भाटी एडवोकेट, अनिल भाटी काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नौ लाख के लुटेरों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

- **पुलिस सीसीटीवी कैमरों व सर्विलांस की मदद से लुटेरों तक पहुंचने की कर रही है दावा**

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जून (देशबन्धु)। थाना बीटा-2 क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में शुक्रवार को हुई दिल्ली के कैश कलेक्शन एजेंट से 9 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस को कोई सुराग हासिल नहीं हुआ है। शनिवार को घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ रही। पुलिस ने घटना स्थल से लेकर आसपास के इलाकों में करीब 115 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इनमें कुछ कैमरों में लुटेरों की बाइक दिखाई दे रही है लेकिन फुटेज का एंगल और गुणवत्ता इस प्रकार की नहीं है कि उससे बाइक के नंबर का पता चल सके। पुलिस ने लुटेरों की तलाश में चार टीमों का गठन किया है। यह टीमें आसपास के जिलों में भी लुटेरों की खोजबीन के लिए संपर्क में जुटी हैं। दावा किया जा रहा है कि लुटेरे जल्द ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। दिल्ली के कैश कलेक्शन एजेंट संतोष कुमार से दिन दहाड़े अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग करते हुए 9 लाख रुपए लूट लिए थे। अब तक जांच में सामने आया है कि लुटेरे लूट की घटना के बाद घटना स्थल के आसपास लगे किसी भी कैमरे में नहीं दिखे हैं। परी चौक के आसपास लगे कैमरों में उनकी बाइक दिखाई दी है। इस पर पुलिस मान रही है कि वारदात को अंजाम देने के बाद वह सूरजपुर या नोएडा की ओर चले गए हों। दूसरी बात यह भी मानी जा रही है कि लूट के बाद बदमाशों ने बाइक को कहीं छिपा दिया हो और वह अन्य किसी माध्यम से यहां से निकल गए हों। इस तरह कई पहलुओं पर घटना की जांच चल रही है। एडीपीसी अशोक कुमार कहते हैं कि लुटेरों की खोजबीन की जा रही है। कई बिंदुओं पर काम चल रहा है। जल्द ही लुटेरे पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## एकेटीयू के प्रायोगिक परीक्षाओं में भी बायोमैट्रिक होगी उपस्थिति

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जून (देशबन्धु)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार को कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे के अध्यक्षता में परीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पर चर्चा की गई, जिसमें अब लिखित परीक्षाओं की तरह ही प्रायोगिक परीक्षाओं में भी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थित दर्ज करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई।

इसके अलावा कैरी ओवर परीक्षाओं को बहुविकल्पीय प्रश्न यानी एमसीक्यू प्रारूप में करने पर चर्चा हुई। इसके लिए एक समिति बनाने पर विचार किया गया। जिससे कि कैरी ओवर परीक्षाओं के परिणाम जल्द घोषित किया जा सकेंगे। प्रस्ताव को परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राजीव कुमार ने प्रस्तुत किया। कुलसचिव रीना सिंह वित्त अधिकारी सुशील कुमार गुप्ता, डीन यूजी प्रोफेसर अनुराग त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य ऑनलाइन जुड़े थे।

# विश्वविद्यालय के बाउंसरों ने वाहन चालकों को बंधक बनाकर की पीटा

**दनकौर,** 1 जून (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में स्थित एक विवि के बाउंसरों पर वहां काम करने वाले 8 लोगों की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा है। शनिवार को सभी घायल दनकौर कोतवाली पहुंचे और पुलिस से मामले की शिकायत की गई। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। रीलखा गांव के रहने वाले अमित, विकास, अनिल, विनोद, दीपक, नरेंद्र, उदय और बबलू क्षेत्र में स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में वर्ष 2019 से गाड़ी चलाते हैं। सभी का आरोप है कि कुछ बाउंसर उनको काफी समय से उन्हें प्रताड़ित कर रहे



है। आरोप है कि विवि में तैनात कुछ लोग बाउंसरों के साथ मिलकर उन पर गाड़ियों से तेल चोरी करने का आरोप लगाते हैं। उनका कहना है कि शनिवार को सभी लोगों में इसका विरोध किया, जिसके चलते बाउंसरों ने उन्हें बंधक बना लिया। आरोप है कि इसके बाद उनको कमरे में बंधक बनाकर लाठी डंडों और लात घूंसों से जमकर पिटाई की गई। घटना में कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद सभी घायल कोतवाली पहुंचे और पुलिस से मामले की शिकायत की गई। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वशीकरण के बहाने दुष्कर्म करने का आरोपी जीजा गिरफ्तार

**दनकौर,** 1 जून (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के ठसराना गांव में वशीकरण के नाम पर एक महिला से होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी जीजा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को कहना है कि आरोपी मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। जिसको शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पीड़ित महिला के पति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि करीब 7 महीने पहले उसकी पत्नी के साथ गांव के लोकेश नाम के व्यक्ति ने एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया था। बताया जाता है कि आरोपी उसकी



पत्नी का जीजा है। महिला के पति का आरोप है कि परिवार के लोगों पर वशीकरण के बहाने आरोपी उसकी पत्नी को बाहर ले गया था। जहां उसके साथ होटल में आरोपी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके चलते पीड़ित ने मामले की शिकायत नहीं की थी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी के दुष्कर्म की वजह से महिला गर्भवती भी हो गई थी। जिसकी जानकारी पीड़ित करीब 10 दिन पहले परिवार के लोगों को दी थी। जिसके आधार पर परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया था। जिसके आधार पर पुलिस ने फरार आरोपी लोकेश को शनिवार को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



- **भीषण गर्मी में सेक्टर-62 सी ब्लॉक में लोगों को शर्बत पिलाते सामाजिक लोग।**

**NAME CHANGE**
I, Anshu Agarwal W/o Pankaj Agrawal R/o B-378, New Friends Colony, New Delhi have changed my name to Anshhu Agrawal for all purposes in future.

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति किया जागरुक

- **हरित भविष्य के लिए सफल पौधारोपण अभियान का आयोजन**

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जून (देशबन्धु)। जीएल बजाज के रोटारैक्ट क्लब ने हरित भविष्य के लिए सफल पौधारोपण अभियान का आयोजन किया। यह पौधा रोपण अभियान नॉलेज पार्क-3 में एबी हॉस्टल से लेकर कॉलेज तक और कॉलेज के प्रांगण में चलाया गया, जिसके अंतर्गत फल फूल से लेकर वनीय पौधे लगाकर पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस पहल में जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही जिन्होंने उत्साहपूर्वक 100 पौधे लगाए। इस पौधारोपण में जामुन, नीम, पीपल, आंवला, अर्जुन सीरस और बांस जैसे विभिन्न प्रकार के पेड़ शामिल थे, जो पर्यावरण संतुलन में योगदान करते हैं और क्षेत्र में हरित आवरण को बढ़ाते हैं। संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि इस पौधारोपण अभियान की



सफलता हमारे आस-पास के वातावरण पर सहयोगी प्रयासों के सकारात्मक प्रभाव को उजागर करती है, और यह अन्य संस्थानों के लिए अनुसरण करने के लिए एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करेगी। कॉलेज के निदेशक डॉ. मानस कुमार मिश्रा ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि जीएल बजाज के रोटारैक्ट क्लब का यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सेवा के प्रति क्लब के निरंतर समर्पण को दर्शाता है।

# स्टॉक मार्केट में पैसा लगाने की लालच देकर ठगे 45 लाख रुपए

**ग्रेटर नोएडा,** 1 जून (देशबन्धु)। मोटा मुनाफा दिखाकर एक व्यक्ति से साइबर ठगों ने 45 लाख 69 हजार रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने ऐप पर स्टॉक मार्केट में शेयर खरीदने पर डिस्काउंट ऑफर किया। मोबाइल फोन में वेब एप्लीकेशन डाउनलोड कर पहली बार पीड़ित ने 50 हजार रुपए लगा दिए। बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, एवीजे होम्स बीटा-2 निवासी दीपक जैन अपनी पत्नी दीपिका जैन के साथ रहते है। दीपक जैन की तरफ से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें व्हाट्सएप पर नोर्डिया रिटेल वीआईपी नाम से एक कंपनी से स्टॉक मार्केट की जानकारी मिली। ग्रुप पर स्टॉक मार्केट के मुकाबले शेयर खरीदने पर डिस्काउंट ऑफर किया जा रहा था। लालच में आकर उन्होंने सबसे पहले 50 हजार रुपए शेयर खरीदने में लगा दिए। उनके मोबाइल पर एक एप्लीकेशन भी डाउनलोड भी कराई गई। जिसमें शेयर संबंधित और उनकी पूरी डिटेंल दिखाई देती थी। उसके बाद कई बैंकों में ठगों ने अलग-अलग खातों में उनसे 45 लाख 69 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। मोबाइल एप्लीकेशन पर उन्हें जब काफी मोटा मुनाफा और अपनी रकम दिखाई दी तो उन्होंने निकालने का प्रयास किया।

पीड़ित का कहना है कि उन पैसों को निकालने के लिए अकाउंट सेटलमेंट करने के नाम पर और पैसे ले लिए। साथ ही 18 प्रतिशत की जीएसटी के नाम उलटे उनसे और पैसे बैंकों में ट्रॉसफर करा लिए। उसके बाद भी पैसे नहीं निकले तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पारसौल में उप जिलाधिकारी, तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर के पत्रांक-380/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 16.05.2024 के अनुसार मृतक स्व0 श्रीमती जगपाली पत्नी शीशपाल सिंह व श्री शीशपाल पुत्र श्री हुक्म सिंह निवासी ग्राम पारसौल परगना दनकौर तहसील जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना पस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 15 571 578 1097 1103 | स्व0 श्रीमती जगपाली पत्नी शीशपाल सिंह व श्री शीशपाल पुत्र श्री हुक्म सिंह निवासी दनकौर तहसील जिला गौतमबुद्धनगर | श्री प्रेमपाल सिंह | पुत्र | 64 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री तेजवीर सिंह | पुत्र | 66 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री रीना लाम्बा | पुत्री | 62 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पारसौल में उप जिलामजिस्ट्रेट, गाजियाबाद के पत्रोंक 272/अह.राजस्व-एस.डी.ओ.गाजि./2020 दिनांक 11.02.2020 के अनुसार मृतक स्व0 श्री भूपेन्द्र सिंह मलिक पुत्र प्रताप सिंह निवासी म0नं0-483, रमते राम रोड तुराब नगर, तहसीलव जिला गाजियाबाद के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 356 358 | स्व0 श्री भूपेन्द्र सिंह मलिक पुत्र प्रताप सिंह निवासी म0न0-483, रमते राम रोड तुराब नगर तहसील व जिला गाजियाबाद | रमेश मलिक | पत्नी | 71 वर्ष | विधवा |
| | | | हेमन्त कुमार मलिक | पुत्र | 50 वर्ष | विवाहित |
| | | | सीमा सिंह | पुत्री | 47 वर्ष | विवाहित |
| | | | मनोज कुमार मलिक | पुत्र | 41 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पारसौल में उप जिलाधिकारी, तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर के पत्रांक-526/एस0टी0-एस0डी0एम0/2018 दिनांक 23.01.2018 के अनुसार मृतक स्व0 श्री हरि सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम पारसौल परगना दनकौर तहसील जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना पस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 1031 1138 | स्व0 श्री हरि सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम पारसौल परगना दनकौर तहसील जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती मायावती | पत्नी | 65 वर्ष | — |
| | | | श्रीचन्द | पुत्र | 45 वर्ष | — |
| | | | श्रीमती लक्ष्मी पत्नी स्व0 ब्रहम सिंह | पुत्रवधू | 37 वर्ष | — |
| | | | श्री कपिल मलिक पुत्र स्व0 श्री ब्रहम सिंह | पौत्र | 22 वर्ष | — |
| | | | श्री जयवीर मलिक | पौत्र | 21 वर्ष | — |

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

बांग्ला कहानी

# अब्बा

■ नवारुण भट्टाचार्य



जिन लोगों ने दंगा किया उनमें सदाशिव भी शामिल था यह कहना ठीक नहीं होगा, और नहीं था यह भी कैसे कह सकते हैं। क्या पुलिस ने दंगा नहीं करवाया? और वहीं हो गया झमेला। किसने किया और किसने नहीं किया उनको ढूंढना-छांटना बड़ा ही दुश्कर हो उठा था। पर हां, दंगेबाजों में सदाशिव को पकड़ लिए जाने पर भी यह मानना ही पड़ेगा कि वह ऐवेंइ (यूं ही) है।

कुछ माह पहले अन्य पड़ोसियों की देखा-देखी वह भी कहीं से एक त्रिशूल उठा लाया था घर, तब सदाशिव की मां ने कहा, क्या करेगा इसे लेकर? सदाशिव की एक टांग जरा पतली और थोड़ी टेढ़ी थी। वैसे वह बहुत दुबला और ठिगना भी था। जैसा भी हो, उस शाम को रोटी और पानी पी कर सदाशिव सो गया था तब उसकी मां ने त्रिशूल को हिलाडुला कर देखा, तो देखती क्या है कि यह तो बिलकुल ही फालतू माल है।

सोने और न सोने के बीच सदाशिव की मां को दूर से एक आवाज लय में सुनाई देती। कहीं तोज इस घनी रात में मीटिंग हो रही है। चिल्ला-चिल्लाकर कोई तो भाषण दे रहा है। इतनी रात में भी भला कोई मीटिंग करता है? सुनने वाला कोई रहता है क्या भला? असल में वह कोई मीटिंग थी ही नहीं। चौरस्ते के मोड़ पर एक सफेद एम्बेसेडर कार खड़ी थी और उसके पिछले दरवाजे को खोल दो माइक के चोंगे बाहर निकल आए थे, और भाषण बज रहा था एक कैसेट में। इससे पहले भी उन्होंने तीन और मुहल्लों में गाड़ी रोककर भाषण बजाया था। सभी जगह आधे-आधे घंटे तक यही कैसेट बज रहा था। अभी और भी दो मुहल्लों में उसे यही भाषण आधे-आधे घंटे और बजाना है।

सदाशिव ने सोचा था शराब से काफी नशा चढ़ेगा, घर पर ही बैठकर आधी बोतल गटक गया था। सिर्फ पचास ही रुपए मां को पकड़ाए थे और बाकी के ढाई सौ अपने पास रख लिए थे। इस बीच शंकर, कांजी, भाजो सभी दल-सा बना कर आए और सदाशिव को खींचकर बाहर निकाला। दल बनाकर सभी ट्रक पर चढ़ कर गए। उनके संग थी तलवार, रॉड, छुरी, सींक, एसिड और पेट्रोल बम। सदाशिव ने कमरे के कोने में टिकाया हुआ त्रिशूल उठा लिया।

सदाशिव जैसे सभी उस वक्त एक-एक जोश-मशीन थे। यह गैंग कुछ दूर जा दाएं ही मोड़ पर ठिठक गया था। मैला टी-शर्ट और बदरंग-सा ट्रैक सूट जिसे उलटकर पहने हुआ था। चेहरा सिनेमा के फटे पोस्टर के टुकड़े से ढंका हुआ और उस पर रख दी गई थी एक पूरी ईंट। इसलिए कि अगर जोर की हवा चले भी तो पोस्टर उड़कर उसके कुचले चेहरे को बेनकाब न कर दे। भाजो ने मृत देह की पेंट के जेब में हाथ डाल कर एक रुमाल जैसा ही कोई कपड़े का टुकड़ा निकाल कर फेंक दिया।

कुछ देर चुप रहने के बाद फिर वे चलने लगे, लंगड़ा होने के कारन सदाशिव पिछड़ रहा था, सामने से एक ट्रक आया। ड्राइवर की सीट की ऊपरी छत में जो लोग सर ऊंचा किए बैठे थे उनके हाथों में तलवार, बरछा लिए उन्मत्त नाचते और बदला लेने के स्लोगन सुर मिलकर गा रहे थे। सदाशिव का दल एक बार फिर जोर से जय जयकार कर उठा, और दौड़ने भी लगा। सदाशिव नहीं दौड़ता, इसलिए पीछे रह जाता। तब वह त्रिशूल अपनी लाठी बना लेता है। रास्ते में ढंग-ढंग की आवाजें आनी शुरू हो जाती हैं।

सदाशिव उनके पीछे-पीछे जब रीगल के गेट पर पहुंचा तो देखता है कि वे लोग बाहर ही खड़े हैं जिन्होंने आग लगाई थी, जिन्होंने खून किया था और बलात्कार भी उन्होंने ही किया था पर अब उन लुटेरे लोगों को घुसने ही नहीं दिया जा रहा है और बाउंड्री वाल के भीतर दो फ्लैट जल रहे हैं धू-धूकर। सदाशिव कुछ देर खड़े रहकर देखता रहा आग का तांडव और धुएं का गोल-गोल हो ऊपर को उठना। अंदर एक गाड़ी में आग भी लगी हुई थी। इस अपार्टमेंट में वह एक बार ही आया था। पीछे की ओर थोड़ी-सी खुली जमीन है वहीं के झाड़-जंगल काटने का काम मिला था भाग्येश को और वह उसी के संग यहां आया था। पीछे एक गेट भी था, वहीं काम करने वालों के लिए एस्बेस्टस लगी छत वाले लगे-लगे तीन कमरे थे। लगता है वहां उतनी लूटपाट नहीं मची, पीछे के गेट से वहां जाने पर शायद कुछ मिल ही जाए?

भूल की थी सदाशिव ने, इधर मांस जलने की बू आ रही थी, तोड़-फोड़ भी हुई थी। पुराने टायर को जलाकर मृत देह में आग लगाई गई थी, चप्पल उलटी पड़ी थी। गेट भी खुला था। शायद कुछ लोग इस ओर से भाग खड़े हुए थे। भीतर आग जल रही थी और अधजला कैलेंडर भी दिख रहा था। दरवाजे से चेहरा घुसाकर देखा था सदाशिव ने, गरम लावे जैसा था भीतर। दरवाजा टूटकर गिर गया था और उसके नीचे से एक हाथ बाहर की ओर निकल आया था। भीतर घुस कर अगर कुछ हिलाया-डुलाया जाए तो शायद कुछ मिल भी सकता है पर साहस नहीं कर पाया सदाशिव।

उसी वक्त भीतर से डरकर सांस लेने की या सांस रोकने की कोशिश करने की अस्वाभाविक आवाज से डरकर पीछे पलट कर सदाशिव ने देखा था। नहीं, कोई भी नहीं है। कुछ नहीं सिर्फ दूरी पर घर जलने की अजब-सी आवाज भर थी। शाम का उजाला रोज ही की तरह कम हो रहा था। अब लगता है कुछ और जलने को बाकी नहीं बचा था। किन्तु सदाशिव ने जो आवाज सुनी थी क्या वह गलत थी? थोड़ा डर भी लग रहा था सदाशिव को। तभी सदाशिव त्रिशूल हाथ में लिए बोल उठा था-कौन?

कोई जवाब नहीं मिला।

ज्कोई है? इसका भी जवाब नहीं आता। शरीर थर-थर कांपने लगा सदाशिव का। त्रिशूल को वह अच्छी तरह से जकड़ लिया। सदाशिव एक बारगी सोच बैठा कि उसने वो आवाज गलत सुनी थी। किन्तु क्या वह गलत था! दरवाजे के नीचे से जो एक हाथ बाहर निकला दिखाई दे रहा था क्या वह जीवित है? कराह रहा है? पर दरवाजे को हटाना उसके बस की बात नहीं।

सावधान! मेरे हाथ में किन्तु त्रिशूल है, छेद डालूंगा!

इस पर भी कोई आवाज वापस नहीं आई। दिन के वक्त का उजाला खत्म होने को था और सदाशिव ने महसूस किया कि सब कुछ कैसे जीवंत हो उठा। अंधकार घिरने से पहले सब कुछ कैसे हिल-डुलकर स्पष्ट हो उठता है। कुछ ही दूरी पर जमीन के ही ऊंचाई का एक चहबच्चा (जमा पानी) था। सदाशिव ने त्रिशूल को बरछे की तरह ऊंचा उठा लिया और चहबच्चे की ओर बढ़ा, सिर्फ काई का ही दाग दिखा, पानी नहीं के बराबर। उसके अंदर एक कोने से पीठ टिकाए, कच्छा पहने हुए एक छोटा-सा लड़का, सर मुंडा हुआ और सर पर फोड़ा, बच्चा सदाशिव को देख कर उठ खड़ा हुआ। सदाशिव त्रिशूल को ऊंचाकर खड़ा हो गया जैसे वह त्रिशूल घोंप देगा अभी, बच्चा चुपचाप-सा खड़ा था।

सदाशिव को देख उसका मुंह खुला का खुला रह गया। एक लम्हे के गुजर जाने के बाद सदाशिव का खुद ब खुद त्रिशूल वाला हाथ नीचे हो गया। उजाला भी अब सिमट चुका था। वह समझ चुका था की सदाशिव उसे नहीं मारेगा। सदाशिव भी समझ गया कि वह अब बच्चे को नहीं मार पाएगा। नशा कब का हिरन हो चुका था। अबकी सदाशिव त्रिशूल रखकर पसर गया था। सदाशिव ने एक बीड़ी सुलगा ली।

सदाशिव ने देखा कि जितनी देर वह बीड़ी के कश ले रहा था और उस बच्चे के बारे में सोच रहा था। वह बच्चा अब धीरे-धीरे उसके भीतर घर करने लगा था। जरूरत क्या है: उसके बारे में सोचने की? कितने ही तो रोज मर रहे हैं? और उधर देखो दरवाजे के नीचे से किस तरह एक हाथ बाहर निकल आया है। शायद कोई जल रहा हो, और वे जो भाग खड़े हुए हैं शायद उन्हें भी यहीं- कहीं आस पास के रास्तों में ही पकड़ लिया गया हो।

फिर से झमेले में फंस गया सदाशिव, पर बच्चे को मृत लोगों की कतार में नहीं रख पा रहा था। अगर वह लंगड़ाते हुए बाहर निकल कर चला भी जाए तो कोई कुछ कहने वाला भी नहीं। किन्तु सदाशिव के चले जाने के बाद और भी अंधेरा बढ़ जाएगा और वह बच्चा भीगी ईंटों के बीच चहबच्चे में गीला ही बैठा रहेगा। कब तकज? पता नहीं कर पाया सदाशिव, पर उसने एक बात अच्छी तरह से जान ली थी कि जो लोग बाहर इंतजार कर रहे हैं- उन्हें यह बच्चा नहीं मिलेगा।

-ऐ! उठकर आ! अंधकार कोई जवाब नहीं देता।

मैं कुछ नहीं करूंगा। डर मत! उठकर आ।

अंधकार में पानी कुछ हिल उठता है।

हाथ को पकड़! पकड़ कर बाहर आ।

छोटे से हाथ ने सदाशिव के हाथ को थाम लिया। सदाशिव ने बच्चे को हाथ पकड़ कर बाहर निकल लिया। और फिर उसके गले को, हड्डियों को, धुकधुक करते हृदय को, छाती, कमर, पैर सब को हाथों से झाड़ कर देखने लगा। पहने हुए कच्छे से पानी टपक रहा था पैरों से होकर, हवा लगने से बच्चे को ठंड लग रही थी, वह कांप रहा था। सदाशिव को छोटे-छोटे दांतों की किटकिट सुनाई देती है। वह बच्चे को सीने से लगा लेता है। खुद के हाथों से उसके बदन को सहलाते हुए सेंकता है। बच्चा उसकी छाती में अंधकार में अंधकार बन बैठा रहता है। धुकपुक-धुकपुक करता रहता है दिल। बच्चा जोर-जोर से सांस लेता है और फिर सिमट जाता है। सदाशिव जोर से उसे जकड़ लेता है। छोटी-छोटी उंगलियां, छोटे-छोटे नाखून सदाशिव महसूस करता है। वह उसे नोंचता है और फिर थककर अलग हो जाता है।

सदाशिव का बायां पैर पतला-सा है और लंगघता भी है। वह अपने दाएं कंधे पर बच्चे को लादकर बाएं हाथ में त्रिशूल पकड़े हुए अंधेरे में ही पीछे के गेट से बाहर आ जाता है। अब एक ट्रक उसे लगा कि गेट पर आया हुआ है। वहीं सब भीड़ बनाकर खड़े हैं। लगता है और भी माल लादा जाएगा या फिर लाश। गले रेते हुए औरतें या नोंचकर या बींधकर मारे हुए पुरुष। शायद उन्होंने सदाशिव को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। या फिर त्रिशूल ने ही उनकी नजर को बांध लिया था।

घर में अंधेरा उतर आया था, पता नहीं कितना बजा होगा उस वक्त घर पर, आग बुझ चुकी थी। तभी बेसमेंट या किचन में या किसी कोने में प्रचंड आवाज के साथ विस्फोट हुआ और एक गैस सिलिण्डर फट गया। सब हड़बड़ा उठे, सदाशिव भी। बच्चा भी चौंक उठा। आग की झलक देख डर से ताक रहा था और चीखा सहमकर।बड़बड़ाया-अब्बा!

उन्होंने भी चीख सुनी थी।

---

समीक्षा

■ संतोष पटेल



# बुद्ध होने के मायने

साहित्यकार तेज प्रताप नारायण लिखित बुद्ध होने के मायने का विमोचन पिछले दिनों विश्व पुस्तक मेला, 2024 में संपन्न हुआ।

बुद्ध होने के मायने प्रकृति के प्रति संजीदा, संवेदनशील और सजग होना है। बुद्ध होने के मायने करुणा, प्रेम और दया भाव का अपने व्यवहार में सम्मिलित करना है। बुद्ध होने के मायने तर्कशील होना है। अपेक्षा से विरत होना है। शील, परिमिता और प्रज्ञा से लैस होना है। शांति से रहने का संकल्प लेना है। विश्व में युद्ध की स्थिति को समाप्त कर शांति की स्थापना है।

बुद्ध के महत्व को रामचंद्र शुक्ल, पंत, निराला, महादेवी, चतुर सेन शास्त्री, राहुल सांकृत्यायन, राघव, और यशपाल, रांगेय राघव और मोहन राकेश आदि समझते हैं। दुनिया के साहित्य में बुद्ध प्रमुखता से शामिल हैं पर हिंदी के परवर्ती साहित्यकारों ने बुद्ध के ओर से आंखे मूंद ली।

विडंबना है कि हिंदी साहित्य ने ज्ञान, करुणा, बंधुत्व, प्रेम दया के इस महामानव के विचारों और उनसे जुड़े साहित्य को अपनाने में कंजूसी बरती। यही नहीं, हिंदी साहित्य ने अन्य धर्मों के धर्म ग्रंथों को अपना प्रिय विषय बनाया पर बुद्ध के तर्क आधारित साहित्य को, सिद्धांत से बच्चों को दूर किया। इस बीच तेज प्रताप की यह काव्य संग्रह हिंदी साहित्य में बुद्ध के विचारों को काव्यात्मक ढंग से रखने का एक सहज प्रयास है। जिसके माध्यम से कवि तेज प्रताप हमारी पीढ़ी में बुद्ध के मानववादी विचारों को स्थापित करने का एक उम्दा प्रयास कर रहे हैं।

बुद्ध साहित्य को जिस तरह दलित साहित्य के घेरा में रखा गया उस साजिश को भी हमेशा समझना होगा। दलित साहित्य ने एक बढ़िया काम किया कि बुद्ध साहित्य को पुनः साहित्यिक एरिना में लाकर मुख्यधारा में खलबली मचा दी।

कवि तेज प्रताप के इस काव्य संग्रह में 46 कविताएं दर्ज हैं जो बुद्ध के देसना पर आधारित हैं। बुद्ध होने के अर्थ में कवि कहता है ;

'बुद्ध होने का अर्थ
जीवन के मोह से मुक्ति नहीं सांसारिक सुखों का त्याग नहीं
बुद्ध होने का अर्थ
अंदर और बाहर से शुद्ध होना है आंतरिक और बाह्य के द्वैत को कम करना है
बुद्ध होने का अर्थ
हृदय की करुणा और बुद्धि के तर्क की दो पटरियों पर
जीवन की रेलगाड़ी का चलना है।'

(- बुद्ध होने के अर्थ से उद्धृत, पृष्ठ 18)

बुद्ध की आवश्यक शिक्षाएँ प्रेम, करुणा और सहिष्णुता की थीं। बुद्ध ने सिखाया कि एक साधक को सभी जीवित प्राणियों के प्रति दया रखनी चाहिए और यह सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा थी।

केसमुत्ति सुत्त में तथागत कहते हैं:- 'हे कालामो ! किसी तथ्य को केवल इसलिए नहीं मानना चाहिए कि यह तो परम्परा से प्रचलित है, अथवा प्राचीनकाल से ही ऐसा कहा जाता रहा है अथवा यह धर्म ग्रन्थों में कहा गया है अथवा किसी वाद के निराकरण के लिए इस तथ्य का ग्रहण समुचित है। आकार या गुरुत्व के कारण ही किसी तथ्य को स्वीकार नहीं करना चाहिए, प्रत्युत इसलिए ग्रहण करना चाहिए कि ये धर्म कुशल है, अनिन्दनीय है तथा इसको
ग्रहण करने पर इसका फल सुखद और हितप्रद होगा।'

तेज प्रताप नारायण ने अपनी कविता 'इसलिए मुझे बुद्ध अच्छे लगते हैं' में कलाम सुत्त का प्रयोग कर लिखते हैं :

'बुद्ध अंधभक्ति करने से मना करते हैं
वो कहते हैं अपना दीपक स्वयं बनो
चीज़ों को जांचों, परखो फिर मानो।'
(बुद्ध होने के मायने, पृष्ठ 74)

तेज प्रताप 'बुद्ध कहते हैं' नामक कविता में लिखते हैं

..बुद्ध मार्ग दिखाते हैं
अहिंसा
करुणा
और मानवता का
बुद्ध धरती को सुंदर बनाते हैं
बुद्ध प्रेम करना सिखाते हैं
बुद्ध प्रेम में रहना सिखाते हैं।' (बुद्ध होने के मायने, पृष्ठ 95)

धम्मपद के 'अत्तवग्ग' में भगवान बुद्ध कहते हैं कि मनुष्य ही स्वयं अपना स्वामी है, उसका दूसरा कोई भी स्वामी नहीं है। मतलब मनुष्य स्वयं अपना मालिक है। अपने अच्छे और बुरे के लिए मनुष्य स्वयं जिम्मेदार है। भगवान बुद्ध कहते हैं-

अत्ता हि अत्तनो नाथो, को हि नाथो परो सिया।
अत्तनाव सुदन्तेन, नाथं लयति दुल्लभं।।

तेज प्रताप इस भाव को 'हम बुद्ध होते हैं' नामक कविता में लिखते हैं :

जितना अंदर से हम शुद्ध होते हैं उतनी मात्रा में हम बुद्ध होते हैं
जो हम खोजते बाहर हैं
वह हमारे अंदर है
जिसको हम समझते झील हैं
वह चेतना का समंदर है
जिसमें मिलेगी
बुद्ध की करुणा
चारों आरिय सत्य
अष्टांगिक मार्ग
पंचशील सिद्धांत
मिट जायेंगे सारे भेद
प्रिय हो जायेगी प्रकृति
समस्त जंतु-जीव...।' (बुद्ध होने के मायने, पृष्ठ 22)

तेज प्रताप नारायण के इस संग्रह का स्वागत होना चाहिए। इस पुस्तक का आवरण प्रियंका संतोष सचान ने बनाया है जो बेहद आकर्षक है। तेज प्रताप ने सरल शब्दों में बहुत गंभीर रचनाएं लिखी है जो पाठक को पढ़ने के लिए बाध्य करती हैं। कवि तेज प्रताप को बहुत बहुत बधाई।

**प्रकाशक : हंस प्रकाशन, नई दिल्ली**
**मूल्य 395**

---

■ भगवत रावत

# प्यारे लाल के लिए विदा-गीत

प्यारेलाल के लिए विदा गीत

कोई नहीं
जो नब्ज़ पर हाथ धरे
जिये या मरे
प्यारेलाल

नहीं किया कुछ तब
जब जवान थे
भाग दौड़ सकते थे
भर लेते घर उस समय
थोड़ी देर को
धर देते लोक-लाज
कोने में

झुक जाते थोड़ा सा
झुके-झुके ऊपर उठकर
झंडे सा फहराते

डरे क्यों नहीं
क्यों हरे बाँस से खड़े रहे

बेहद अकेले हो इस समय
कोई नहीं है पास
कहाँ गये दोस्त यार
क्या हुआ
सबको अपना समझने का
भरम खा गये
छूट गये सब रिश्ते
सब कटकर निकल गये
पता नहीं चला
कब चलते-चलते
सूनी सड़क पर आ गये

समझ से नहीं लिया काम
ठीक-ठीक
किया नहीं हिसाब
भाषा पढ़ते रहे
गणित में गच्चा खा गये

अकेले बलबूते पर
उम्र भर लड़े
किसी ने नहीं दिया साथ
क्रोध में निकली गालियों को
हर तकलीफ़ की
दवा समझते रहे
और
असली दुश्मन पहचानने में
चूक गये

मंच पर अकेले
फिरते रहे निहत्थे
जोश में भरे-भरे
गिरे
तो हर बार
मत पेटी में गिरे
सुखी हो जाओ
यह तो कहेंगे लोग
मत
दान कर
मरे
प्यारेलाल

दुखी मत होओ
यह दुखी होने का समय नहीं
तुम्हें शान्ति चाहिए
तो ऐसे समय में
गीता का प्रसिद्ध श्लोक
याद करो
और
खुशी-खुशी मर जाओ

तुमने तो किया था कर्म
फल जिसने चाहा था
उन्हे मिला

प्यार जो किया तुमने
सारी दुनिया से
जी खोलकर
किसी ने कहा तो नहीं था तुमसे
खुद से क्यों नहीं किया
तो फिर अब
इस तरह मत मरो
प्यार से मरो
प्यारेलाल

चलो
देर मत करो
देखो
तुम्हारे रथ के घोड़े
बाहर हिनहिना रहे हैं

सारी तैयारी है
बड़े-बड़े लोग
परेशान हैं
तुम्हारे गुण गाने को

नियम के मुताबिक
तुम्हारे जीते जी वे
ऐसा नहीं कर सकते
देरी करने से कोई लाभ नहीं
उनकी मजबूरी समझो
जल्दी करो
मरो

मरो
प्यारेलाल।

---

कविता

# पिता

■ डॉ. भगवान सहाय मीना



पापा बताओ ना, कुछ पिता के बारे में।
कोई छंद राग, अपनी कहानी के बारे में।

क्या आपके पापा भी करते थे,
इतना ही प्यार जितना,
भर छाती आप उड़ेलते हो दोनों हाथों से।
क्या उनके भी रहती थी,
शिकन माथे पर और झलकती थी,
चिंता आंखों से।

ठगी गई थी अल्हड़ जवानी उनकी भी,
ऐसे ही अबोध बच्चों के लिए।
अधूरे लगते थे आंखों के सपने,
घर परिवार अपनों के लिए।

उनकी भी अथक भाग-दौड़,
जिजीविषा और संघर्ष मय,
कसक भरी कहानी रही होगी।
हृदय के किसी कोने में,
कुछ बचपन की, कुछ जवानी की
इच्छाएं सिसकियां भरी होगी।

चाहे होंगे आपके पापा भी,
आपकी तरह दुनिया की हर खुशी,
अपनों के दामन में महका देना।
उनके कंधे भी झुके होंगे हमेशा,
ज़िम्मेदारियों से बोझिल हो,
खुशियों को सहारा देना।

उनकी भी मुस्कराहटों में,
साफ़ झलकती होगी कसक,
बड़े होते बच्चों के सपने,
पूरे करने की टीस।
चिंता उनके सफल होने की,
दुनियादारी के प्रपंचों से,
बच पाने की टीस।

पापा बताओ ना, कुछ पिता के बारे में।
कोई छंद राग, अपनी कहानी के बारे में।

बाड़ा पदमपुरा, जयपुर, राजस्थान।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## किर्गिस्तान में चरमपंथी संगठन के छह सदस्य गिरफ्तार

**बिश्केक,** 1 जून (एजेंसियां)। किर्गिस्तान में चरमपंथी विचारधारा के मामले में प्रतिबंधित हिज्ब उत-तहरीर धार्मिक चरमपंथी संगठन के छह सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। किर्गिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की प्रेस सेवा ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित संगठन के छह सदस्यों को शुक्रवार को जलाल-अबाद क्षेत्र के सुजाक जिले में हिरासत में लिया गया। उनके पास से चरमपंथी साहित्य, पर्चे, मोबाइल फोन और चरमपंथी सामग्री वाले इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जब्त किए गए। इन सदस्यों ने संगठन में नए लोगों की भर्ती के लिए स्थानीय आबादी के बीच व्यवस्थित रूप से चरमपंथी विचारधारा फैलाई।

# देश विदेश

# भारत के साथ रक्षा संबंध बेहद मजबूत : अमेरिका

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार को भारत से साथ बढ़ते रक्षा संबंधों को रेखांकित किया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों की कुछ साझा उपलब्धियों का जिक्र किया। सिंगापुर में शांगरी-ला वार्ता को संबोधित करते हुए ऑस्टिन ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समान विचारधारा वाले देशों ने अपने रिश्तों को मजबूत किया है और क्षेत्र के लोगों के लिए वास्तविक जीवन में परिणाम दिए हैं।ऑस्टिन ने जापान, फिलिपींस, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ रक्षा संबंधों का जिक्र किया। भारत के बारे में उन्होंने कहा कि भारत से साथ लड़ाकू विमानों के जेट इंजन और बख्तरबंद वाहनों के सह-निर्माण में हमने ऐतिहासिक प्रगति की है।बाद में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज में सवालों के जवाब देते हुए ऑस्टिन ने क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ रक्षा संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति के बारे में बात की।



भारत के साथ लड़ाकू विमानों के जेट इंजन व बख्तरबंद वाहनों के सह-निर्माण में हमने ऐतिहासिक प्रगति की है : लॉयड ऑस्टिन

भारत को 'फ्लाईव्हील' बताते हुए उन्होंने कहा कि देश रफ्तार पकड़ेगा जिससे सभी को फायदा होगा। ऑस्टिन ने कहा कि अब तक के इतिहास में सबसे बेहतर स्तर पर है। यह बेहद मजबूत है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि कई साल पहले हमने भारत में भारत के लिए लड़ाकू विमानों के जेट इंजन बनाने के लिए मंजूरी के साथ शुरुआत की थी। मैं लड़ाकू विमानों के लिए जेट इंजन बनाने वाली एक कंपनी के निदेशक मंडल में रहा हूं और मुझे पता था कि यह कितना मुश्किल होने वाला था। हम आशान्वित थे, लेकिन हमारे मन में संदेह था कि यह अंतिम मुकाम तक पहुंच सकेगा या नहीं। हमने यह कर दिखाया। पिछले साल ऑस्टिन की भारत यात्रा के दौरान अमेरिका और भारत ने रक्षा उद्योग में सहयोग के लिए नये रोडमैप तय किए, जिससे कई क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी में सहयोग और सह-उत्पादन में तेजी आएगी। अमेरिका ने इसे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में बदलावकारी प्रगति बताया था। पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि कुछ सबसे नवाचारी श्रमबल और कंपनियों वाले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ रणनीतिक प्रौद्योगिकियों पर और करीब से काम करना, तथा हम सुरक्षा के लिए कैसे उनका इस्तेमाल कर सकते हैं, यह हमारे संबंधों में स्वाभाविक अगला कदम है।


## युद्ध अनिश्चित काल तक जारी नहीं रह सकता : चीन

**बीजिंग।** पेइचिंग में चीन-अरब देश सहयोग मंच के 10वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में 'फिलिस्तीन के मुद्दे पर चीन और अरब देशों के बीच संयुक्त वक्तव्य' जारी किया गया। यह न्याय की आवाज़ है जो गाजा पट्टी में संघर्ष के शीघ्र अंत और फिलिस्तीन मुद्दे के व्यापक, निष्पक्ष और स्थायी समाधान को बढ़ावा देती है। गत साल अक्टूबर से फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष तीव्रता से गंभीर हो गया है, जिससे गाजा पट्टी में अब तक 1.25 लाख फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए और घायल हुए हैं, और लाखों लोग बेघर हुए हैं। हाल ही में दक्षिणी गाजा के राफा में कई शरणार्थी शिविरों पर इजरायल द्वारा एक के बाद एक हमले किए गए, जिसमें दर्जनों निर्दोष नागरिकों की मौत हो गई, जिससे एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय समुदाय सदमे में है। फिलिस्तीन-इजरायल स्थिति नियंत्रण से बाहर होने की पृष्ठभूमि में चीन-अरब देश सहयोग मंच के 10वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन ने फिलिस्तीनी लोगों को उनके वैध राष्ट्रीय अधिकारों को बहाल करने में दृढ़ता से समर्थन देने के लिए सबसे मजबूत आह्वान जारी किया, जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का बहुत ध्यान आकर्षित किया है। इस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में अपने मुख्य भाषण में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि युद्ध अनिश्चित काल तक जारी नहीं रह सकता, न्याय स्थायी रूप से अनुपस्थित नहीं रह सकता और 'दो-राज्य समाधान' को मनमाने ढंग से डगमगाया नहीं जा सकता।

■ गाजा पट्टी में अब तक 1.25 लाख फिलिस्तीनी मारे गए व घायल हुए

## रूस ने यूक्रेन के प्रमुख बुनियादी ढांचे पर किया हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों पर 53 मिसाइलें दागी हैं और 47 ड्रोन हमले किए हैं। यूक्रेनी वायु सेना ने शनिवार को बताया कि रूस की ओर से शुक्रवार देर रात दागे गए 46 ड्रोन और 35 मिसाइलों को रोका गया। देश की सरकारी ऊर्जा कंपनी उक्रेनेर्गो के अनुसार इस हमले से यूक्रेन के पांच क्षेत्रों में ऊर्जा के बुनियादी ढांचे और यहां की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के दो थर्मल पावर प्लांट को नुकसान पहुंचा तथा उनके उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, मई के अंत तक रूसी हमलों में यूक्रेन की बिजली उत्पादन क्षमता का लगभग 40 प्रतिशत भाग नष्ट हो गया है।



## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 2 जून, 2024 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10

### राशिफल

मेष - आज के दिन धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। आज पैसे का लेन-देन टाल दें। तन-मन में भय अनुभव होगा। धार्मिक काम के पीछे पैसे खर्च होंगे।

वृषभ - आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा। मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा। उनके साथ आनंद के पल गुजार सकेंगे।

मिथुन - आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे। उच्च अधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने पर आपके उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्क - आज आपका भाग्य चमकेगा और आकस्मिक आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह - आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है।

कन्या - आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। मनोरंजन सम्बंधी मामलों में आप रुचि लेंगे। वाहन और आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं।

तुला - स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी। काम-काज में सफलता और प्रशंसा दोनों से उत्साह में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है, इसलिए लोगों से बातचीत में ध्यान रखें।

धनु - आज भावनाओं का अतिरेक रहेगा और पारिवारिक चिंता से मानसिक तनाव की आशंका बनी रहेगी। बेचैनी का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। मां की तबीयत की चिंता हो सकती है।

मकर - आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ - आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं, तो परिजनों के साथ मतभेद होने की आशंका बनी रहेगी। धार्मिक कामों पर खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा।

मीन - आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे, तो उसमें सफलता मिलेगी। धार्मिक उद्देश्य से प्रवास होगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1908 - सर अरबिंदो को माणिकटोला बम कांड में गिरफ्तार किया गया।

1953- ब्रिटिश राजगद्दी पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की ताजपोशी।

1956 -तमिल और हिंदी सिनेमा के बेहतरीन फिल्मकारों में शुमार मणिरत्नम का जन्म।

1966 -अमेरिका का पहला अंतरिक्ष यान चांद की ज़मीन पर सफलतापूर्वक उतरा।

1979 -पोप का ओहदा संभालने के बाद पोप जॉन पॉल द्वितीय पहली बार अपनी मातृभूमि पोलैंड लौटे. यह किसी भी सर्वोच्च रोमन कैथोलिक धर्म गुरू की पहली पोलैंड यात्रा थी।

1988 - बॉलीवुड के महान अभिनेता, निर्देशक और निर्माता राज कपूर का निधन।

2000 -पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत ने नवाज शरीफ के आजीवन कारावास को मृत्युदंड में बदलने संबंधी याचिका स्वीकार की।

2006-अमेरिका ने दाऊद इब्राहीम तथा उसके संगठन पर प्रतिबंध लगाया।

2012 - मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक को 2011 की अरब क्रांति के दौरान प्रदर्शनकारियों की हत्या का आदेश देने के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

2014- तेलंगाना भारत का 29वां राज्य बना।


# ईरान ने की नए यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों की निंदा

**तेहरान,** 1 जून (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने शुक्रवार को कई ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं पर यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों की निंदा की। उन्होंने अपने मंत्रालय के एक बयान में यूरोपीय संघ द्वारा मध्य पूर्व और लाल सागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को कमजोर करने वाले सशस्त्र समूहों और संस्थाओं को यूएवी या मिसाइलों का हस्तांतरण, या ईरान के यूएवी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शुक्रवार को ईरान के छह व्यक्तियों और तीन संस्थाओं पर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के समर्थन में रूस को मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के हस्तांतरण में उनकी कथित भूमिका के लिए प्रतिबंध लगाए जाने के बाद यह टिप्पणी की।

कनानी ने कहा कि यूरोपीय संघ ने गाजा में इजरायली युद्ध अपराधों पर ध्यान केंद्रित करने और उनके लिए इजरायल को दंडित करने के बजाय, कुछ ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं को अपनी प्रतिबंधों की सूची में शामिल किया था जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी और प्रभावी थे और पश्चिम एशिया क्षेत्र में सुरक्षा,स्थायित्व सुनिश्चित करते थे। उन्होंने अफसोस जताया कि यूरोपीय संघ ने एक बार फिर पश्चिम एशिया की जमीनी हकीकतों से आंखें मूंदकर ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों के पुराने और अप्रभावी तरीकों का सहारा लिया है।

## जर्मनी व ईयू ने बाइडेन की योजना का किया समर्थन

**बर्लिन।** जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक, यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास तथा इज़रायल के बीच शत्रुता को समाप्त करने के लिए अमेरिका राष्ट्रपति जो बाईडेन की घोषित योजना का समर्थन किया है। इससे पहले बाईडेन ने कहा था कि इज़रायल ने रोडमैप के साथ नया व्यापक प्रस्ताव पेश किया है जिससे गाजा पट्टी में शत्रुता की स्थायी समाप्ति होगी और इसके साथ ही सभी बंधकों की रिहाई भी होगी।



## अफगानिस्तान में नाव दुर्घटना में आठ लोगों की मौत, पांच लापता

**जलालाबाद,** 1 जून (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार की एक नदी में शनिवार को नाव पलट जाने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लापता हो गए । एक स्थानीय अधिकारी ने आज इसकी पुष्टि की। प्रांतीय सूचना विभाग के प्रमुख कुरैशी बडलून ने बताया कि दुर्घटना आज सुबह हुई, जब नाव मोमंद दारा जिले के बसोल इलाके में नदी पार करते समय डूब गई। उन्होंने बताया कि नाव में 26 लोग सवार थे। श्री बडलून ने बताया कि हादसे में आठ लोगों की डूबने से मौत हो गई। नाव में सवार 13 लोगों को बचा लिया गया, जबकि पांच अन्य लापता हैं। यात्रियों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। उन्होंने बताया कि अब तक आठ शव बरामद किए गए हैं। लापता लोगों की तलाश जारी है।



## आइसलैंड में राष्ट्रपति चुनाव की शुरुआत

**रेकजाविक,** 1 जून (एजेंसियां)। आइसलैंड में राष्ट्रपति चुनाव की शुरुआत शनिवार को शुरू हो गई। प्रारंभिक मतदान पूरा होने के बाद मतदाता 13 सूचीबद्ध उम्मीदवारों में से एक को चुनेंगे। राष्ट्रपति पद के लिए शीर्ष उम्मीदवारों में पूर्व प्रधान मंत्री कैटरीन जैकब्सडॉटिर और एक उद्यमी हल्ला टॉमसडॉटिर शामिल हैं।

मस्किना के नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार दोनों नेता 24.1 प्रतिशत वोट से जीत की ओर हैं जबकि अकादमिक हल्ला ह्रंड लोगाडोटिर 18.4 प्रतिशत वोट के साथ पीछे हैं। निवर्तमान राष्ट्रपति गुडनी जोहानसन ने इस बार चुनाव में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

## जापान में भूकंप के झटके

**टोक्यो,** 1 जून (एजेंसियां)। जापान में कोशिमा से 152 किलोमीटर एसएसई में शुक्रवार की देर रात भूकंप के मध्यम स्तर के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 02.37 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र 28.94 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 131.08 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा जमीन की सतह से 7.6 किलोमीटर की गहराई पर रहा।

# मानवीय सहायता लेकर संरा सहायता कार्गो विमान हैती पहुंचा

**संयुक्त राष्ट्र,** 1 जून (एजेंसियां)। हैती के हूती विद्रोही संगठन की ओर से लगातार बढ़ रही हिंसा के बीच पहला संयुक्त राष्ट्र सहायता कार्गो विमान मानवीय सहायता लेकर राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस पहुंचा है।

मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने बताया कि पनामा से संयुक्त राष्ट्र मानवीय वायु सेवा विमान गुरुवार को मानवीय सहायता सामग्री लेकर हैती की राजधानी में उतरा था, जहां पिछले कुछ महीनों से हूती विद्रोहियों ने अपने गैंग में बच्चों को शामिल करने और हिंसा करने जैसी घटनाएं लगातार आ रही हैं। हिंसा के कारण भुखमरी और विभिन्न बीमारियों से गुजर रहे लोगों की सहायता के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बढ़ते कदमों का ओसीएचए ने अपना समर्थन किया है। यूनिसेफ ने हूती में सशस्त्र समूहों द्वारा बच्चों की भर्ती और उनके इस्तेमाल को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। एजेंसी ने एक बयान जारी किया. जिसमें कहा गया है कि सशस्त्र समूह के अनुमानित 30-50 प्रतिशत सदस्य बच्चे हैं, जो जबरदस्ती, दुर्व्यवहार और शोषण के शिकार हैं। यूनिसेफ और हैती के अधिकारियों ने हाल ही में उन बच्चों के पुनः एकीकरण के लिए मिलकर काम करने के तरीकों पर सहमति जताई है, जो पहले सशस्त्र समूहों के सदस्य थे।



■ यूनिसेफ व डब्ल्यूएचओ के बढ़ते कदमों का ओसीएचए ने किया समर्थन

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि गुटेरेस गैरी कोनिले को हैती के अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रपति परिषद द्वारा नामित किए जाने का स्वागत करते हैं और शासन व्यवस्था की स्थापना में आगे की प्रगति की उम्मीद करते हैं। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि हूती के लिए मानवीय प्रतिक्रिया योजना को केवल 21 प्रतिशत वित्त पोषित किया गया है।

**विरोध** *तालिबान ने जांच में मदद के लिए इस्लामाबाद के अनुरोध को ठुकराया, बोला*

# बेशाम में हुए हमले से हमारा कोई संबंध नहीं

**इस्लामाबाद, 1 जून (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के बेशाम शहर में चाइनीज इंजीनियरों को ले जा रही बस पर मार्च में आतंकी हमला हुआ था। तालिबान का कहना है कि उसका इस हमले से कोई संबंध नहीं है। साथ ही हमले की जांच में तालिबान ने पाकिस्तान की मदद से भी इनकार कर दिया है। काबुल ने कहा कि 26 मार्च को हुए आतंकी हमले से हमारा कोई संबंध नहीं है, जिसमें पांच चाइनीज इंजीनियर मारे गए थे। अफगान तालिबान ने बेशाम हमले की चल रही जांच में मदद के लिए इस्लामाबाद के अनुरोध को भी ठुकरा दिया है।**

अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान काबुल और बीजिंग के बीच दरार पैदा करने का प्रयास कर रहा है। बेशाम में हुए हमले का अफगानिस्तान से कोई लेना-देना नहीं है। पाकिस्तान को अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन के नागरिकों को निशाना बनाना पाकिस्तान का मामला है। इसका अफगानिस्तान से कोई लेना-देना नहीं है। पाकिस्तान द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट चीन और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास पैदा करने की कोशिश है। हमने बार-बार इसका खंडन किया है।

पाकिस्तान ने कहा था कि अफगान प्रशासन जांच को आगे बढ़ाने के लिए इस्लामाबाद के साथ सहयोग करने और काम करने के लिए तैयार है। पाक के इस बयान के 24 घंटे के भीतर काबुल ने यह प्रतिक्रिया दी। इससे पहले, पाकिस्तान के आंतरिक सचिव मोहम्मद खुर्रम आगा तालिबान प्रशासन के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का मैसेज लेकर काबुल गए थे। राजनयिक सूत्रों ने पुष्टि की कि आगा ने अफगानिस्तान के अंतरिम उप गृह मंत्री मोहम्मद नबी ओमारी के साथ बैठक की। पाकिस्तान ने चीन के इंजीनियरों पर हमले के संदर्भ में सबूत साझा किए।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने भी एक बयान जारी कर कहा कि अफगान पक्ष जांच के लिए सहमत हो गया है। उसने जांच को आगे बढ़ाने और इसके निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को कहा है। बयान में कहा गया कि अफगान पक्ष ने पाकिस्तान समेत अन्य देशों के खिलाफ किसी भी आतंकवादी गतिविधि के लिए अपनी धरती के उपयोग को रोकने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पाकिस्तान का दावा है कि बेशाम हमले में शामिल संदिग्धों की पहचान कर ली गई है। दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सबूत काबुल के साथ साझा किए गए हैं।



पाकिस्तान काबुल और बीजिंग के बीच दरार पैदा करने का प्रयास कर रहा है, उसे अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित करनी चाहिए : जबीउल्लाह मुजाहिद

## सुडोकू 6573

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | 5 | | | 2 | |
| | | 2 | 7 | | | | | 4 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 4 | | 9 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 4 | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 7 | 3 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 9 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6573

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जिस दिन किसी का जन्म हुआ हो
४. चिढ़ाना, नकल करना, उपहास का विषय
६. माथा, ललाट
७. दबने या दबाये जाने का भाव
८. निर्लज्ज, बेहया
१०. गुलामी
११. शेयर होल्डर
१३. दुष्ट व्यक्ति
१४. जीवावशेष
१५. प्राकृतिक, नैसर्गिक (उर्दू)
१७. ऊंट के नाक में डाली जाने वाली रस्सी
१९. कांटा, सुई या किसी नुकीली चीज की नोक
२१. मूर्खता, नासमझी (उर्दू)
२२. के सहारे, के द्वारा (उर्दू)
२४. ओस (उर्दू)

ऊपर से नीचे:-

१. परशुराम के पिता
२. दो दिशाओं के बीच की जगह
३. बुद्धिमान
४. बेचैनी
५. पथिक, राहगीर
९. आंसू
११. लक्ष्मण के एक पुत्र का नाम
१२. भूमि, जमीन
१३. शत्रु, बैरी
१४. बहादुर, साहसी, हिम्मतवर
१५. वह पत्र या कागज जिसमें किसी संपत्ति को कुर्क करने संबंधी आदेश लिखा हो (उर्दू)
१६. चंद्रमा
१८. सिर्फ, मात्र
१९. स्वर्ण, सोना
२०. किस समय
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6572

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ रा | ज | २ न | यि | क | ■ | ३ व | नो | ४ प | ज |
| ज | ■ | र | ■ | ५ म | का | न | ■ | तं | ■ |
| ६ धा | व | क | ■ | ला | ■ | ७ वा | रां | ग | ८ ना |
| नी | ■ | पा | ■ | ९ स | मा | स | ■ | ■ | ट |
| ■ | १० उ | ल | ११ झ | न | ■ | ■ | १२ मो | द | क |
| ■ | धा | ■ | र | ■ | १३ उ | त्को | च | ■ | का |
| १४ ह | र | १५ जा | ना | ■ | त्कं | ■ | १६ न | १७ ज | र |
| म | ■ | न | ■ | १८ प | ठा | १९ र | ■ | रू | ■ |
| २० रा | जी | व | ■ | ठि | ■ | २१ वै | शा | र | २२ द |
| ही | ■ | २३ र | वि | त | न | या | ■ | ■ | क्ष |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस स्वास्थ्य के लिए खतरनाक

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। भारत सहित वैश्विक विशेषज्ञों ने 77वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (डब्ल्यूएचओ की निर्णय लेने वाली संस्था) में एक बार फिर दोहराया है कि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) 10 शीर्ष वैश्विक स्वास्थ्य खतरों में से एक है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस घेब्रेयेसस ने कहा कि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) बढ़ता हुआ एक गंभीर संकट है, जो पहले से ही वैश्विक स्तर पर असामयिक मौतों का एक प्रमुख कारण है।

विशेषज्ञों ने कहा कि हर एक मिनट में दो से अधिक लोगों की एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस के कारण मौत होती है। उन्होंने कहा कि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में सदियों की प्रगति को खत्म कर सकता है। ग्लोबल एएमआर मीडिया अलायंस (जीएएमए) की वैज्ञानिक समिति की संयोजक और सह-अध्यक्ष डॉ. कामिनी वालिया ने कहा कि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) भारत सहित निम्न और मध्यम आय वाले देशों में मृत्यु दर और आर्थिक नुकसान का कारण बनता है।

# प्रादेशिकी

## भारी मतदान से कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत तय: अवस्थी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए प्रदेश में हुए भारी मतदान से कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो गई है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए जिस तरह मतदान करने लोग घरों से बाहर निकले हैं उससे यह साफ हो गया है कि प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों और छह विधानसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत पक्की है। श्री अवस्थी ने शनिवार को भारी मतदान करने के लिए उमड़े मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रचंड गर्मी के बीच मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया है। जिससे साफ पता चलता है कि प्रदेश की जनता में षड्यंत्रकारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ कितना रोष है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में जहां प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ षड्यंत्र रचकर सरकार को गिराने का प्रयत्न किया उसका जवाब देने के लिए मतदाताओं ने भारी संख्या में मतदान किया है।

# सरकार चारधाम यात्रियों को भरपूर सुविधा देने का कर रही प्रयासः धामी

### लोगों को सुविधा और सुरक्षा मिले, यह हमारी प्राथमिकता

अमरनाथ तिवारी




■ धामी ने बदरीनाथ धाम में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

■ यात्रियों से ली सुविधाओं पर जानकारी

**चमोली,** 1 जून (देशबन्धु)। उत्तराखंड सरकार ने आज से चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया फिर से शुरू कर दिया है। ऋषिकेश और हरिद्वार में चारधाम यात्रा ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। राज्य सरकार चारधाम यात्रियों को भरपूर सुविधा देने का प्रयास भी कर रही है। शनिवार को मुख्यमंत्री धामी चुनाव-प्रचार थमने के बाद बदरीनाथ में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से भीड़ नियंत्रण उनके खाने-पीने और ठहरने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सीएम धामी ने यात्रा प्रबंधन से जुड़े विभागों को बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता का ध्यान रखते हुए यात्रा व्यवस्थाओं को चाक चौंबद रखने के निर्देश दिए। ताकि यात्रा सुचारू और व्यवस्थित तरीके से चलती रहे और श्रद्धालुओं को बदरीनाथ धाम में सुगमता से दर्शन होते रहे। बदरीनाथ में निरीक्षण के दौरान सीएम ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनसे व्यवस्थाओं पर बातचीत करने के बाद फीडबैक भी लिया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टोकन काउंटर, क्यू मैनेजमेंट, कंट्रोल रूम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आदि सुविधाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आपसी सामंजस्य से कार्य करने के निर्देश दिए। सीएम धामी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। धामों की क्षमता के अनुसार यात्रा संचालित की गई है। अब यात्रा पूरी तरफ से व्यवस्थित है। श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन के अवसर मिल रहे हैं। यात्रा सुचारु रूप से चल रही है। स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के बदरीनाथ धाम के लिए यात्रियों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव पर सीएम ने कहा कि इसका आकलन किया जाएगा और धाम में क्षमता के अनुसार यात्रियों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

### दोबारा शुरू हुआ ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन, सिर्फ पांच घंटे में स्लॉट फुल

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा के लिए शनिवार सुबह सात बजे दोबारा ऑफलाइन पंजीकरण शुरू हो गया। स्लॉट फुल होने के चलते दोपहर 12.10 पर बंद कर दिया गया। बड़ी संख्या में अपनी बारी का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं ने शासन प्रशासन को कोसा। चारों धाम के लिए कुल छह हजार यात्रियों का रजिस्ट्रेशन लक्ष्य पूरा होते ही रजिस्ट्रेशन बंद कर दिया गया। इससे पहले गढ़वाल मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय ने शुक्रवार को ऋषिकुल मैदान पहुंचकर चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण के लिए की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कहा कि पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं को पेयजल, शौचालय सहित आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाए।

# सुक्खू ने परिवार सहित किया मतदान

**शिमला,** 1 मई (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार अपनी धर्मपत्नी और परिवार के साथ नौदान स्थित अपने आवास के नजदीक प्राथमिक स्कूल में




मतदान किया। श्री सुक्खू ने कहा कि शनिवार को लोकतंत्र के महापर्व में सपरिवार अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि हमारा मत लोकतंत्र व संविधान बचाने के लिए तथा देवभूमि की संस्कृति के साथ खिलवाड़ करने वाले धनबल के पुजारियों को सबक सिखाने के नाम रहा। उन्होंने कहा कि आज सातवें चरण में देवभूमि के चारों लोकसभा सीटों व छह विधानसभा सीटों पर मतदान चल रहा है। आप सभी मतदातागणों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में घर से निकलकर देश के हालात बदलने के लिए मतदान अवश्य करें। आपका एक अमूल्य मत लोकतंत्र और संविधान को बचाने में सहायक सिद्ध होगा।

### बुजुर्गों व नए मतदाताओं ने दिखाया मतदान में उत्साह

**धर्मशाला।** मतदान केंद्रों पर वोट डालने को लेकर 80 प्लस बुजुर्गों का उत्साह देखते हुए नजर आया जबकि नए मतदाताओं का जोश भी चुनाव पर्व में देश के प्रति गर्व का एहसास करवाता मालूम हुआ। भीषण गर्मी भी बुजुर्गों के मतदान के जज्बे को कम नहीं कर पाई। दरंग के 85 वर्षीय बुर्जुग प्रकाश ने होम वोटिंग के विकल्प की जगह मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाला वहीं 81 वर्षीय मनोरमा गुलेरिया व 76 वर्षीय कौशल्या देवी ने भी मतदान केंद्र पर अपने वोट का इस्तेमाल किया। इसी तरह से फर्स्ट टाइम वोटर्स ने भी लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए अपने मत का प्रयोग किया। गौरतलब है कि कांगड़ा जिला 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का नाम मतदाता सूची दर्ज करने में पूरे प्रदेश में सबसे आगे है। इस आयु वर्ग के नए मतदाताओं के 32369 नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए गए हैं। राज्य में 31 दिसंबर से लेकर चार मई तक राज्य में 18 से 19 आयु वर्ग के नए मतदाताओं के 92136 नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं जिसमें कांगड़ा जिला 32369 नए मतदाताओं के नाम जोड़ कर सबसे अव्वल रहा है।

### कांगड़ा में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान

**धर्मशाला।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कांगड़ा जिला में मतदान की प्रक्रिया शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। कांगड़ा जिला प्रशासन ने इसे लेकर पुख्ता प्रबंध किए थे। समुचित सुरक्षा व्यवस्था से लेकर मतदान केंद्रों के प्रबंधन और वहां मतदाताओं के लिए सुविधाओं के बेहतर इंतजामों का पूरा ध्यान रखा गया था। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने स्वयं जिले में विभिन्न पोलिंग बूथ पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे, ताकि कहीं किसी भी तरह की दिक्कत न आए। उन्होंने धर्मशाला क्षेत्र में कोतवाली, बरवाला, योल, धर्मशाला गर्ल्स स्कूल में मतदान केंद्र का निरीक्षण किया तथा मतदाताओं के लिए उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से बातचीत कर प्रशासन द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं को लेकर उनके अनुभव भी जाने। श्री बैरवा ने कहा कि जिले में मतदान केंद्रों को सुविधाओं से लैस किया गया था। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगों की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों में रैंप, व्हीलचेयर, दिव्यांग सुलभ शौचालय, पेयजल, बैठने की उचित व्यवस्था जैसे प्रबंध किए गए थे। मतदाताओं की सहायता के लिए पोलिंग बूथ पर एनएसएस स्वयंसेवी भी सेवा में रहे।

## सार संक्षेप

### लूट का विरोध करने पर युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**रुद्रपुर।** देर रात ट्रांजिट कैंप में बाइक सवार दो युवकों को कुछ युवकों ने लूट के इरादे से रोक लिया। जिसका विरोध करने पर एक युवक को गोली मारकर बदमाशों ने घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस को दी तहरीर में हरपाल सिंह निवासी ग्राम मेघनागला कदीम थाना शहजादनगर जिला रामपुर ने बताया कि उसका पुत्र जीतेन्द्र कुमार रुद्रपुर में रहकर सिडकुल स्थित फैक्ट्री में मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता है। 31 मई की रात लगभग 11.30 बजे वह बाइक से अपने गांव के ही साथी पुष्पेन्द्र यादव के ट्रांसपोर्ट से अपने घर की तरफ बाइक से आ रहा था। उसके साथ में प्रियांशु गंगवार निवासी मोहम्मद नगर खुटिया तहसील मिलक जिला रामपुर भी था।हनुमान धाम स्थित ढाल पर 4-5 लड़के बीच रस्ते में खड़े थे। उन्होंने लूट के इरादे से जीतेन्द्र और प्रियांशु गंगवार को रोकने की कोशिश की और गाली गलौच शुरू कर दी।

### हिसार में हल्की बारिश के बाद गर्मी से राहत

**हिसार।** हरियाणा के हिसार में शनिवार दोपहर हल्की बारिश और 30 कि. मी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली जिससे गर्मी से राहत मिली। हल्की बारिश करीब 20 मिनट हुई लेकिन गर्मी से राहत जरूर मिली। पारा भी 43 डिग्री पर दर्ज किया गया। पिछले कई दिनों से गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल किया था। शनिवार को हुई बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग ने हरियाणा के नौ शहरों में बारिश का अलर्ट जारी किया था। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से हिसार में बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि तीन जून तक मौसम में परिवर्तन जारी रह सकता है।

### हांसी की झुग्गियों में लगी आग, बाप-बेटी झुलसे

**हिसार।** हरियाणा में हिसार जिले के हांसी में शनिवार तड़के झुग्गी-झोपडियों में भीषण आग लग गयी, जिसमें 15 झुग्गी-झोपडियां आग लगने से पूरी तरह से नष्ट हो गयीं और पांच वर्षीय बालिका और उसका पिता बुरी तरह से झुलस गये। दोनों को इलाज के लिये अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। झुग्गियों में रखा सामान भी पूरी तरह से जल गया। फायर ब्रिगेड की कई गाडियां मौके पर पहुंची। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। झुग्गियों में रहने वाले लोग अब सामाजिक संस्थाओं से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

### सुडोकू 6573 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 |

# एस्ट्रो टूरिज्म से प्रदेश में होगा बहुआयामी पर्यटन का विकासः मुख्यमंत्री

■ एस्ट्रो टूरिज्म की थीम पर 'नक्षत्र सभा' किया गया आयोजन

■ प्रदेश में नए -नए पर्यटक स्थलों को विकसित करने पर दिया जा रहा ज़ोर: पर्यटन मंत्री



**देहरादून,** 1 जून (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड में पर्यटन की अपार संभावनाओं के दृष्टिगत एस्ट्रो टूरिज्म को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से में पर्यटन विभाग ने एस्ट्रो टूरिज्म कंपनी के सहयोग से 'नक्षत्र सभा' का जॉर्ज एवरेस्ट मसूरी में विधिवत उद्घाटन हो गया है। यह अपने आप में अलग क़िस्म का आयोजन है, देश में पहली बार एस्ट्रो टूरिज्म की थीम पर 'नक्षत्र सभा' आयोजन किया गया है।

यह आयोजन 2 जून तक चलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के अलावा बहुआयामी पर्यटन गतिविधियों बढ़ावा देने के दृष्टिगत पर्यटन विभाग ने यह पहल की है। मुख्यमंत्री धामी ने पर्यटन विभाग के आयोजित 'नक्षत्र सभा' के सफल आयोजन के लिए शुभकामना दी हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश में बहुआयामी पर्यटन के दृष्टिगत सरकार अन्य संसाधन भी विकसित कर रही है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि सरकार ग्रीन टूरिज्म को बढ़ावा देने के दृष्टिगत विभिन्न प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के अलावा साहसिक पर्यटन, वेलनेस टूरिज्म, एस्ट्रो टूरिज्म पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर एस्ट्रो विलेज स्थापित कर रही है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सरकार का प्रयास है प्रदेश में जो भी पर्यटक आते हैं वो एक बेहतर अनुभव ले के जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नए -नए पर्यटक स्थलों को विकसित करने पर ज़ोर दिया जा रहा है।

इस आयोजन का उद्घाटन समारोह जॉर्ज एवरेस्ट, मसूरी में आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के निदेशक डॉ. दीपांकर बनर्जी, डॉ. प्रभास पांडे, प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय, आकाश सिन्हा, सहायक प्रोफेसर, प्रैक्टिस, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, शिव नादर विश्वविद्यालय, डॉ. टीवी वेंकटेश्वरन, विज्ञान प्रसार, और स्टारस्केप्स के संस्थापक रामाशीष रे की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। स्टारस्केप्स के संस्थापक, रामाशीष रे ने कहा, पिछले कई वर्षों से हम राज्य में अनुभव केंद्रों और वेधशालाओं की अपनी श्रृंखला के माध्यम से इसे बढ़ावा देने के अलावा, उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के साथ मिलकर कई एस्ट्रो टूरिज्म शिविरों की मेजबानी कर रहे हैं।

### स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण और कौशल विकास के मिलेंगे अवसर

**देहरादून।** यह अभियान स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर प्रदान करेगा, जिससे उनके लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन हो सके। इसके अलावा यह उत्तराखंड में डार्क स्काई संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित राजदूतों के एक समुदाय को बढ़ावा देकर डार्क स्काई के संरक्षण की वकालत करेगा। इसमें एक अंधेरे आकाश संरक्षण नीति का निर्माण और वर्ष के दौरान पूरे क्षेत्र में इसका कार्यान्वयन शामिल है। स्टारस्केप्स की टीम स्थानीय समुदायों, यात्रा और पर्यटन भागीदारों के साथ-साथ होमस्टे समुदायों के साथ सक्रिय रूप से कार्य करेगी तथा नक्षत्र सभा के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और निरंतर सहायता प्रदान करेगी।

### हमारा उद्देश्य उत्तराखंड को खगोल पर्यटन में सबसे आगे रखना: सचिव कुर्वे

**देहरादून।** सचिव पर्यटन मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद सचिन कुर्वे ने कहा कि नक्षत्र सभा के शुभारंभ के साथ हमारा उद्देश्य उत्तराखंड को खगोल पर्यटन में सबसे आगे रखना है। स्टारस्केप्स के सहयोग से यह अनूठी पहल शुरू की गई है। उत्तराखंड अपने विशाल वन क्षेत्र, प्रकृति-आधारित पर्यटन और होम स्टेस् के साथ एस्ट्रो टूरिस्ट की पसंद बनने के लिए विशिष्ट स्थिति में है। यह अभियान उस दिशा में एक और कदम है। हमारा उद्देश्य दुनिया भर से आगंतुकों को आमंत्रित करना है। हम उन्हें उत्तराखंड की अनूठी विरासत की झलक दिखाने के साथ-साथ ब्रह्मांड के जादू का अनुभव करने के लिए इस तरह के कई और अभियानों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं जो उत्तराखंड को वैश्विक एस्ट्रो टूरिज्म मानचित्र पर ला सकते हैं।

# उत्तराखंड में फिर धधकने लगे जंगल





■ बढ़ने लगी जंगलों की आग की घटनाएं

**देहरादून,** 1 जून (देशबन्धु)। पहाड़ों में दिनों-दिन वनाग्नि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसी बीच धनौल्टी के आसपास के जंगल भी आग से जल रहे हैं। आग जीआईसी धनोल्टी और आलू फार्म के आसपास पहुंच चुकी है, जिसके कारण जीआईसी के प्रधानाचार्य ने शनिवार को अवकाश घोषित किया। आग के कारण वातावरण में धुंआ फैला हुआ है, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

जीआईसी धनोल्टी की प्रिंसिपल ने बताया कि आग कॉलेज के आसपास पिछले तीन दिनों लगी हुई है, जिसके कारण चारों ओर फैले धुएं से सांस लेने में परेशानी हो रही है। सावधानी के तौर पर पिछले दो दिनों में छात्रों को मध्य अवकाश के बाद छुट्टी दे दी गई थी और आज पूरा अवकाश रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी जौनपुर को अवगत करा दिया गया है। वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि घटना के संज्ञान में आने के बाद उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जंगलों में लगी आग जीआईसी और आलू फॉर्म के आसपास पहुंच चुकी है, जिससे उन्हें कोई अनहोनी होने का खतरा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग को जल्द से जल्द आग को बुझाना चाहिए, ताकि स्टूडेंस अपनी पढ़ाई सुचारू कर सकें और लोगों के अंदर का भय खत्म हो। बता दें कि उत्तराखंड में हर रोज जंगल आग से धधक रहे हैं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है। पिछले 48 घंटे के अंदर उत्तराखंड में 19 जगहों पर आग लगने की घटनाएं घटित हुई हैं।

### अल्मोड़ा में धधक रहे जंगल

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा के चितई के पास जंगल आग से धधक रहे हैं। साथ ही केंट एरिया और ताकुला क्षेत्र में भी आग ने अपना कहर बरपाया है। इस वनाग्नि से प्राकृतिक संपदा जलकर नष्ट हो गई है। जंगलों में लगी आग के कारण लगातार क्षेत्र में तेंदुए की चहलकदमी देखी जा रही है,, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

# भाजपा की चार सौ पार की मुहिम से जुड़ा हिमाचल, चार सीटों का देगा सहयोग : जयराम



■ नेता प्रतिपक्ष ने अपने ग्राम पंचायत में सपरिवार मतदान किया

**मण्डी,** 1 जून (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपनी ग्राम पंचायत मुरहाग् के औहन में बूथ संख्या 44 पर पूरे परिवार के साथ मतदान किया। इस दौरान मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश में मोदी की गारंटी चल रही है। पूरा देश नरेन्द्र मोदी के साथ है। उन्हें तीसरी बार चार सौ से ज़्यादा सीटों के साथ प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट कर रहा है और देश के इस मिशन में हिमाचल प्रदेश भी पीछे नहीं है। हिमाचल से चारों सीटों से भाजपा भारी मतों से जीत रही है। उन्होंने भाजपा के प्रत्याशियों को बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए प्रदेशवासियों और हर बूथ पर जी जान लगा देने वाले कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी चार लोकसभा आम चुनाव और छह विधान सभा के उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी और नरेन्द्र मोदी एक दशक का कार्यकाल पूरा करके दूसरे दशक में प्रवेश करेंगे। यह कार्यकाल भारत को विकसित देश बनाने के सपनों को सच करने का कार्यकाल होगा।

जयराम ठाकुर ने आज मतदान करने के बाद सिराज विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हर जगह पर लोगों को सिर्फ़ मोदी पर ही भरोसा है, क्योंकि मोदी ने जो कहा वह करके दिखाया है। भाजपा कांग्रेस की तरह सिर्फ़ नारे देने वाली पार्टी नहीं है। जमीन पर काम करने वाली पार्टी है। नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया। आज अस्सी करोड़ से ज़्यादा लोगों को गरीब कल्याण अनाज योजना का लाभ मिल रहा है। 50 करोड़ से ज़्यादा लोगों को नि:शुल्क इलाज मिल रहा है। देश में इंफ़्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हो रही है। यह सिर्फ़ नरेन्द्र मोदी को मिल रहे अपार जनसमर्थन के कारण ही संभव हो पाया है। आगे भी जनादेश मज़बूत मिलेगा इसलिए देश में फिर एक बार एक दमदार सरकार देखने को मिलेगी। नरेंद्र मोदी ने हमेशा कहा है कि वह देश के लोगों के हर सहयोग का पाई-पाई लौटाएँगे। जयराम ठाकुर ने चुनाव अभियान के दौरान सहयोग देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का आभार जताया।

# पर्यटकों के लिए खुल गई फूलों की घाटी

### प्राकृतिक रूप से खिलते हैं 500 दुर्लभ प्रजातियों के पुष्प

■ फूलों की घाटी में पहले दिन पहुंचे 48 पर्यटक



**चमोली,** 1 जून (देशबन्धु) उत्तराखंड के चमोली जनपद की उच्च हिमालयी भ्यूडार घाटी में स्थित खूबसूरत राष्ट्रीय उद्यान फूलों की घाटी की ओपनिंग सेरेमनी हेतु नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के डीएफओ आईएफएस बीवी मर्तोलिया पूरी टीम के साथ घांघरिया बेस कैंप पहुंच चुके हैं। शनिवार सुबह वैली ऑफ फ्लावर्स के मुख्य प्रवेश द्वार पूजा अर्चना के बाद पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों की आवाजाही के लिए खोल दिए गए हैं। 31अक्टूबर तक आम पर्यटकों के लिए फूलों की घाटी खुली रहेगी।

जैव विविधता और अल्पाइन पुष्पों की दुर्लभ प्रजातियों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध विश्व प्राकृतिक धरोहर स्थल फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान आज 1 जून से प्रकृति प्रेमियों और देशी विदेशी पर्यटकों के दीदार हेतु खुल गई है। वैली ऑफ फ्लावर्स नेशनल पार्क प्रबंधन ने घाटी को खोलने की सभी ओपचारिक तैयारियां पूरी कर ली थीं। घांघरिया से लेकर बामन ढोड तक के 5 किलोमीटर के पैदल ट्रेक रूट को आवाजाही के लिए वन विभाग ने दुरस्त कर दिया था। ग्लेशियर के आसपास चलने के लिए पगडंडी बनाई गई है।

गौरतलब है कि वर्ष 1932 में ब्रिटिश पर्वतारोही फ्रैंक स्मिथ की खोजी इस विश्व धरोहर फूलों की घाटी में मध्य जुलाई से सितंबर माह तक करीब 500 दुर्लभ प्रजातियों के पुष्प खिलते हैं। साथ ही घाटी में कई प्रजाति के दुर्लभ वन्य जीव जंतुओं का भी दीदार पर्यटक कर सकते हैं। इन दिनों घाटी में अल्पाइन प्रिमुला पुष्प, जिरेनियम, पोटेंटिला एस्टर, बटर कप सहित कई पुष्पों की क्यारियां अपने प्राकृतिक आवासों के आस पास खिली दिखाई दे रही हैं। प्रति वर्ष देश विदेश के हजारों पर्यटक और प्रकृति प्रेमी फूलों की घाटी का दीदार करने पहुंचते हैं, जिससे वन विभाग को अच्छी आय भी हो जाती है। उन्होंने बताया कि वैली ऑफ फ्लावर ट्रेकिंग के लिए देशी नागरिकों को 200 रुपये तथा विदेशी नागरिकों के लिए 800 रुपये ट्रेक शुल्क निर्धारित है। ट्रेक को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है। फूलों की घाटी के लिए बेस कैंप घांघरिया से टूरिस्ट गाइड की सुविधा भी उपलब्ध है। इस साल फूलों की घाटी 31अक्टूबर तक पर्यटकों के लिए खुली रहेगी। फूलों की घाटी ट्रेक अपने फूलों के लिए दुनिया भर में मशहूर है। इस घाटी के रोचक बात ये है कि ये घाटी हर 15 दिन में अपना रंग बदल लेती है।

### फूलों की घाटी में खिलते हैं 500 किस्म के दुर्लभ पुष्प

**चमोली।** शनिवार 1 जून को डीएफओ नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क ने फूलों की घाटी जाने वाले पहले पर्यटक दल को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उप वन संरक्षक बीवी मर्तोलिया ने घांघरिया बेस कैंप से 48 पर्यटकों के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएफओ ने बताया कि सेंचुरी एरिया होने के कारण पर्यटक फूलों की घाटी में रात्रि को नही रुक सकते हैं। पर्यटकों को फूलों की घाटी का ट्रेक करने के बाद उसी दिन बेस कैंप घांघरिया वापस आना अनिवार्य किया गया है। बेस कैंप घांघरिया में पर्यटकों के ठहरने की समुचित व्यवस्था है। फूलों की कुछ प्रजातियां ऐसी हैं, जो आपको सिर्फ यहीं देखने को मिलती हैं। फूलों की घाटी दुर्लभ हिमालयी वनस्पतियों से समृद्ध है और जैव विविधता का अनुपम खजाना है। यहां 500 से अधिक प्रजाति के रंग बिरंगी फूल खिलते हैं। हर साल बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक फूलों की घाटी का दीदार करने आते हैं।

# प्रादेशिकी

## 7 जून से होगा सुभारती बुद्ध मेले का आयोजन

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में आगामी 07 जून को सुभारती समूह की संस्थापिका संघमाता डॉ.मुक्ति भटनागर की स्मृति में उनके परिनिर्वाण दिवस पर बुद्ध मेले का आयोजन होने जा रहा है। इस उपलक्ष में विश्वविद्यालय में युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही है। संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के तत्वाधान में आगामी 07 जून से 14 जून तक सुभारती बुद्ध मेले का आयोजन होगा। इसको लेकर सुभारती संस्कृति विभाग में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेला सलाहकार व लॉ कॉलेज के डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय ने की। इस अवसर पर मेला सलाहकार व लॉ कॉलेज के डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय, मेला अध्यक्ष डॉ.मनोज कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार, राजकुमार सागर, डॉ.सत्यम खरे, डॉ.संचित प्रधान, डॉ.चन्द्रकीर्ति भंते, डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ.शशि राज तेवतिया, डॉ.मनोज कपिल, डॉ.शिवमोहन वर्मा, ई. आकाश भटनागर, हर्षवर्धन कौशिक, इन्द्रपाल, नरेश कुमार, अंशुल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री योगी ने भीषण गर्मी और हीट वेव को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# लू को लेकर राहत कार्यों में लाएं तेजी, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**लखनऊ,** 1 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में भीषण गर्मी और हीटवेव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक्शन में आते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हीट वेव को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिये कि संवेदनशील जिलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और 24 घंटे में पीड़ियों को मुआवजा दिलाने का प्रबंध किया जाए। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि हीटवेव को लेकर जनहानि और पशुहानि न हो, इसकी विशेष मॉनीटरिंग की जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से हर हफ्ते रिपोर्ट तैयार कर मुख्यमंत्री कार्यकाल में सबमिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी और हीट वेव का दौर चल रहा है। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और राहत विभाग पहले ही सतर्कता बरत रहा है और लोगों को दोपहर में बाहर न निकलने के साथ साथ अन्य एहतियाती उपायों के विषय में जानकारी दी जा रही है।



**हर हफ्ते मुख्यमंत्री कार्यालय को राहत संबंधी कार्यों की रिपोर्ट करें सबमिटः मुख्यमंत्री**

राहत आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में हर साल पड़ने वाली भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए विभाग की ओर से अप्रैल माह में ही एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया था। इसके तहत प्रदेश के हर जिले में लगातार काम किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश में तहसील स्तर पर प्रदेशवासियों को हीट वेव से अलर्ट करने के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आम जनमानस को हीट वेव से बचाव एवं खुद को सुरक्षित रखने के लिए डूज एंड डोन्स के बारे में अलर्ट किया जा रहा है। प्रदेशवासियों को समाचार पत्रों, रेडियो जिंगल्स, पोस्टर और लाउडस्पीकर के जरिए जागरुक किया जा रहा है ताकि वह अपने साथ दूसरों को भी सावधान कर सकें। इसके अलावा विभाग की ओर से प्रदेश के अति संवदेनशील शहरों में विशेष निगरानी की जा रही है। इन शहरों में जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम फील्ड में लगातार मुआयना कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को हीट वेव से होने वाली जनहानि संबंधी जानकारी तुरंत विभाग से साझा करने को कहा गया है ताकि 24 घंटे में पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जा सके।

### भयंकर गर्मी के बीच बढ़ती बिजली मांग और आपूर्ति का बना नया कीर्तिमान

**लखनऊ।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली की मांग एवं आपूर्ति के लगातार रिकार्ड टूट रहे हैं। शनिवार को प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक विद्युत मांग 29727 मेगावाट पहुंच गई, जिसे कारपोरेशन ने पूरा कर नया रिकार्ड बनाया। इसके साथ ही राज्य के उत्पादन गृहों ने भी 15788 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने का नया रिकार्ड बनाया है। उल्लेखनीय है कि विगत 27 मई को विद्युत की मांग 29261 मेगावाट पहुंच गई थी जिसे पावर कारपोरेशन ने पूरा करके एक नया रिकार्ड बनाया था। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल ने शनिवार को एक बार फिर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लगातार पड़ रही भयंकर गर्मी एवं विद्युत की मांग में हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए सावधानी बरतें। सभी कार्मिक इस चुनौतीपूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। उत्तर प्रदेश राज्य लोड डिस्पैच सेंटर को और प्रभावी किया जाएगा, जिससे विद्युत प्रणाली के एकीकृत संचालन को और बेहतर बनाया जा सके।

### पालिका ईओ ने लोनिवि के ईई को दिया नोटिस

# बरसात से पहले कराए तीनों पुलियों का उच्चीकृत

**मवाना,** 1 जून (देशबन्धु)। मवाना नगर में बरसात के दिनों में नालों के ओवरफ्लो होने का मुख्य कारण हाईवे पर बनी तीनों पुलियों का नीचा होना है। इससे चिंतित नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने हाईवे पर बनी तीनों पुलियों को उच्चीकृत कराने को लोक निर्माण विभाग प्रातीय खंड के अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि इन तीनों पुलियों का उच्चीकृत कार्य बरसात से पहले कराया जाना जरूरी है।

मवाना-मेरठ हस्तिनापुर रोड पर थाने के सामने की पुलिया, मेरठ -हस्तिनापुर रोड पर अग्रवाल होटल के निकट और मिल रोड पर ठाकुर अमरपाल की कोठी के पास बनी पुलियों का उच्चीकृत होना जरूरी है। नगर में बनी इन तीनों पुलियों का नीचा होना नालों के पानी की निकासी नहीं हो पाती है। इससे बरसात के दिनों में मवाना नगर में जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने 30 मई 24 को लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी किया है। मवाना नगर में छोटे-बड़े 17 नालों से पानी की निकासी होती है। इन सभी नालों की लम्बाई करीब 7.50 किमी. है, जोकि नगर के इधर-उधर छोटे नालों से होकर थाना और अग्रवाल होटल के पास बहने वाले बड़े नालों में जाकर मिलते हैं। बरसात के दिनों में इन तीनों पुलियों से पानी की निकासी नहीं हो पाती। यही कारण है कि मवाना नगर में बरसात होते ही नगर में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जलभराव से बचने को इन तीनों पुलियों का उच्चीकृत कराया जाना आवश्यक है।

### वैकल्पिक मार्ग की तलाश जरूरी

नागरिकों ने सवाल उठाये कि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव जैन के नोटिस पर लोक निर्माण विभाग ने तीनों पुलियों का निर्माण कराना शुरू कर दिया तो ऐसे में मवाना से मेरठ और मेरठ से मवाना रोजाना आने वाले हजारों वाहन कहां से गुजरेंगे। मवाना शहर से मेरठ जाने, तहसील में आने वाले वाहन और स्थानीय लोगों के वाहन किस रास्ते से, कैसे और कहां से निकाले जायेंगे। इसके लिए अधिशासी अधिकारी ने वैकल्पिक रास्ते का सुझााव नहीं दिया है। साथ ही नागरिकों ने दूसरा सवाल उठाया कि मानसून 25 जून के आसपास आ जाता है, क्या 25 दिनों में लोक निर्माण विभाग तीनों पुलियों का निर्माण करा पायेगा। यह तो हथेली पर सरसों उगाने वाली कहावत हो जाएगी।

## सार संक्षेप

### नूर मौहम्मद पालिका के ब्रांड एम्बसेडर नियुक्त

**मवाना।** नगर पालिका परिषद् मवाना ने वरिष्ठ समाजसेवी व सामाजिक कार्यकर्ता नूर मौहम्मद को स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के लिए ब्रांड एम्बसेडर नियुक्त किया गया है। पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने नूर मौहम्मद को पत्र व बुके देकर सम्मानित किया गया तथा उनसे स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के लिए पूर्ण सहयोग देने की अपेक्षा की गई।



### मेरठ बार एसो. के पूर्व अध्यक्ष का निधन

**मेरठ।** मेरठ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और सीनियर एडवोकेट महावीर त्यागी का आज सुबह 10 बजे निधन हो गया है। उनके निधन से सभी अधिवक्ताओं में शोक है। महावीर त्यागी 72 साल के थे। उनके साथी अधिवक्ताओं ने बताया कि वो लंबे समय से लंग्स कैंसर से पीड़ित थे। पिछले कुछ दिनों से अचानक तबीयत खराब हुई। उन्हें मेरठ साकेत में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां आज सुबह 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

### अचानक बदला मौसम, तेज हवाओं से कई जगह पेड़ गिरे

**मेरठ।** शनिवार दोपहर को अचानक मौसम बदल गया। तेज धूप की जगह आसमान में बादल छा गए। कुछ इलाकों में ठंडी हवाएं भी चलने लगीं। अचानक मौसम बदलने और आंधी के कारण मेरठ के लालकुर्ती जामुन मोहल्ले में आंधी से पेड़ गिर गया। हालांकि पेड़ गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई है। पेड़ गिरने से लोगों के घर का रास्ता बन्द हो गया। दिन में तापमान 43 डिगरी से गिरकर 38 डिगी पर आ गया। धूप न होने और बादल छाने के कारण लोगों ने राहत की सांस ली। गर्मी और उमस में लोगों को कुछ आराम मिला। सरदार वल्लभभाई पटेल के कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही ने बताया कि 3 जून तक मेरठ सहित वेस्ट यूपी के अन्य जिलों में बारिश हो सकती है। आंधी, तेज हवाएं चलने की संभावना है। कहीं कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। इसकी वजह से मौसम बदलेगा। मौसम में हल्की ठंडक हो सकती है।

### चलती बाइक पर खड़े होकर स्टंट, वीडियो वायरल, जांच शुरू

**मेरठ।** युवक का हाईवे पर चलती बाइक पर स्टंट करते हुए वीडियो सामने आया है। वीडियो दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे का बताया जा रहा है। वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं वीडियो के आधार पर पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है। वायरल वीडियो में युवक हाईवे पर बाइक के ऊपर खड़ा होकर वीडियो बना रहा है।


### सूचना

मैंने अपना नाम मौहम्मद शहजाद से बदलकर मौहम्मद शहजाद अन्सारी कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे मौहम्मद शहजाद अन्सारी के नाम से ही जाना जाये। -मोहम्मद शहजाद अन्सारी पुत्र शफीक अहमद,437 मोहल्ला कल्याण सिंह थाना मवाना मेरठ।


# यूपी में भाजपा की मौजूदा 22 सीटो पर इंडिया गठबंधन दे रहा कड़ी टक्कर!

**नई दिल्ली/लखनऊ,** 1 जून (देशबन्धु)। सातवें और अंतिम चरण का मतदान खत्म हो गया है। पिछली बार भाजपा और सहयोगी दलों ने उत्तरप्रदेश की 80 में से कुल 64 लोकसभा सीटो पर कब्जा कर लिया था। लेकिन इस बार हालात उतने आसान नहीं है।। नतीजे चाहे जो भी हो,लेकिन 2019 मे जीती 22 लोकसभा सीटो पर भाजपा को इस बार इंडिया गठबंधन के साथ कडा मुकाबला करना पड रहा है। वैसे तो पश्चिम यूपी,मध्य यूपी और पूर्वी यूपी की 27 सीटें ऐसी हैं,जहां सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कडा मुकाबला है। इसके पीछे मौजूदा सांसदों के खिलाफ स्थानीय भावनाएं,जातिगत समीकरण,जिसे विपक्ष ने ज्यादा बेहतर तरीके से साधा है, प्रमुख कारण है। भाजपा को जिन 22 सीटो पर विपक्ष से कडी चुनौती मिल रही है। इसमें चंदौली, अयोध्या, भदोही, मछलीशहर, प्रतापगढ, बांसगांव,खीरी,अलीगढ, कैराना,फिरोजाबाद, फतेहपुर सिकरी, अमेठी,मोहनलालगंज, पीलीभीत, कन्नौज, कौशाम्बी, प्रयागराज, बाराबंकी,बस्ती, संत कबीरनगर, आजमगढ और बदायूं शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इनमें भी अयोध्या, अमेठी,खीरी,आजमगढ, कौशाम्बी,फतेहपुर सीकरी, भदोही और प्रतापगढ में पार्टी के उम्मीदवारों को अपने खुद के ही कार्यकर्ताओं के विरोध से जूझना पडा है। वहीं भाजपा नेताओं का भी मानना है कि कन्नौज, आजमगढ, बदायूं,गाजीपुर,घोसी और मछलीशहर सहित तकरीबन 11 सीटें ऐसी हैं,जहां भाजपा को विपक्ष ने कडी टक्कर दी है।

### योग दिवस के उपलक्ष्य में योग जागरूकता कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# दैनिक दिनचर्या में शामिल करें योग, रहे निरोग : प्रो. बीरपाल

■ 21 जून तक तक चलेगा योग शिविर

**मेरठ,** 1 जून (देशबन्धु)। आजकल की बिजी लाइफस्टाइल की वजह से लोगों के पास योग और व्यायाम करने का समय नहीं है। लेकिन कोरोना काल में लोगों ने योग के महत्व को अच्छे से समझा है। इस दौरान लोग अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने और तनावमुक्त रहने के लिए योग का सहारा ले रहे हैं। यदि हम योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें तो आप शारीरिक और मानसिक तौर से हमेशा स्वस्थ रह सकते हैं। हर साल 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि देश ही नहीं पूरे विश्व ने योग को अपनाया है और 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। यह बात योग विज्ञान विभाग चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग के उपलक्ष्य में योग जागरूकता कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर वीरपाल सिंह ने कही।



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के राजा महेंद्र प्रताप सिंह लाइब्रेरी पर शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर कुलसचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि योग करने से आप सभी चीजों में संतुलन बनाने में कारगर हो सकते हैं। मन को शांत रखने के लिए योग से बढ़कर कुछ नहीं है। रोज सुबह-सुबह के समय योग करना बेहद फायदेमंद होता है। सुबह योग करने से आप पूरे दिन ऊर्जावान रह सकते हैं। यह शरीर से आलस को दूर कर आपको तरोताजा रखने में भी मदद करता है। योग करने वाला व्यक्ति शारीरिक रूप से सक्रिय रहता है, वह तनावमुक्त रहता है और हमेशा खुश नजर आता है। योग व्यक्ति को प्रकृति के पास ले जाता है। इस दौरान योग विज्ञान विभाग के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने योग व प्रणायाम कराया व उससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। छात्रावास के आए छात्र व छात्राओं ने किया योग कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रावासों के वार्डन के अलावा छात्र व छात्राएं भी योग जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा विश्वविद्यालय में सुबह की सैर करने वाले लोग ने योग व प्रणायाम किया। इस अवसर पर डॉक्टर नवज्योति सिद्धू सत्यम कुमार सिंह ईशा पटेल अंजुम मलिक डॉक्टर कमल शर्मा साक्षी मावि योग विज्ञान विभाग के सभी विद्यार्थियों ने योग साधकों के आसन एवं प्राणायाम को सही विधि से करने में अमूल्य योगदान रहा बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

# आयुक्त व आईजी ने मतगणना की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण

**मेरठ,** 1 जून (देशबन्धु)। आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे. तथा आईजी मेरठ नचिकेता झा द्वारा मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना हेतु की जा रही तैयारियो के संबंध में संबंधित अधिकारियो के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होने मतगणना केन्द्र पर ऑब्जर्वर तथा आरओ के लिए व्यवस्थाएं, मतगणना की ससमय फीडिंग तथा उसका एनाउन्समेंट, रूट के अनुसार साईनेज, प्रत्याशी एजेंट के पास एवं बैठने की व्यवस्था, जलपान, मतगणना स्थल पर विद्युत की निर्बाध आपूर्ति, पंखे व कूलर की व्यवस्था, वाहन पार्किंग,एंबुलेंस,स्वास्थ्य विभाग की टीम, एजेंटो के आने-जाने की व्यवस्था, मीडिया सेंटर पर समुचित व्यवस्थाएं, सीसीटीवी, वीडियोग्राफी, बैलेट पेपर की गिनती हेतु मतगणना टेबिल व कर्मचारियो का प्रशिक्षण, कम्युनिकेशन सेंटर, साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट, इंटरनेट आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारी को समस्त व्यवस्थाओ को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।



आयुक्त ने कहा कि मतगणना की समस्त प्रक्रिया मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशो के अनुसार सकुशल, पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जायेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**किठौर,** 1 जून (देशबन्धु)। भीषण गर्मी उगलती हवाओं के बीच शनिवार मेरठगढ़ रोड पर नगर पंचायत कार्यालय के सामने आने जाने वालों को रोक कर मीठा शरबत पिलाया गया जिसमें नगर पंचायत के कर्मचारी भी मौजूद रहे। आज नगर पंचायत शाहजहांपुर में चेयरमैन शाहजहांपुर द्वारा नगर पंचायत परिसर के सामने ठंडा शर्बत पिलाया गया जिसमें नगर पंचायत के कर्मचारी,ठेकेदार, नगर पंचायत के अध्यक्ष के माध्यम से मीठा शरबत पिलाया गया। बता दें कि इस समय क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है जिसकी वजह से शनिवार को शरबत वेतन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें नगर पंचायत के कर्मचारियों का सहयोग रहा।



# वन विभाग ने मछुवारों से वसूला दो लाख जुर्माना

**मवाना/हस्तिनापुर,** 1 जून (देशबन्धु)। वन आरक्षित क्षेत्र से होकर गुजरने वाली गंगा नदी में नदी-नालों में प्रतिबंध के बावजूद मछलियों का शिकार कर रहे हैं, जो पर्यावरण के लिए ठीक नहीं है। इस समस्या के हल में कई पर्यावरण प्रेमी संस्थाएं अपने स्तर पर कार्य कर रही हैं और विभाग भी अपने स्तर पर कार्यवाही कर रहा है। जिला वन अधिकारी राजेश कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को वन विभाग की टीम में गंगा नदी से मछलियों का शिकार कर रहे कई लोगों को पकड 2 लाख का जुर्माना वसुल किया। बता दे कि वन अरक्षित क्षेत्र से होकर गुजरने वाली गंगा नदी में फतेहपुर प्रेम, मानपुर, लतीफपुर, किशनपुर, भीमकुंड, दुधली, सिरजोपुर आदि गांवों के समीप बड़े पैमाने पर मछलियों का शिकार किया जा रहा था। कुछ लोग इसका व्यापार भी कर रहे थे। लगातार मिल रही शिकायतों पर शनिवार सुबह वन विभाग की टीम ने गंगा किनारे सर्च अभियान चल भींकुड गंगा पुल के समीप खेडी कला नाले से जाल लगा मछलियों का शिकार कर रहे कई मछुवारों को दबोच लिया। पकडे गये मछुवारों से वन विभाग की टीम ने मछली पकडने के कई उपकरण बरामद किये। क्षेत्रीय रेंजर रविकांत चैधरी ने बृहस्पतिवार को वन विभाग की टीम के साथ भीमकुंड गांव के समीप राजकीय पशुधन कृषि प्रक्षेत्र के पास नाले से मछली पकड़ कई मछुवारों को गिरफ्तार कर 1 लाख 95 हजार रूपये का जुर्माना वसुल किया। मछुवारों से पहले भी वसुला गया जुर्माना क्षेत्रीय रेंजर रविकांत ने बताया कि वन आरक्षित क्षेत्र में मछलियों व अन्य जीवों का शिकार प्रतिबंधित है। शिकार को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाये जा रहे है । वन विभाग की टीम ने अक्टूबर को राजकीय पशुधन कृषि प्रक्षेत्र के पास नाले से मछली पकड़ रहे पवन, सोमपाल, विक्रम, रंजीत, अजय, आदि आठ युवकों को गिरफ्तार कर 2 लाख पच्चास हजार रूपये का जुर्माना वसुल किया था।

**बैठक** *पालिका सभागार में सफाई कर्मचारियों की बैठक*

# डोर टू डोर सोर्स सेग्रीगेशन व कम्पोस्टिगं कराये जाने हेतु सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया

**मवाना,** 1 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की कार्ययोजना तैयार करने के लिए पालिका सभागार में सफाई कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अधिकारी ने वार्ड 01, 02, 05, 07, 10, 11, 17, 19, 20 व 22 में डोर टू डोर सोर्स सेग्रीगेशन व कम्पोस्टिगं कराये जाने हेतु पालिका के सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।



बैठक में उपस्थित डिस्ट्रीक प्रोग्राम मैनेजर अमरनाथ द्वारा बताया गया कि चयनित वार्डो में नागरिकों को गीला व सूखा कूडा अलग-अलग कर लिये जाने एवं अपने-अपने घर के गीले कूडे से कम्पोस्टिंग कराने हेतु पालिका के सफाई कर्मचारियों को विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दे स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में मवाना को प्रथम स्थान दिलाने हेतु विशेष सहयोग के साथ नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु आदेशित किया गया। यहां पर पालिका वरिष्ठ लिपिक लाखन सिंह, सफाई नायक राकेश कुमार, सुजीत कुमार, मजहर अब्बास, चरणदास व पालिका के समस्त सफाई कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।

### पुलिया ऊँचीकरण के लिए विभाग को भेजा नोटिस

बरसात के मौसम में मुख्य मार्ग पर होने वाली जलभराव की समस्या से निपटने के लिए शनिवार को पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने पुलिया का ऊंचीकरण के लिए प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. मेरठ को नोटिस पत्र जारी कर मेरठ हस्तिनापुर रोड अग्रवाल हॉटल के सामने व मिल रोड ठाकुर अमरपाल की कोठी के पास व मेरठ हस्तिनापुर रोड थाने के सामने की पुलिया का ऊँचीकरण की मांग की।

### स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के लिए पालिका कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**मवाना।** तहसील रोड पर पालिका के आरओ वाटर प्लान्ट के ऊपर बने सभागार में पालिका सफाई कर्मचारियों की एक बैठक अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की तैयारीध्कार्ययोजना तैयार करने के लिए सफ्ज़ाई कर्मियों को जानकारी दी गई। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में चयनित किये गये वार्ड 01, 02, 05, 07, 10, 11, 17, 19, 20 व 22 में डोर टू डोर सोर्स सेग्रीगेशन व कम्पोस्टिगं कराये जाने को पालिका के सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में उपस्थित डिस्ट्रीक प्रोग्राम मैनेजर अमरनाथ ने बताया कि चयनित वार्डो में नागरिकों को गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग कर लिये जाने एवं अपने-अपने घर के गीले कूड़े से कम्पोस्टिंग कराने के लिए पालिका के सफाई कर्मचारियों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में नगर पालिका परिषद् मवाना को प्रथम स्थान दिलाने के लिए विशेष सहयोग के साथ नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने को आदेशित किया गया। उक्त अवसर पर पालिका अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के साथ पालिका वरिष्ठ लिपिक लाखन सिंह, डीपीएम अमरनाथ, सफाई नायक राकेश कुमार, सुजीत कुमार, मजहर अब्बास, चरणदास व पालिका के समस्त सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।




देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 2 जून, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# लोकसभा चुनाव में कई नए चेहरों को मिली राजनीतिक पहचान

## समस्तीपुर लोस क्षेत्र से दो नए चेहरे सियासी पटल पर उभरे

**पटना,** 1 जून (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें और आखिरी चरण के तहत शनिवार को बिहार की आठ लोकसभा सीटों पर मतदान जारी है। इस चुनाव में राजनीतिक दलों ने जीत के लक्ष्य के साथ कई नए तो कई पुराने योद्धाओं को चुनावी अखाड़े में उतारा। मतगणना में 4 जून को हार-जीत किसी की भी हो, इतना तो तय है कि इस चुनाव ने कई नए चेहरों को राजनीतिक पहचान दे दी है।



राजनीतिक दलों ने इस चुनाव में कई नए चेहरों पर दांव लगते हुए उन्हें चुनावी अखाड़े में उतारा है। राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य राजनीति में प्रवेश करते हुए सारण से मैदान में उतरीं। अपने पिता को किडनी देने के कारण रोहिणी पहले भी सुर्खियों में रह चुकी हैं, लेकिन इस चुनाव ने उन्हें राजनीति में स्थापित किया है। उन्होंने चुनावी अखाड़े में जमकर पसीना भी बहाया।

इसी तरह, समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से दो नए चेहरे भी सियासी पटल पर उभरे। यहां से लोजपा (रामविलास) के टिकट पर शांभवी चौधरी मैदान में उतरीं तो उनका मुकाबला कांग्रेस के सन्नी हजारी से हुआ।

शांभवी जहां नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल अशोक चौधरी की बेटी हैं, वहीं सन्नी हजारी दिग्गज जदयू नेता और मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र के हैं। इस चुनाव के पहले दोनों की राजनीति में कोई पहचान नहीं थी, लेकिन दोनों नए चेहरों के उतरने से समस्तीपुर की गिनती 'हॉट सीट' के रूप में हुई।

पहले भी भोजपुरी सिनेमा जगत के कई अभिनेता और गायक राजनीति में अपनी पहचान बना चुके हैं। इस चुनाव में भी भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और गायक गुंजन सिंह ने भी अपनी राजनीतिक पहचान बनाई है। दोनों कलाकारों को हालांकि किसी पार्टी ने उम्मीदवार नहीं बनाया, लेकिन दोनों निर्दलीय के तौर पर मैदान में उतरे हैं। पवन सिंह काराकाट से तो गुंजन नवादा से किस्मत आजमा रहे हैं।

मुंगेर संसदीय क्षेत्र से राजद के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरीं अनिता देवी महतो ने भी इस चुनाव से अपनी राजनीतिक पहचान बनाई है। उन्होंने चुनाव से कुछ ही दिन पहले 17 साल तक जेल में रहकर बाहर आये अपराधी अशोक महतो से शादी की थी और राजद ने उन्हें टिकट थमा दिया।

बहरहाल, चुनावी अखाड़े में उतरे योद्धाओं में किसकी जीत होती है और कौन हारता है, इसका फैसला तो 4 जून को होगा, लेकिन इतना तय है कि इन नए चेहरों ने इस चुनाव से बिहार की सियासत में अपनी पहचान तो बना ही ली है।

## जनता ने गायक और नायक बनाया और अब तीसरी पारी खेल रहा : पवन सिंह



**रोहतास।** काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने लोगों ने वोट करने और उन्हें आशीर्वाद देने की अपील की। वहीं, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजा राम सिंह और एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के बारे में उन्होंने कहा कि वो लोग हमसे बड़े हैं। मैं अपने से बड़ों का सम्मान करता हूं और चाहता हूं कि मुझे उनका भी आशीर्वाद मिले, बस यही मेरी इच्छा है।

उन्होंने कहा कि मुझे हर तरफ से लोगों का आशीर्वाद मिल रहा है। मेरी जीत के लिए मेरी मां, बहन सुबह से मंदिर में पूजा कर रही हैं। उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में पवन सिंह के वायरल हो रहे पोस्टर पर उन्होंने कहा कि फेक आईडी से इस तरह के फर्जी पोस्टर वायरल किए जा रहे हैं। मैं हाथ जोड़कर लोगों से अपील करता हुं कि आप लोग इस पर ध्यान न दें, अपने बेटा और भाई पवन को आशीर्वाद दें। मेरे साथ जनता का आशीर्वाद है। इससे बड़ी बात कुछ हो ही नहीं सकती। ये मेरा सौभाग्य है कि लोग मेरे साथ हैं।

उन्होंने कहा कि मेरे पास कोई शब्द ही नहीं है, जनता ही मेरे लिए भगवान है। जनता ने ही मुझे गायक और नायक बनाया और मैं ये तीसरी पारी खेल रहा हूं। इस तीसरी पारी में मुझे जितना आशीर्वाद मिल रहा है, उसके आगे मैं निशब्द हूं। चुनाव जीतने के बाद मुझे यहीं रहना है, अपने परिवार के बीच में खड़ा रहना है। अकेले नहीं, हम सब मिल कर विकास करेंगे, भविष्य के बारे में सोचेंगे। काराकाट का नाम हो, काराकाट चर्चे में रहे, इसके लिए क्या करना है और कैसे करना है, इस पर हम सब के साथ मिल कर चर्चा करेंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में देश की 57 सीटों पर वोटिंग हो रही है। इन सीटों में बिहार की हॉट सीट काराकाट भी शामिल है। काराकाट लोकसभा सीट से एनडीए से उपेंद्र कुशवाहा, इंडिया गठबंधन से राजा राम सिंह और भोजपुरी स्टार पवन सिंह निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट से पवन सिंह की उम्मीदवारी के बाद यहां त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है।

## हर किसी को मतदान करना चाहिए : हरभजन सिंह



चंडीगढ़, 1 जून (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने शनिवार को पंजाब में अपने गृहनगर जालंधर में मतदान किया। मतदान के बाद हरभजन ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने सबसे मतदान करने की अपील की। हरभजन ने कहा कि हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। मैं सभी से अपील करूंगा कि वे बाहर आएं, वोट दें और ऐसी सरकार चुनें जो आपके लिए काम कर सके। आम चुनाव के अंतिम चरण में पंजाब की सभी 13 संसदीय सीटों के लिए आज एक साथ मतदान हो रहा है। टीम इंडिया के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह 2022 में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य बने। इससे पहले 2021 में उन्होंने क्रिकेट से संन्यास लिया था।

## ऑक्सीजन सिलेंडर सहित मतदान करने पहुंची बीमार महिला

**बिलासपुर,** 1 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में शनिवार को लोकसभा के सातवें चरण के मतदान के दौरान सुबह से ही मतदान को लेकर लोगों में भारी उत्साह नजर आ रहा था। हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा सीटों पर मतदान के कई दृश्य और वीडियो सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो बिलासपुर जिले से भी सामने आया है, जिसमें एक बीमार महिला मतदाता ऑक्सीजन सिलेंडर लगाकर मतदान करने पहुंची।

जानकारी के अनुसार यह मामला टिक्कर पोलिंग बूथ चुवाड़ी का है, जहां 68 वर्षीय महिला विमला देवी बीमारी की हालत में सिलेंडर लगाकर मतदान केंद्र टिक्कर पोलिंग बूथ चुवाड़ी पहुंची। बताया जा रहा है कि महिला पिछले एक सप्ताह से बीमार है और अस्पताल में भर्ती है। बावजूद इसके, उन्होंने अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करने का संकल्प लिया और पोलिंग बूथ तक पहुंचीं।

इसी प्रकार, बिलासपुर के पहाड़ी क्षेत्र श्री नैना देवी में भी मतदान के प्रति लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यहां पर एक महिला पालकी में बैठकर मतदान करने पहुंचे। पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए मतदान केंद्र तक पहुंचना काफी कठिन होता है, फिर भी उन्होंने अपनी नागरिक जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए यह कठिनाई उठाई और अपने कीमती वोट का उपयोग किया।

मतदान के दौरान दिखाई दे रहे ये दृश्य न केवल हिमाचल प्रदेश के लोगों की लोकतंत्र में गहरी आस्था को दर्शाते हैं, बल्कि यह भी प्रमाणित करते हैं कि चाहे परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों न हो, वे अपने अधिकारों का उपयोग करने से पीछे नहीं हटते।

## 'सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स' में झारखंड को पहला स्थान

### भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की रिपोर्ट

**रांची,** 1 जून (एजेंसियां)। भारत निर्वाचन आयोग से जारी किए गए 'सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स' में झारखंड को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की दिशा में सक्रियता के आधार पर देश भर के टॉप 10 राज्यों की सूची में झारखंड पहले पायदान पर रहा है।

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज यहां कहा कि वर्तमान परिवेश में मतदाता जागरूकता जैसे किसी भी सामाजिक मुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए सोशल मीडिया एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है। इस बार झारखंड में इसी दिशा में सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रयोग किया गया। न केवल मुख्यालय स्तर से कई सोशल मीडिया अभियान चलाए गए, बल्कि राज्य के कुछ जिला निर्वाचन पदाधिकारीयों ने भी अपने स्तर पर कई हैशटैग अभियान चलाए। जिनमें आम लोगों की भी अपार सहभागिता रही। कई हैशटैग अभियान देश भर में ट्रेंडिंग भी हुए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आम नागरिकों की इसी सकारात्मक भूमिका की अपेक्षा होगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सोशल मीडिया नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि देश के सभी राज्यों के सीईओ कार्यालयों की सोशल मीडिया सक्रियता की रैंकिंग करने के लिए



निर्वाचन आयोग की ओर से जो हर माह परफॉर्मेंस इंडेक्स तैयार होती है उसमें 14 विभिन्न मानकों को आधार बनाया जाता है। इन मानकों में प्रमुख रूप से शामिल हैं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की कुल मासिक रीच, सब्सक्राइबर संख्या में अनुपातिक वृद्धि, नवाचारी अभियानों की संख्या, क्षेत्रीय भाषाओं में पोस्ट की संख्या, दिव्यांग जनों के अनुकूल सामग्री का प्रयोग, स्थानीय आईकॉन व सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ समन्वय, लाइव संवाद आदि।

उन्होंने बताया कि झारखंड की उक्त रैंकिंग बीते अप्रैल माह में सोशल मीडिया पर किए गए विभिन्न सकारात्मक प्रयासों को लेकर थी। जिसमें राजस्थान को भी झारखंड के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला है, वहीं कर्नाटक को दूसरा तथा उत्तराखंड को तीसरा स्थान मिला है।

## मिथुन ने राजनीति से किया तौबा



कोलकाता, 1 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए प्रचार करने वाले अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने शनिवार को राजनीति से तौबा करते हुए कहा कि अब वह राजनीति के बारे में बात नहीं करेंगे और एक अभिनेता तौर पर पेशेवर करियर की शुरुआत करेंगे। सत्तर वर्षीय चक्रवर्ती ने उत्तरी कोलकाता में मतदान करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि आज मैं एक महत्वपूर्ण बात की घोषणा करता हूं कि मेरी पार्टी के निर्देशानुसार मैंने 30 मई तक राजनीति की और अब मेरे लिए कोई राजनीति नहीं है। अब से मैं अपने पेशेवर करियर पर ध्यान केंद्रित करूंगा। उन्होंने कहा कि वह करीब 30 से 40 मिनट तक मतदान लाइन में खड़े रहे और फिर अपना वोट डाला। उन्होंने कहा कि कतार में खड़े हुए बिना वोट डालने के अनुरोध के बावजूद उन्होंने ऐसा इनकार कर दिया और आधे घंटे से अधिक समय तक लाइन में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## 'वोट डालना हमारी जिम्मेदारी', फर्स्ट टाइम वोटर्स में दिखा जबरदस्त उत्साह



**कांगड़ा,** 1 जून (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए शनिवार को देश की 57 सीटों पर वोट डाले गए। कांगड़ा में इस बार के चुनाव में पहली बार वोट डालने वाले युवक, युवतियों में काफी उत्साह देखने को मिला। नूरपुर विधानसभा के कई क्षेत्रों में युवा पहली बार मतदान करने बूथ पर पहुंचे। पहली बार मतदान करने को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। ये युवा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपनी भागीदारी निभा कर खुद को खुशनसीब मान रहे हैं। अनन्या ठाकुर ने कहा कि मैंने पहली बार नूरपुर स्कूल में वोट डाला। मुझे बहुत अच्छा लगा क्योंकि यह मेरी जिम्मेदारी भी थी। मुझे बहुत अच्छा लगा कि मैं इतने बड़े देश में अपना सहयोग कर रही हूं। 18 साल से ऊपर के सभी लोगों से मैंने अपील की थी कि वो अपना वोट डालने जरूर आएं और अपने देश के लिए एक मिसाल बनाएं। एक अच्छी सरकार चुनें, क्योंकि सरकार ही है जो हमारे देश को आगे ले जाएगी। वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि मैंने पहली बार वोटिंग की है और मैंने भी सभी से व युवाओं से अपील की कि वो लोकतंत्र में अपना वोट देकर अपनी भागीदारी जरूर निभाएं। युवा मनीष कुमार ने कहा कि मैं कोटपलाहटी का रहना वाला हूं मैंने पहली बार वोट डाला है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आज देश की 57 सीटों पर वोट डाले गए। इसके साथ ही सभी सात चरणों का मतदान संपन्न हो गया।

### बंगाल में अलग-अलग हिस्सों में हिंसा

## संदेशखाली में महिलाओं ने संभाला मोर्चा

**कोलकाता,** 1 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में नौ लोकसभा सीटों पर शनिवार को अंतिम चरण के चुनाव के दौरान विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से मतदान केंद्रों के बाहर छिटपुट हिंसा की रिपोर्ट सामने आईं और विभिन्न बूथों पर मतदान एजेंटों को भगाने का प्रयास किया गया है। राज्य के हिंसाग्रस्त संदेशखाली के बरमाजुर गांव में कल रात मतदाताओं को डराने धमकाने की कोशिश की गई, जहां महिलाओं ने एकजुट होकर गांव की रखवाली की और समूह में बढ़-चढ़कर मतदान करने का फैसला किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चहेरे पर नकाब ओढ़े अज्ञात बदमाशों ने ग्रामीणों पर हमला किया और उन्हें बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र में वोट न डालने की धमकी दी। बारानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सजल घोष के मुख्य चुनाव एजेंट कौस्तव बागची ने आरोप लगाया कि उत्तर कोलकाता लोकसभा सीट के लिए बोनहुगली हाई स्कूल मतदान केंद्र पर दो एजेंट थे, लेकिन उनमें से एक एजेंट को मतदान केन्द्र से बाहर निकाल दिया गया। उन्होंने इसकी शिकायत भारत निर्वाचन आयोग से की है। भांगर क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस और



**भांगर क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस और आईएसएफ के समर्थकों के बीच हिंसा**

आईएसएफ के समर्थकों के बीच हिंसा की रिपोर्ट भी सामने आयी हैं। भांगर के अंतर्गत कथित आईएसएफ समर्थकों द्वारा सतुलिया तृणमूल कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ की गई, जहां कल रात बम विस्फोट की भी सूचना मिली थी और एक बम बरामद किया गया था। डायमंड हार्बर से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी उम्मीदवार प्रतिकुर रहमान ने आरोप लगाया कि मतदान केन्द्र पर एक फर्जी एजेंट बैठा हुआ मिला जिसे माकपा का एजेंट बताया गया है। जबकि रहमान ने उनका एजेंट होने की बात से इनकार किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तृणमूल समर्थक को एजेंट के रूप में बैठाया गया है और पीछा करने पर आखिरकार वह भाग गया।

## दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र 'ताशीगंग' में इंद्रधनुषी नजारा

### मतदान केंद्र में 79 प्रतिशत मतदान

**केलांग,** 1 जून (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र 'ताशीगंग' में वोटिंग के दौरान इंद्रधनुषी नजारा देखा गया। मतदान के बाद महिलाओं के लोक गायन ने भी खूब समां बांधा। स्पीति घाटी में मतदाताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह तो था ही। वे कतारबद्ध होकर पारंपरिक वेशभूषा में मतदान केंद्र तक पहुंचे थे। अंतिम जानकारी तक लाहौल-स्पीति के इस मतदान केंद्र में 28 पुरुषों व 21 महिलाओं ने वोट डाला था।(ठंडी वादियों में पहली बार दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र में वोट डालने वाले 18 वर्षीय कुंजोक तेंजिन बेहद ही उत्साहित थे। वो बोले, केवल किताबों में ही चुनाव को लेकर पढ़ा व सुना था। सबसे गर्व की बात है कि मैंने दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र में वोट डाला है। दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र को चुनाव आयोग द्वारा दुल्हन की तरह सजाया गया था।

हरेक मतदाता के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई थी। पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। अंतिम जानकारी के मुताबिक मतदान केंद्र में 79 प्रतिशत मतदान हुआ था। यहां 62 मतदाता ही पंजीकृत है। एडीसी राहुल जैन ने कहा कि समूची स्पीति घाटी मतदान को लेकर बेहद उत्साहित है। मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं को बेहतरीन बनाने का प्रयास किया गया।

## 'चंबा' के दो मतदान केंद्रों में आम चुनाव का बहिष्कार

**शिमला,** 1 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के 'चंबा' जनपद के दो मतदान केंद्रों पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का समाचार मिला है। सनवाल ग्राम पंचायत के मक्कन व चचूल मतदान केंद्र पर एक भी वोट नहीं डाला गया है। उधर, चुराह उपमंडल की चरड़ा में जूरी बूथ पर भी चुनाव का बहिष्कार किया गया है। मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने तल्ख लहजे में कहा कि जब तक हमारे गांव में सड़क नहीं बन जाती, तब तक हम वोट नहीं डालेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि चंबा के उपायुक्त यदि मौके पर पहुंचते हैं तो उस स्थिति में मतदान सशर्त कर सकते हैं, लेकिन अंतिम समाचार तक ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हुआ था।

## जालंधर प्रशासन ने मतदान के बाद युवा, दिव्यांग मतदाताओं को किया पुरस्कृत

**जालंधर,** 1 जून (एजेंसियां)। युवाओं में मतदान के प्रति उत्साह बढ़ाने के लिए जालंधर प्रशासन ने एक अनूठा तरीका अपनाते हुये शनिवार को 80 से अधिक युवा मतदाताओं को मतदान के बाद निःशुल्क मूवी टिकट दिए गए, जिससे चुनावी प्रक्रिया में उत्साह का संचार हुआ। इसके अतिरिक्त, अपाहिज आश्रम स्थित मतदान केंद्र पर दिव्यांग मतदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला चुनाव अधिकारी डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने पूरे दिन विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया, मतदाताओं से बातचीत की और उनसे बहुमूल्य फीडबैक प्राप्त किया। मतदाताओं ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया, विशेष रूप से भीषण गर्मी से निपटने के लिए किये गये उपायों की सराहना की। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मतदाताओं के बीच पौधे वितरित किए गए। इस पहल ने न केवल मतदान के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

डॉ. अग्रवाल ने जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी के लिये मतदान का सहज अनुभव सुनिश्चित करने के लिये व्यापक व्यवस्था की गयी है।

जिला चुनाव अधिकारी ने कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के प्रयासों की प्रशंसा की और दिन की कार्यवाही की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।



देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 1.80 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.32 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.07 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.96 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.92 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 2.08 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.77 प्रतिशत |
| मारुति | 1.51 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.37 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.82 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# सरकार ने कच्चे तेल पर घटाया विंडफॉल टैक्स

- पेट्रोल, डीजल व विमान ईंधन पर शून्य है विंडफॉल टैक्स
- पिछले कुछ महीनों में विंडफॉल टैक्स में की गई है कटौती

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटाकर शनिवार से 5,200 रुपए प्रति टन कर दिया। यह पहले 5,700 रुपए प्रति टन था। सरकार ने इस संबंध में शुक्रवार देर रात एक नोटिफिकेशन जारी किया। इसमें कहा गया है कि नई दर 1 जून से लागू होगी।

नोटिफिकेशन में कहा गया कि कच्चे तेल के उत्पादन पर विंडफॉल टैक्स 5,700 रुपये प्रति मीट्रिक टन से घटाकर 5,200 रुपए प्रति टन करने का फैसला लिया गया है। पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन पर विंडफॉल टैक्स शून्य बना हुआ है।

सरकार द्वारा हर 15 दिन में कच्चे तेल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स की समीक्षा की जाती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर ही विंडफॉल टैक्स को घटाया या बढ़ाया जाता है।

पिछले कुछ महीनों में सरकार की ओर से कई बार विंडफॉल टैक्स में कटौती की गई है। इससे पहले 16 मई को सरकार ने कच्चे तेल



पर विंडफॉल टैक्स 8,400 रुपए से घटाकर 5,700 रुपए प्रति टन कर दिया था। वहीं, 1 मई को इसे 9,600 रुपए से घटाकर 8,400 रुपए प्रति टन कर किया गया था।

विंडफॉल टैक्स कम होने का सीधा फायदा घरेलू स्तर पर कच्चा तेल उत्पादन करने वाली कंपनियों जैसे ओएनजीसी और ऑयल इंडिया को मिलता है।

कच्चे तेल की कीमत अचानक बढ़ने के कारण तेल कंपनियों को हो रहे अप्रत्याशित मुनाफे पर सरकार ने 1 जुलाई 2023 से विंडफॉल टैक्स लगाना शुरू किया था। कच्चे तेल के साथ, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर भी विंडफॉल टैक्स लगाया गया है। विंडफॉल टैक्स लाने की एक वजह निजी तेल रिफाइनरियों को नियंत्रित करना था, जो अच्छे मार्जिन के कारण घरेलू बाजार में आपूर्ति को दरकिनार कर विदेशों में तेल निर्यात कर रही थीं।


## 2023-24 में संशोधित अनुमान से कम रहा राजकोषीय घाटा

- वित्त वर्ष 2024 में शुद्ध कर प्राप्तियां 23.27 लाख करोड़ रुपए रहीं

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024 में अनुमान से ज्यादा कर मिलने के कारण केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान से भी कम रहा। संशोधित अनुमान में सकल घरेलू उत्पाद का 5.8 फीसदी राजकोषीय घाटा रहने की बात कही गई थी मगर आंकड़ा जीडीपी का 5.6 फीसदी रहा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार केंद्र [illegible] 16.54 लाख करोड़ रुपए का अंतर रहा, जबकि बजट में यह अंतर 17.86 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया था। पिछले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.9 फीसदी रहने का शुरुआती अनुमान था, जिसे अंतरिम बजट में घटाकर 5.8 फीसदी कर दिया गया था। जब सरकार कमाई से ज्यादा खर्च कर देती है तो खजाने को घाटा यानी राजकोषीय घाटा होता है। आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024 में शुद्ध कर प्राप्तियां 23.27 लाख करोड़ रुपए रहीं, जो अनुमान से ज्यादा थीं। इस दौरान सरकार का कुल खर्च 44.43 लाख करोड़ रुपए रहा, जो बजट राशि का 99 फीसदी है। इस बीच अप्रैल में अप्रत्याशित राजस्व खर्च करने के कारण 2.1 लाख करोड़ रुपये का राजकोषीय घाटा हो गया, जो पूरे साल के लक्ष्य का 12.5 फीसदी है।केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025 में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.1 फीसदी या 16.85 लाख करोड़ रुपये पर रोकने का लक्ष्य रखा है। 2025-26 में घाटा जीडीपी के 4.5 फीसदी पर रोकने के लिए यह जरूरी है।अर्थशास्त्रियों को लगता है कि बढ़िया कर मिलने और भारतीय रिजर्व बैंक से उम्मीद से बहुत ज्यादा अधिशेष मिलने के कारण चालू वित्त वर्ष में खजाने की स्थिति अच्छी रहेगी। इक्रा में मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक से उम्मीद से बहुत अधिक रकम मिलने के कारण सरकार के पास खर्च करने के लिए या राजकोषीय घाटा कम करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपए अलग से होंगे।

## मई में जीएसटी राजस्व 1.73 लाख करोड़ रहा

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह चालू वित्त वर्ष के दूसरे महीने मई में 1.73 लाख करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 157090 करोड़ रुपए की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है।




वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने अप्रैल मई में कुल मिलाकर जीएसटी राजस्व संग्रह 3.83 लाख करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में संग्रहित राजस्व की तुलना में 11.3 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2024 में पहली बार जीएसटी संग्रह रिकार्ड दो लाख करोड़ को पार करते हुए 210267 करोड़ रुपए पर पहुंच गया जो अप्रैल 2023 के 187035 करोड़ रुपए की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक था।

वित्त मंत्रालय ने आज मासिक जीएसटी संग्रह के आंकड़े जारी किए जिसके अनुसार रिफंड के बाद अप्रैल 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.44 लाख करोड़ रुपए रहा है जो मई 2023 के शुद्ध संग्रह से 6.9 प्रतिशत अधिक है।

जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार मई 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 172739 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सीजीटी 32409 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 40265 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 87781 करोड़ रुपए है, जिसमें आयात पर संग्रहित 39879 करोड़ रुपए भी शामिल है।

# एडीटीसी व ड्राइविंग स्कूलों के नियमों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शनिवार को स्पष्ट किया कि एक जून से मान्यता प्राप्त ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों (एडीटीसी)



और ड्राइविंग स्कूलों के मौजूदा नियमों में कोई बदलाव नहीं होगा। इसके पहले मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि आवेदकों को अब क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में ड्राइविंग टेस्ट से गुजरने की आवश्यकता नहीं हो सकती है। वे मान्यता प्राप्त निजी ड्राइविंग स्कूलों में ड्राइविंग टेस्ट करा सकते हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपने स्पष्टीकरण में कहा है कि मौजूदा नियमों में एक जून से कोई बदलाव नहीं होगा। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया था कि निजी ड्राइविंग स्कूलों में परीक्षा पास करने के बाद आवेदकों को एक प्रमाण पत्र मिलेगा। इसका उपयोग आरटीओ में जांच के बिना ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए किया जा सकता है।

मंत्रालय ने कहा कि मोटर वाहन (एमवी) अधिनियम, 1988 के तहत मोटर वाहन चलाने में प्रशिक्षण देने के लिए स्कूलों के लाइसेंस और नियम का प्रावधान है।

# तमिलनाडु को पांच महीने में मिला सात लाख करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। पिछले सप्ताह गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने पिक्सल स्मार्टफोन और ड्रोन बनाने के लिए तमिलनाडु में प्रवेश किया। यह उस रुझान का हिस्सा है, जिसके तहत राज्य ने साल 2024 के पहले पांच महीने में ही सात लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश आकर्षित किया है और 30 लाख से ज्यादा नौकरियों सृजित की हैं।

बड़े निवेशकों में टेस्ला की प्रतिस्पर्धी विनफास्ट, टाटा पावर तथा फॉक्सकॉन, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पेगाट्रॉन जैसी ऐपल की आपूर्तिकर्ता शामिल हैं। यह राशि पिछले दो साल के दौरान राज्य में हुए 2.97 लाख करोड़ रुपए के निवेश के अतिरिक्त है




- चेन्नई, होसुर व कोयंबत्तूर निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरे

जिससे 4,15,282 नई नौकरियां सृजित हुई हैं। इस साल निवेशक सम्मेलन के दौरान गुजरात को 26.33 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। अलबत्ता तमिलनाडु के लिए फायदे की बात यह है कि ज्यादातर निवेश घोषणाएं पक्की हो चुकी हैं और इन पर काम चल रहा है। चेन्नई, होसुर और कोयंबत्तूर निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरे हैं। सरकार और उद्योग के विशेषज्ञ निवेश में इस इजाफे का श्रेय कारोबार सुगमता, एक ही जगह मंजूरी की सुविधा, निवेशक-अनुकूल भूमि नीति, कुशल श्रमिकों की उपलब्धता तथा बंदरगाहों और प्रमुख बाजारों की निकटता को देते हैं। नई नौकरियों का बड़ा हिस्सा ज्यादा रोजगार वाले इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में है। तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने कहा कि राज्य ने कारोबार स्थापित करने और जरूरी मंजूरी हासिल करने की प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया है।

### सार संक्षेप

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली।** स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव भी पड़े रहे। दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## आईजीआई एयरपोर्ट दुनिया के व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में हवाई यात्रियों की संख्या साल 2023 में करीब 8.5 अरब तक पहुंच गई। ये महामारी से पहले के स्तर की 93.8प्रतिशत रिकवरी है। ये जानकारी एसीआई की ताजा रिपोर्ट से मिली है। इस रिपोर्ट में दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों के बारे में भी बताया गया है, जिसमें भारत की इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी शामिल है। अगर हम हवाई यात्रा में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को देखें, तो दोनों में ही अच्छी बढ़ोतरी हुई है। घरेलू हवाई यात्रा बाजार में 20.2प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2019 के स्तर की 96.8प्रतिशत रिकवरी है। अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा में 36.5प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2019 के स्तर की 90.4प्रतिशत रिकवरी है। भारत का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा, दिल्ली हवाई अड्डा पूरे दक्षिण एशिया में यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण कनेक्शन प्वाइंट है। दुनिया के 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों से कुल यात्रियों का 10प्रतिशत हिस्सा (80 करोड़ यात्री) गुजरा। इन हवाई अड्डों पर साल 2022 के मुकाबले 19.8प्रतिशत और साल 2019 के आंकड़ों के मुकाबले 0.7प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## किआ इंडिया की बिक्री मई में चार प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** किआ इंडिया की वाहन बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 19,500 इकाई रही है। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में यह बात कही। पिछले साल समान माह में कंपनी ने 18,766 वाहनों की बिक्री की थी। किआ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख (बिक्री एवं विपणन) हरदीप सिंह बराड़ ने कहा कि इस वर्ष अब तक हम अपने मॉडलों के नए प्रतिस्पर्धी संस्करण पेश करने में आक्रामक रहे हैं, जिसने हमारी बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि मजबूत नेटवर्क विस्तार रणनीति के साथ कंपनी वर्ष के बाकी समय में भी वृद्धि जारी रखेगी और जल्द ही 10 लाख इकाई घरेलू बिक्री का मील का पत्थर पार कर जाएगी।

# इस हफ्ते 39 भारतीय स्टार्टअप्स ने 387 मिलियन डॉलर से ज्यादा की पूंजी जुटाई

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव के बावजूद इस हफ्ते भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में फंडिंग लगातार जारी रही।

देश में कम से कम 39 स्टार्टअप्स ने 387 मिलियन डॉलर से ज्यादा की पूंजी जुटाई, इसमें 13 ग्रोथ-स्टेज के सौदे और 20 अर्ली-स्टेज के सौदे शामिल थे।

- बेंगलुरू स्थित स्टार्टअप 15 सौदों के साथ टॉप पर रहा

एनट्रैकर की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रोथ-स्टेज के सौदों में 13 स्टार्टअप्स ने 309 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई। बेंगलुरू स्थित स्टार्टअप 15 सौदों के साथ टॉप पर रहे। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और हैदराबाद का स्थान रहा।

डीप-टेक स्टार्टअप सेडेमैक ने 100 मिलियन डॉलर जुटाए। इसका इस्तेमाल एक नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बनाने और भारत, अमेरिका एवं यूरोपीय संघ में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इन्फ्रा डॉट मार्केट ने मार्स यूनिकॉर्न फंड से 50 मिलियन डॉलर जुटाए, वहीं इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी एथर एनर्जी ने ऋण और इक्विटी फंडिंग में




34.5 मिलियन डॉलर प्राप्त किए। एक अन्य ईवी कंपनी यूलर मोटर्स ने अपना सीरीज सी फंडिंग राउंड पूरा कर लिया, जिसमें 23.9 मिलियन डॉलर प्राप्त हुए। जिप इलेक्ट्रिक ने भी इस सप्ताह 15 मिलियन डॉलर की पूंजी जुटाई, ताकि कंपनी के बेड़े को 21 हजार से बढ़ाकर 2 लाख इलेक्ट्रिक स्कूटरों तक किया जा सके। बीते हफ्ते 24 भारतीय स्टार्टअप्स ने 444 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई, जिसमें पांच ग्रोथ-स्टेज सौदे भी शामिल हैं।

## आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड से जुटाएगी एक हजार करोड़

**नई दिल्ली।** नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों (एनबीएफसी-एमएफआई) में से एक, आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस द्वारा पूंजी संवर्धन और व्यवसायिक वृद्धि के लिए सिक्योर्ड बॉन्ड के सार्वजनिक निर्गम द्वारा 1,000 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इन बॉन्ड पर उच्च सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया जा रहा है। यह निर्गम 3 जून, 2024 को खुलेगा और 14 जून, 2024 को बंद होगा। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस द्वारा 200 करोड़ रुपए के बॉन्ड जारी किए जाएंगे तथा 800 करोड़ रुपए तक की ओवर-सब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए ग्रीन शू विकल्प होगा (जो मिलकर 1000 करोड़ रुपए के बराबर हो जाएगा)। आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड द्वारा 60 महीने की अवधि के लिए 10.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वाधिक कूपन दर प्रदान की जा रही है। यह एनसीडी 24 महीने, 36 महीने, और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध है। ब्याज के भुगतान की आवृत्ति हर सीरीज़ के लिए मासिक और वार्षिक आधार पर उपलब्ध है।



# एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने गौतम अडाणी

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। ब्लूमबर्ग बिलियनएयर्स इंडेक्स के मुताबिक, अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को नेट वर्थ के मामले में पीछे छोड़ दिया है। हाल के दिनों में शेयर बाजार में अडाणी की कंपनियों के शेयरों की कीमतों में भारी उछाल के चलते उनकी संपत्ति में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जिससे वो एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। गौतम अडाणी की संपत्ति में हालिया उछाल के चलते वो अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उनकी संपत्ति 111 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जो मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ देती है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 109 बिलियन डॉलर है, जिसके कारण वो दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में 12वें स्थान पर खिसक गए हैं।



- बीते 24 घंटों में संपत्ति में देखने को मिला भारी उछाल

पिछले 24 घंटों में गौतम अडाणी की संपत्ति में भारी उछाल देखने को मिला है। उनकी संपत्ति में 5.45 बिलियन डॉलर यानी लगभग 45,000 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। संपत्ति में इस अचानक उछाल ने उन्हें 12वें से 11वें स्थान पर पहुंचा दिया है। गौर करने वाली बात ये है कि 2024 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपतियों में गौतम अदाणी शामिल हैं। 1 जनवरी 2024 से अब तक उनकी संपत्ति में 26.8 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, मुकेश अंबानी की संपत्ति में इस साल 12.7 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है।

# सेबी ने लगाई अफवाहें उड़ाने पर लगाम

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। सेबी के नए नियम के तहत, इस शनिवार से बाजार पूंजीकरण वाली टॉप 100 कंपनियों को मेनस्ट्रीम



टॉप 100 कंपनियों को 24 घंटे में सफाई देना जरूरी

मीडिया में बताई गई किसी भी बाजार अफवाह की पुष्टि या खंडन करना होगा। 1 दिसंबर से यह नियम टॉप 250 कंपनियों पर लागू होगा।

सेबी के इस नए नियम के तहत, इन कंपनियों को मेनस्ट्रीम मीडिया में आने वाली किसी खास घटना या जानकारी के बारे में 24 घंटे के अंदर सफाई देनी होगी। यह सफाई तब जरूरी होगी, जब खबर ऐसी हो कि जिससे लगता हो कि निवेशकों में किसी खास घटना होने की अफवाह फैल रही है। साथ ही, सेबी ने निवेशकों के लिए एक और नियम बनाया है। अब कंपनियों के किसी भी फैसले (जैसे बोनस शेयर जारी करना) के लिए औसत बाजार मूल्य निकालते समय शेयर की कीमतों में अचानक उछाल या गिरावट को नहीं गिना जाएगा। इससे सभी निवेशकों के साथ समानता बरती जा सकेगी। एक कॉर्पोरेट अनुपालन फर्म के संस्थापक, मकरंद एम जोशी ने कहा कि सेबी के इस कदम से गलत सूचनाओं का फैलाव कम होगा, जिससे कंपनियों के मूल्यांकन पर असर नहीं पड़ेगा।

# अडानी पोर्ट ने 30 साल के लिए लिया तंजानियां का बंदरगाह

**अहमदाबाद/अबू धाबी,** 1 जून (एजेंसियां)। अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के पूर्ण स्वामित्व की कंपनी अदानी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएच) ने तंजानिया में दार एस सलाम बंदरगाहर में कंटेनर टर्मिनल-2 के संचालन और प्रबंधन के लिए तंजानिया पोर्ट्स अथॉरिटी के साथ 30 साल के रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

अडानी पोर्ट्स की एक विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया कि दार एस सलाम पोर्ट एक गेटवे पोर्ट है, जिसमें सड़क और रेलवे का एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क है।

चार बर्थ वाले कंटेनर टर्मिनल 2 की वार्षिक माल लादने-उतारने की क्षमता 10 लाख कंटेन (20फुटे कंटेनर) है। इस टर्मिनल से 2023 में




8.2 लाख कंटेनरों की आवाजाही हुई थी जो तंजानिया में कुल कंटेनर की आवा-जाही का 83 प्रतिशत होने का अनुमान है।

ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईगल) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के संयुक्त उद्यम के रूप में गठित किया गया है। इसमें नियंत्रक शेयरधारिता एडीएसईजेड की होगी और कंपनी ईगल को अपने बहीखातों में जोड़ेगी।

ईएजीएल ने हचिसन पोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (और इसकी सहयोगी हचिसन पोर्ट इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड) और हार्बर्स इन्वेस्टमेंट लिमिटेड से तंजानिया इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल सर्विसेज लिमिटेड (टीआईसीटीएस) में 95 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए 3.95 करोड़ अमरीकी डॉलर के खरीद विचार के लिए एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

> दार एस सलाम पोर्ट एक गेटवे पोर्ट है, जिसमें सड़क व रेलवे का अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क है : करण अडानी

एपीएसईजेड के प्रबंध निदेशक करण अडानी ने कहा कि दार एस सलाम पोर्ट पर कंटेनर टर्मिनल 2 के लिए समझौता 2030 तक वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े बंदरगाह ऑपरेटरों में से एक बनने की एपीएसईजेड की महत्वाकांक्षा के अनुरूप है। हमें विश्वास है कि बंदरगाहों और रसद में हमारी विशेषज्ञता और नेटवर्क के साथ, हम अपने बंदरगाहों और पूर्वी अफ्रीका के बीच व्यापार की मात्रा और आर्थिक सहयोग बढ़ाने में सक्षम होंगे। हम दार एस सलाम पोर्ट को विश्व स्तरीय बंदरगाह में बदलने का प्रयास करेंगे।

# खेल जगत

## टी20 विश्वकप में खुल कर खेले भारत : गांगुली

**कोलकाता।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने आगामी टी20 विश्व कप मैचों की तैयारी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमता पर भरोसा जताया है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में आक्रामक दृष्टिकोण के महत्व पर जोर देते हुए गांगुली ने शनिवार को कहा कि हमें उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को खुलकर खेलने की सलाह दी और टी20 क्रिकेट में छक्के मारने के महत्व पर जोर दिया।

उन्हाने कहा कि जो टीम सबसे ज्यादा छक्के मारेगी वह जीतेगी। और भारत का हर बल्लेबाज लंबे छक्के मार सकता है। रोहित (शर्मा), विराट (कोहली), (ऋषभ) पंत, संजू (सैमसन), (शिवम) दुबे, (हार्दिक) ) पंड्या और जिस टीम में सूर्या (सूर्यकुमार यादव) हैं, क्या वे कमजोर पक्ष हो सकते हैं।



# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-0 से हराया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




**नई दिल्ली,** 1 जून (देशबन्धु)। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दूसरे क्वॉर्टर तथा सुखजीत सिंह व गुरजंट सिंह के तीसरे क्वॉर्टर के अंतिम चार मिनट में दागे एक-एक गोल की बदौलत भारत ने मौजूदा विश्व कप चैंपियन जर्मनी पर लंदन में एफआईएच

■ **हरमनप्रीत, सुखजीत और गुरजंत ने मैच में गोल किए, टीम अपना अगला मुकाबला ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी**

प्रो हॉकी लीग 2023-24 के ब्रिटेन और आखिरी चरण के पहले मैच में शनिवार 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। पहले क्वॉर्टर में दोनों ही टीमों के बीच जोरदार खेल देखने को मिला कोई भी टीम खाता खोलने में नाकाम रही। भारत की अग्रिम पंक्ति में सुखजीत सिंह और मनदीप ने गोल के कई अच्छे मौके जरूर बनाए लेकिन गोल नहीं कर वहीं गोलरक्षक पीआर श्रीजेश ने जर्मनी के इस दौरान जर्मनी को मिले सभी पेनल्टी कॉर्नर को बेहतरीन पूर्वानुमान लगा रोक कर बेकार कर दिया। अनुभवी श्रीजेश द्वारा कभी अर्जेंटीना के गोल करने के तुरुप के इक्के रहे पर पिछली विश्व कप से जर्मनी के लिए खेल रहे ड्रैग फ्लिकर गोंजालो पिलात के पेनल्टी कॉर्नर पर तेज फ्लिक को दाएं हाथ से रोक भारत को पहले क्वॉर्टर में पिछड़ने से बचाया। दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने लंदन के ली वैली स्टेडियम में दूसरे क्वॉर्टर के पहले ही मिनट में जर्मनी ने पेनल्टी कॉर्नर पर जर्मनी के गोलरक्षक अलेक्जेंडर स्टैडलर के बाएं से गेंद को फ्लिक कर गोल में भारत का खाता खोला। इसके बाद जर्मनी की कोशिश गेंद को अपने कब्जे में रखने की रही और खेल की रफ्तार कुछ धीमी पड़ गई। गोंजालो पिलात के एक और पेनल्टी कॉर्नर को भारत के गोलरक्षक श्रीजेश ने रोक जर्मनी को एक-एक की बराबरी पाने से रोक दिया। भारत ने हाफ टाइम तक 1-0 की बढ़त बरकरार रखी।

भारत के लिए तीसरा क्वॉर्टर अपनी बढ़त को बढ़ा अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम था। भारत की अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों ने तीसरे क्वॉर्टर में शुरू से गेंद को अपने कब्जे में रखने के साथ अपने तेज हमलों से जर्मनी के गोल पर बराबर दबाव बनाया। सुखजीत सिंह ने तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले अभिषेक द्वारा बाएं से मिले पास पर गेंद संभाली और जर्मनी के गोलरक्षक स्टैडलर को छका गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया, गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। तीन मिनट बाद गुरजंट सिंह ने जर्मनप्रीत के बेहतरीन पास खूबसूरत मैदानी गोल कर भारत को 3-0 से आगे कर मैच पर उसकी मजबूत पकड़ बना दी। जर्मनी ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन गोल उतारने में नाकाम रही क्योंकि भारत की रक्षापंक्ति ने बेहद मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी की।

# कुवैत के साथ भारत के मुकाबले में सुनील छेत्री पर रहेंगी निगाहें



**कोलकाता,** 1 जून (एजेंसियां)। भारत के कुवैत के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में सभी निगाहें स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री पर रहेंगी जो इस मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे। दोनों टीमों का एक वर्ष में यह चौथा मुकाबला होगा और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होगा। फीफा विश्व कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में जगह और एफसी एशिया कप सऊदी अरब 2027 में सीधी जगह इस मुकाबले में दांव पर होगी। चार मैचों के बाद एशियाई चैंपियन क़तर चार जीत के साथ टेबल टॉपर के रूप में अपनी जगह बुक कर चुका है। लेकिन तीन दावेदारों के बीच दूसरे और अंतिम स्थान के लिए मात्र एक अंक का फासला है जिससे काफी संभावनाएं खुली हुई हैं और इसका फैसला 6 तथा 11 जून को होने वाले अंतिम दो मैच दिनों से होगा। भारत की मार्च में अफगानिस्तान से हार के बावजूद, वे चार अंकों के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के भी चार अंक हैं लेकिन खराब गोल अंतर के कारण वह तीसरे स्थान पर है जबकि कुवैत तीन अंकों के साथ सबसे नीचे है। भारत का 6 जून को कोलकाता में कुवैत से मुकाबला होगा जिसके बाद वह 11 जून को क़तर से भिड़ने दोहा की यात्रा करेगा जबकि अफगानिस्तान 6 जून को क़तर की सऊदी अरब में मेजबानी करेगा और फिर 11 जून को कुवैत से भिड़ेगा। भारत के लिए 6 जून की जीत दूसरे स्थान पर उसकी स्थिति मजबूत करेगी और कुवैत को आधिकारिक रूप से बाहर कर देगी।

■ **भारत की मार्च में अफगानिस्तान से हार के बावजूद, वे चार अंकों के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं**

# खिताबी जीत के साथ हिंदुस्तान प्रीमियर लीग में

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के निर्णायक मुकाबलों में हिंदुस्तान फुटबाल क्लब ने शास्त्री एफसी को दो गोलों से परास्त कर लीग खिताब जीत लिया। उपविजेता के लिए खेले




गए मैच में नेशनल यूनाइटेड ने यूनाइटेड भारत को 1- 1 की बराबरी पर रोक कर दूसरा स्थान अर्जित किया। सुपर सिक्स में हिंदुस्तान, नेशनल यूनाइटेड और यूनाइटेड भारत क्रमश 12, 10, और 8 अंकों के साथ पहले तीन स्थानों पर रहे और तीनों टीमें प्रीमियर लीग में भाग लेने की पात्रता पा चुकी हैं। उत्तराखंड और दिल्ली टाइगर अंतिम दो स्थानों पर रही। नतीजन उन्हें ए डिवीजन में रेलिगेशन झेलना पड़ेगा। विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर फ्लड लाइट में खेले गए मैचों में चैंपियन हिंदुस्तान के लिए स्वरूप और रोनाल्ड सिंह ने गोल जमाए। यूनाइटेड भारत का गोल साणिक ने जबकि नेशनल के लिए सोराईसाम ने गोल किया।

# पांड्या और दुबे अलग-अलग भूमिका निभाएंगे : इरफान







**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा कि हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे

■ **हार्दिक पांड्या का आईपीएल 2024 अभियान बेहद खराब रहा था**

भारत के लिए टी20 विश्व कप 2024 में अलग-अलग भूमिका निभाएंगे। भारत की प्लेइंग-11 में हार्दिक पांड्या या दुबे को शामिल किए जाने पर बहस के बीच 2007 के विश्व कप विजेता इरफान पठान को लगता है कि दोनों को अपनी फिनिशिंग क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा, जिसमें हार्दिक पहली पसंद होंगे जबकि दुबे टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में योगदान देंगे। हार्दिक पांड्या का आईपीएल 2024 अभियान बेहद खराब रहा था। मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए हार्दिक ने केवल 216 रन बनाए थे। जबकि, दुबे ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 162.29 की स्ट्राइक रेट से तीन अर्द्धशतकों सहित 396 रन बनाए। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में कहा कि भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि अब उन्हें सुपर 8 से पहले फॉर्म में आने का मौका मिलेगा, क्योंकि हम पाकिस्तान के अलावा उन टीमों से खेलेंगे जो शीर्ष स्तर पर नहीं हैं। भारतीय टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ फिनिशिंग विकल्पों की बात करें तो, मुझे लगता है कि हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे अलग-अलग भूमिकाएं निभाएंगे। हार्दिक के पास खेल को खत्म करने के लिए एक निर्धारित भूमिका होगी, और शिवम दुबे एक फ्लोटर के रूप में खेलेंगे।

### पांड्या की बल्लेबाजी फॉर्म में गिरावट पर बात की

पांड्या ने 11 विकेट लिए, जिनमें से ज़्यादातर आईपीएल के आखिरी चरण में थे और टी-20 के शीर्ष पर अपनी गेंदबाज़ी फॉर्म को जारी रखने की कोशिश करेंगे। 39 वर्षीय पठान ने कहा कि आईपीएल के आखिरी चरण में उनकी गेंदबाज़ी फॉर्म से उनका बल्लेबाजी में आत्मविश्वासबढ़ेगा।पूर्व ऑलराउंडर ने कहाकि दूसरी बात, अगर वह गेंदबाज़ी कर रहे हैं, तो उन्हें आईपीएल के आखिरी चरण की तरह ही प्रदर्शन करना चाहिए। इससे उनकी बल्लेबाजी में भी मदद मिलेगी, क्योंकि वह मुख्य रूप से भारतीय टीम में गेंदबाज़ी ऑलराउंडर के बजाय बल्लेबाज़ी ऑलराउंडर के तौर पर खेलते हैं। हालांकि, यह दोनों तरह से काम करता है; अगर आप एक क्षेत्र में अच्छा करते हैं, तो यह दूसरे क्षेत्र में आपका आत्मविश्वास बढ़ाता है। मैंने एक ऑलराउंडर के तौर पर इसका अनुभव किया है। इसलिए, मुझे पूरा भरोसा है कि विश्व कप आने तक वह अपनी हिटिंग क्षमता से जुड़ी सभी समस्याओं को सुलझा लेंगे और टूर्नामेंट में अहम भूमिका निभाएंगे।

## सार संक्षेप

### सेमीफाइनल में थमा ट्रीसा-गायत्री का सफर

**सिंगापुर।** ट्रीसा जोली और गायत्री गोपीचंद का सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में सफर शनिवार को सेमीफाइनल में हार के साथ थम गया। भारतीय जोड़ी को नामी मत्सुयामा और चिहारु शिदा की जापानी जोड़ी के हाथों 21-23,11-21 से हार का सामना करना पड़ा। चौथी सीड जापानी जोड़ी ने इस जीत के साथ फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी इस मुकाबले में बड़ी उम्मीदों के साथ उतरी। ट्रीसा और गायत्री ने पहले दो अंक हासिल किये लेकिन विपक्षी जापानी जोड़ी ने सटीक वापसी करते हुए 8-2 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए और जापानी जोड़ी की कुछ गलतियों का फायदा उठाकर स्कोर 9-11 कर दिया। ट्रीसा और गायत्री ने स्कोर को 16-16 से बराबर कर दिया। पहले गेम में स्कोर 20-20 पर पहुंच गया लेकिन मत्सुयामा और शिदा ने 23-21 से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में कहानी उलट गई।

### भाटिया ने केनेडियन ओपन गोल्फ में कट पार किया

**हेमिल्टन।** अक्षय भाटिया ने लगातार दूसरा 69 का कार्ड खेला और केनेडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 30वें स्थान के साथ कट पार कर लिया। पीजीए टूर पर दो बार के विजेता भाटिया ने दूसरे राउंड में तीन बर्डी खेली और दो बोगी मारीं। भारतीय-अमेरिकी साहित थीगाला (74-71) कट पार करने से चूक गए जबकि आरोन राय (67-70) ने संयुक्त 21 वें स्थान के साथ कट पार कर लिया।स्कॉटलैंड के रोबर्ट मैकइंटायर ने पहले राउंड के 64 के कार्ड के बाद दूसरे राउंड में 66 का कार्ड खेलकर बढ़त बना ली लेकिन रयान फॉक्स (66-64) कुछ ही देर बाद उनके साथ बढ़त में शामिल हो गए। दो राउंड के बाद लीडर्स का स्कोर 10 अंडर 130 है। जोएल देहमैन 65 का कार्ड खेलकर दो शॉट पीछे तीसरे स्थान पर हैं। गत चैंपियन निक टेलर 72 और 71 के कार्ड के साथ कट पार करने से चूक गए।

### डीपी मनु ने ताइवान एथलेटिक्स ओपन 2024 में जीता स्वर्ण

**ताइपे (ताइवान)।** भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइवान एथलेटिक्स ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 81.58 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। मनु ने प्रतियोगिता की शुरुआत 78.32 मीटर के थ्रो से की, फिर तीसरे प्रयास में इसे बेहतर करते हुए 80.59 मीटर तक पहुंचाया। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले 12 प्रतियोगियों में भारतीय एथलीट एकमात्र विदेशी प्रतिभागी थे। अंतिम दौर में मनु चौथे थ्रो में असफल रहे, लेकिन अगले प्रयास में 81.52 मीटर तक पहुंच गए। छठे और अंतिम प्रयास में मनु ने अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 81.58 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया। चीनी ताइपे के चाओ त्सुन चेंग ने 76.21 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनके हमवतन चाओ-होंग हुआंग ने 71.24 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। मनु ने हाल ही में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने 82.27 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता।

# स्वियाटेक ने आसान जीत और चौथे दौर में प्रवेश के साथ मनाया जन्मदिन

**पेरिस,** 1 जून (एजेंसियां)। तीन बार की चैंपियन और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने आसान जीत और फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में प्रवेश के साथ अपने जन्मदिन का जश्न मनाया। स्वियाटेक ने चेक गणराज्य की मेरी बुज्कोवा को लगातार सेटों में 6-4, 6-2 से हराकर शुक्रवार को अपने जन्मदिन का जश्न मनाया। स्वियाटेक महिला वर्ग के चौथे दौर में पहुंचने वाली सातवीं खिलाड़ी बन गयी हैं। स्वियाटेक का चौथे दौर में एनस्तासिया पोटापोवा से मुकाबला होगा। पोटापोवा ने चीन की जिनयु वांग को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7(6), 6-4 से हराया। बुज्कोवा के साथ अपनी पहली भिड़ंत में स्वियाटेक ने चार बार विपक्षी खिलाड़ी की सर्विस ब्रेक की, बुज्कोवा से डबल विनर्स लगाए और आखिरी नौ में से सात गेम जीतकर मैच एक घंटे 33 मिनट में समाप्त कर दिया। पोलिश खिलाड़ी और दो बार की डिफेंडिंग फ्रेंच ओपन चैंपियन ने मैच को नियंत्रण में रखा, अपना 23वां जन्मदिन कोर्ट पर मनाया और लगातार छठे साल राउंड 16 में स्थान सुरक्षित किया। ट्यूनीशियाई स्टार ओन्स जाबौर ने भी कनाडा की लेयला फर्नांडीज के खिलाफ मुश्किल मुकाबले के बाद दूसरे सप्ताह में जगह बनाई। जाबौर ने तीसरे दौर के मुकाबले में 6-4, 7-6(5) से जीत दर्ज की। तीन बार की प्रमुख फाइनलिस्ट जाबौर का अगला मुकाबला रविवार को चौथे दौर में डेनमार्क की क्लारा टॉसन से होगा। अन्य मुकाबलों में, डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने पूर्व उपविजेता सोफिया केनिन को 6-2, 7-5 से हराकर पहली बार चौथे दौर में प्रवेश किया।

# ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श ओमान के खिलाफ नहीं करेंगे गेंदबाजी




**पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद),** 1 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से उन्हें फिट बताया जा रहा है लेकिन वह ओमान के खिलाफ बतौर ऑलराउंडर नहीं बल्कि बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे।भारत में आईपीएल खेलने के दौरान मार्श अप्रैल में हैमस्ट्रिंग की चोट का शिकार हो गए थे, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। टी20 विश्व कप 2024 के आगाज से पहले, इस सप्ताह की शुरुआत में हुए दो अभ्यास मुकाबलों में वह फिर से मैदान पर लौटे। दोनों ही मैचों में उन्होंने पूरी पारी में फील्डिंग नहीं की। हालांकि, एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की है कि मार्श 6 जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ मैच खेलेंगे, लेकिन केवल बल्लेबाज के रूप में। गेंदबाजी में उनकी वापसी अभी भी अनिश्चित है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने एंड्रयू मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा कि मिचेल के लिए, (वार्म-अप मैच) उनके शरीर की स्थिति को परखने के बारे में थे। उन्होंने अधिक ओवर फील्डिंग की, वह अधिक स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ पाए, इसलिए उन्होंने वहां थोड़ा आत्मविश्वास हासिल किया। ऐसा लग रहा है कि वह पहले मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दूसरा भाग तब होगा जब गेंदबाजी फिर से शुरू होगी...यह पहला गेम नहीं होगा। मार्श ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान के रूप में सेवानिवृत्त हुए आरोन फिंच की जगह ली। उन्होंने वार्म-अप मैचों में नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ क्रमशः 18 और 4 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के पास अपने दोनों अभ्यास मैचों के लिए खिलाड़ियों की कमी थी क्योंकि पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, मिचेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन ने इस सप्ताह की शुरुआत में आईपीएल फाइनल से लौटने के बाद कुछ समय घर पर बिताया। वे सभी बारबाडोस में टीम से जुड़ेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया की टीम-**

मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा।


**ट्रैवलिंग रिजर्व: जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मैथ्यू शॉर्ट।**

# विश्व शतरंज चैंपियशिप की मेजबानी के लिए तीन में से दो बोलियां भारत से

**चेन्नई,** 1 जून (एजेंसियां)। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ), तमिलनाडु सरकार और सिंगापुर शतरंज महासंघ ने विश्व शतरंज प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए अपनी बोलियां दी हैं। फिडे या अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। खिताबी मुकाबला भारतीय ग्रैंडमास्टर और युवा चैलेंजर डी गुकेश तथा मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के ग्रैंडमास्टर डिंग लिरेन के बीच होगा।

फिडे के सीईओ ग्रैंडमास्टर एमिल सुतोवस्की ने बताया कि चेन्नई (तमिलनाडु सरकार), अपने देश की सरकार से समर्थित सिंगापुर शतरंज महासंघ और एआईसीएफ ने अपनी बोलियां जमा कराई हैं। सुतोवस्की ने कहा कि तीनों पूरी तरह गंभीर हैं और फिडे मापदंडों को पूरा करते हैं। उनके अनुसार फिडे की परिषद अगले सप्ताह बैठक कर चर्चा करेगी। सुतोवस्की ने कहा कि सभी बोलियां मजबूत हैं। हमें उनकी ध्यान से समीक्षा करने के लिए और समय की जरूरत है । जून में इसका अंतिम फैसला हो जाएगा। बोली जमा कराने की अंतिम तारीख 31 मई को समाप्त हो गयी है। दिलचस्प बात यह है कि भारत से तमिलनाडु सरकार और एआईसीएफ द्वारा प्रतिस्पर्धी बोलियां लगाई जा रही हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या दोनों खिलाड़ियों की इच्छा है कि खेल स्थल के बारे में पता लगाया जाए, सुतोवस्की ने कहा कि हमने इस सवाल के साथ खिलाड़ियों से संपर्क नहीं किया है। कई तुलनीय बोलियां होने पर हम ऐसा कर सकते हैं।


# क्रिस वोक्स ने क्रिकेट से दूरी बनाने पर कहा, यह जीवन का सबसे मुश्किल क्षण



**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड और वरिकशायर के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स इन दिनों क्रिकेट से दूर हैं। अपनी अनुपस्थिति के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अपने पिता की मृत्यु से काफी दुखी हैं। क्रिस वोक्स के पिता का निधन मई की शुरुआत में हो गया था। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में 35 वर्षीय खिलाड़ी ने बताया कि पिछला महीना उनके जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण समय रहा, जिसके कारण उन्हें क्रिकेट से भी ब्रेक लेना पड़ा। इंग्लैंड के क्रिकेट सेटअप में सभी प्रारूपों में 200 से अधिक मैच खेलने वाले वोक्स इस सीजन में वरिकशायर का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए भी उन्होंने नहीं खेलने का फैसला किया। टी-20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में भी वोक्स का नाम नहीं है, ऐसे में उनका ब्रेक और लंबा हो सकता है। एक दिल को छू लेने वाले पोस्ट में क्रिस वोक्स ने बताया कि वे इस दुख के समय में अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। क्रिस वोक्स ने लिखा, पिछला महीना मेरे जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण महीना रहा है। दुर्भाग्य से, मेरे पिताजी का मई की शुरुआत में निधन हो गया। वोक्स ने इस मुश्किल दौर में अपने परिवार के साथ समय बिताने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, हम सभी स्पष्ट रूप से शोक मना रहे हैं और निस्संदेह अपने जीवन के सबसे कठिन क्षणों से गुजरने की कोशिश कर रहे हैं। वोक्स ने कहा कि वह सही समय पर क्रिकेट में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे लिखा, जब मेरे और मेरे परिवार के लिए सही समय आएगा, तो मैं वरिकशायर के लिए क्रिकेट खेलूंगा, जिसे मेरे पिताजी बहुत प्यार करते थे।

■ **इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में 35 वर्षीय खिलाड़ी ने बताया कि पिछला महीना उनके जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण समय रहा**

# फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में पहुंचे कार्लोस अल्कराज



**पेरिस,** 1 जून (एजेंसियां)। दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज ने सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर लगातार तीसरे साल फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश किया। इस साल पहली बार रौलां गैरो में नाइट सेशन के लिए खेल रहे विंबलडन के मौजूदा चैंपियन ने 27वें सीड के अमेरिकी खिलाड़ी को 6-4, 7-6 (7-5), 6-3 से हराया और फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में जगह बनाई। अब उनका सामना दूसरे अमेरिकी 15वें सीड बेन शेल्टन और कनाडा के 21वें सीड फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के बीच होने वाले विजेता से होगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, जब ऑगर-अलियासिमे पहले सेट में 5-4 से आगे थे, तब बारिश के कारण मैच बाधित हो गया। इक्कीस वर्षीय अल्कराज पिछले साल पेरिस में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे, जहां उन्हें नोवाक जोकोविच के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। मुकाबले के बाद अल्कराज़ ने कहा कि यह वास्तव में एक अच्छा मैच था। मुझे लगता है कि मैंने पिछले मैच की तुलना में अच्छा खेला। यह कुछ ऐसा था जो मैं चाहता था। मैंने अपना नेचुरल गेम खेला जिसमें मुझे कामयाबी मिली। गैर-वरीयता प्राप्त इटली के माटेओ अर्नाल्डी ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए छठी वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव को हराकर पहली बार रौलां गैरो में राउंड ऑफ़ 16 में प्रवेश किया।